




खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र








Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 17 फरवरी, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-7 । अंक-47


# पीएम मोदी ने टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक नौ लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

## भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है तो उसमें भी हमारे टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की प्रगति में टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका के महत्व को रेखांकित करते हुए रविवार को इस उद्योग के सामने टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक तीन गुना करके नौ लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा और उम्मीद जतायी की यह लक्ष्य उससे पहले हासिल कर लिया जाएगा।

श्री मोदी राजधानी के भारत मंडपम में कपड़ा क्षेत्र की विशाल प्रदर्शनी 'भारत टेक्स्ट 2025' का भ्रमण करने के बाद वहां उपस्थित भागीदारों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,भारत अतीत में जब समृद्ध था तो उसमें देश के वस्त्र उद्योग का बड़ा योगदान था, आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है तो उसमें भी हमारे टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है।

श्री मोदी ने कहा,हम दुनिया के छठे सबसे बड़े टेक्सटाइल और एपैरल एक्सपोर्टर हैं। हमारा टेक्सटाइल निर्यात तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक हम इसे नौ लाख करोड़ रुपए तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज उद्यमियों के उत्साह से यह जान पड़ता है कि 'आप यह लक्ष्य समय से पहले ही हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में टेक्सटाइल उद्योग का योगदान इस समय 11 प्रतिशत है तथा सरकार के प्रयासों के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दो गुना हुआ है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा उद्योग की कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए भी कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में देश में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और सूक्ष्म लघु और मझोले उद्यमों की परिभाषा बदलने कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा होगा जो रोजगार का एक बड़ा स्रोत है।

श्री मोदी ने देश में सूती कपड़ा उद्योग के प्रोत्साहन के लिए बजट में कपास मिशन और सरकार की 5एफ (खेत से लेकर विदेशी बाजार तक की मूल्य श्रृंखाला को प्रोत्साहित करने की) पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पिछले साल मैंने टेक्सटाइल इंडस्ट्री में फार्म,फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन जैसे 5एफ फैक्टर्स की बात की थी.. यह विजन अब भारत के लिए एक मिशन बनता जा रहा है। उन्होंने टेक्सटाइल क्षेत्र को कचरा कम से कम सृजित करने , पुनर्चक्रण और फैशन में बदलवा के कारण दुनिया भर में हर महीने फेंके जाने वाले कपड़ों का प्रयोग कर नयी-नयी चीजें बनाने के अवसर की संभावनाओं के दोहन ▶10पर

# हिंदू राष्ट्र खत्म करने में अमेरिकी फंडिंग

## नेपाल के सांसद ने की जांच की मांग



**काठमांडू,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
नेपाल को संवैधानिक हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म करके धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित करने के पीछे अमेरिकी फंडिंग की जांच करने की मांग राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद ने रविवार को सदन के भीतर की है। नेपाल को हिन्दू राष्ट्र खत्म करने और धर्मांतरण के लिए 100 मिलियन डॉलर की अमेरिकी फंडिंग होने का दावा किया गया है। प्रतिनिधि सभा में रविवार को शून्य समय में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद धवल शमशेर राणा ने नेपाल के संवैधानिक हिंदू राष्ट्र के दर्जे को समाप्त कर धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करने और धर्मांतरण के लिए अब तक 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का आरोप लगाया।

उन्होंने इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठन करने की मांग की है। सांसद राणा ने कहा कि अमेरिकी फंडिंग का पैसा किस-किस नेता को मिला, इसकी सच्चाई देश और दुनिया के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेपाल में हुए जनांदोलन में कभी भी हिन्दू राष्ट्र को समाप्त करके धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करने की मांग नहीं उठी थी। सांसद राणा ने यह भी कहा कि देश में राजतंत्र की समाप्ति के बाद कुछ प्रमुख दलों के दर्जन भर नेताओं ने अंतरिम संविधान की घोषणा की थी, जिसमें नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित कर दिया गया था।

सांसद राणा ने सरकार से इसकी न्यायिक जांच कराकर दोषियों को सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नेपाल की पहचान विश्व के एकमात्र हिंदू राष्ट्र के रूप रही है। इसलिए धर्मनिरपेक्षता को खारिज करके फिर से हिंदू राष्ट्र की घोषणा संसद से किए जाने की मांग भी की है ।

# लालच लेकर जबरन ईसाई बनाने का आरोप

### तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा से आये प्रचारकों को पुलिस ने हिरासत में लिया



**बीकानेर,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
ईसाई मिशनरियां जबरन कन्वर्जन की अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही हैं। ताजा मामला बीकानेर के मुक्ता प्रसाद थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने एक घर में दबिश देकर ईसाई प्रचारकों को हिरासत में लिया है, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। हिंदू संगठन भी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार बंगलानगर क्षेत्र में एक घर के अंदर प्रार्थना सभा के नाम पर कन्वर्जन की कोशिश की जा रही थी। हिंदू संगठनों को यह बात पता चली तो वे मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस प्रचारकों को थाने लेकर गई। पता चला कि वे तमिलनाडु, पुडुचेरी और गोवा से बीकानेर आए हैं।

जिस घर में यह गतिविधि चल रही थी, वह मकान किराए पर लिया गया था। घर में पुरुष, महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। कुछ लोग असाध्य रोगों से पीड़ित थे। विश्व हिंदू परिषद और हिंदू जागरण मंच के ▶10पर

### महाराष्ट्र-दिध्रू के बाद ममता के किले की फतह की तैयारी

# एक्टिव हुआ संघ, मोहन भागवत ने संभाली हिंदूओं को जगाने की कमान



**बर्धमान,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत अपने बेबाक बयानों के लिए पूरे देश में चर्चित हैं । महाराष्ट्र-दिल्ली के विधानसभा चुनाव में आरए-सएस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिसकी बदौलत दोनों राज्यों में भाजपा ने वापसी की थी। अब मोहन भागवत और आरएसएस की निगाहें पश्चिम बंगाल पर है। यहां पर एक रैली को संबोधित करते हुए प्रमुख ने विविधता में एकता पर जोर दिया और कहा हमें हिंदू समाज को एकजुट और संगठित करने की जरूरत है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया की विविधता को अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि हिंदू समाज का मानना है कि एकता में ही विविधता समाहित है। बर्धमान के साई ग्राउंड में आरएसएस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि हिंदू समाज में एकता की जरूरत है और अच्छे समय में भी चुनौतियां बनी रहेंगी। उन्होंने कहा, हमें हिंदू समाज को एकजुट और संगठित करने की जरूरत है।समस्याओं की प्रकृति क्या है इसके बजाए यह महत्व रखता है कि हम उनका सामना करने के लिए कितने तैयार हैं।

बता दें कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने पहले रैली आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय से मंजूरी मिलने के बाद रैली आयोजित की जा रही है। भागवत ने कहा कि देश का निर्माण अंग्रेजों ने नहीं किया था। ▶10पर

# कौन बनेगा दिल्ली का मुख्यमंत्री ?

## आज भाजपा विधायक दल की बैठक में होगा फैसला




**नई दिल्ली,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
दिल्ली भाजपा के विधायक दल की बैठक सोमवार 17 फरवरी को हो सकती है। यह बैठक दिल्ली भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर तीन बजे के करीब हो सकती है। इस बैठक में पार्टी के जीते हुए विधायकों से मुख्यमंत्री पद के लिए उनकी राय पूछी जा सकती है। संभव है कि विधायकों की बैठक में पार्टी के आलाकमान द्वारा तय किए गए चेहरे पर सर्वानुमति बनाने की कोशिश की जाए। इसके बाद में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का नाम सामने आ सकता है। इसके पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा के सभी महामंत्रियों से बैठक कर दिल्ली के नए चेहरे के बारे में बातचीत की थी। माना जाता है कि इस बैठक में सभी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए इस बात पर विचार किया गया था कि दिल्ली की कमान किसके ▶10पर

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सीढ़ी पर एक यात्री के फिसलने से हुई दुर्घटना : रेलवे



**नई दिल्ली,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात दुर्घटना का कारण फुटओवर ब्रिज की प्लेटफॉर्म नंबर 14 एवं 15 को उतरने वाली सीढ़ी पर एक यात्री का असावधानी वश फिसलना और उसके पीछे कई यात्रियों का चपेट में आना था।

उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता ने आज सुबह यहां यह जानकारी दी और यह भी कहा कि कल रात भगदड़ की घटना के प्रभावित लोगों के लिए रेलवे द्वारा मुआवजा राशि वितरित की जा रही है।प्रवक्ता के अनुसार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई-ढाई लाख रूपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक-एक लाख का मुआ-वजा दिया जा रहा है। दुर्घटना की वजह के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि जिस समय एक दुखद घटना घटित हुई उस समय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर पटना की ओर जाने वाली मगध एक्सप्रेस और प्लेटफॉर्म नंबर 15 पर जम्मू की तरफ जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी थी। इस दौरान फुटओवर ब्रिज से 14 नंबर और 15 नंबर प्लेटफॉर्म की तरफ आने वाली सीढ़ियों पर एक यात्री के फिसल कर गिरने से उनके पीछे के कई यात्री इसकी चपेट में आ गए और यह दुखद घटना घटित हुई। इस हादसे की उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा जांच की जा रही है।

हालांकि रेलवे के प्रवक्ता ने हताहतों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इस बारे में आग्रह पूर्वक पूछने पर कहा कि पूरी घटना की आधिकारिक एवं विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। रात में मीडिया रिपोर्टों में इस दुर्घटना में लोगों की मौत होने की बात कही गई जिनकी संख्या अलग अलग बताई गई थी। लेकिन कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं बताया गया। अपुष्ट रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 18 तक बताई गई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य नेताओं ने दुर्घटना पर गहरा दुख और हताहतों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से परेशान। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने ▶10पर

## भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

**नयी दिल्ली,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जबकि अन्य 12 लोग घायल हुए हैं। एक अस्पताल के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी रविवार दी। एलएनजेपी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मृतकों में पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल हैं।अधिकारी ने बताया, मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गयी है। इसमें पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल हैं। अन्य 12 लोगों को चोटें आई हैं।

रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5-2.5 लाख रुपये तथा मामूली रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। ▶10पर

## भगदड़ की जांच के लिए दो सदस्यीय पैनल गठित, उच्च स्तरीय जांच शुरू

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। रेलवे ने रविवार को कहा कि समिति में उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) नरसिंह देव और इसके प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी) पंकज गंगवार शामिल हैं। रेलवे ने कहा कि समिति ने घटना की उच्च स्तरीय जांच (एचएजी) शुरू की है। जांच के हिस्से के रूप में, समिति ने जांच में सहायता के लिए रेलवे स्टेशन से सभी वीडियो फुटेज हासिल करने का आदेश दिया है।

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 33°
न्यूनतम : 22°

# एलन मस्क के DOGE ने रद्द की भारत में 21 मिलियन डॉलर की मतदाता फंडिंग

## अमित मालवीय बोले-इससे किसे फायदा होने वाला था?



**वाशिंगटन,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद कई तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) भारत में वोटर टर्नआउट के लिए निर्धारित 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग को रद्द कर दिया है। ये वो फंडिंग है, जिसका इस्तेमाल भारत के चुनावों में किया जाना था। डीओजीई एलन मस्क के नेतृत्व वाला विभाग है, जो कि तमाम तरह की फंडिंग पर नजर रखता है। 21 मिलियन की फंडिंग को खत्म करने के बाद विभाग ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ये पैसे अमेरिकी टैक्सपेयर्स के हैं, जिन्हें अलग-अलग मदों के लिए खर्च करने थे, लेकिन इन सभी को रद्द कर दिया गया है। इस खुलासे के बाद सियासी जगत में हड़कंप सा मच गया है। भाजपा की आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय हैरानी जताई है। उन्होंने कहा एक्स के जरिए कहा, मतदाता मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर? निश्चित तौर पर ये भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप है। इससे किसे लाभ हो सकता है? निश्चित तौर पर सत्तारूढ़ दल को तो नहीं होने वाला।एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग की ओर से 723 मिलियन डॉलर की कटौती की घोषणा कर रखी है। ▶10पर

# 'हाथ-पैर बांध दिए थे, दूर भेजने पर होता हैं पछतावा'

## अमेरिका से निर्वासित भारतीयों के परिजनों ने सुनाई अपनी आपबीती



**नई दिल्ली,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
अमेरिका से 116 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार (15 फरवरी, 2025) देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इसी के साथ इन लोगों का अमेरिका में बेहतर भविष्य बनाने का सपना भी टूट गया।

अमेरिका में बेहतर भविष्य के सपने लिए ये लोग पहाड़ियों, जंगलों और समुद्र के खतरनाक रास्तों से गुजरते हुए गए थे, लेकिन सीमा पर ही पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया था। इसके बाद अब इन लोगों को अमेरिका से निष्कासित कर दिया गया। भारत आने के बाद इन युवकों ने अपनी आपबीती बताई है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नवांकोट के रहने वाले मंगल सिंह थिंड अपने पोते जसनूर सिंह को लेने एयरपोर्ट आए थे। इस दौरान उन्होंने बताया, एजेंट ने हमें बताया कि हमारे बच्चे को सीधे अमेरिका ले जाया जाएगा, लेकिन उसे कोलंबिया ले जाया गया और 3।5 महीने तक वहीं रहने को कहा गया, फिर जहाज से पनामा ले जाया गया, जहां उसे घने जंगलों को पार करना पड़ा। वह हमसे रोजाना दो बार बात करता था। हमने उसे चोट में और थके हुए देखा है। उसे दूर भेजने पर पछतावा हो रहा है।

फिरोजपुर के रहने वाले सौरव ने बताया कि पहाड़ी इलाके से अमेरिका में घुसने ▶10पर






# रूस के खिलाफ मैदान-ए-जंग में उतरेगी यूरोप की सेना

**कीव, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने की डोनाल्ड ट्रंप की कोशिश किस रास्ते पर जाएगी यह कहना थोड़ा मुश्किल लग रहा है क्योंकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यूरोप की सेना बनाने के बारे में बात की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को झूठा-कमजोर कहा. दिलचस्प तो यह है कि 47 वर्षीय यूक्रेनी नेता ने जब अपने यूरोपीय सेना के सपने को जिक्र किया, तो उन्होंने इसमें अमेरिकी भागीदारी को कोई जिक्र नहीं था। यह तब आया है जब डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन से युद्ध को जल्दी समाप्त करने के लिए तरीका

**बिना यूक्रेन की सेना के यूरोप की सेना रूस को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं होगी**

खोजने का निवेदन किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही ज़ेलेंस्की और पुतिन दोनों के साथ फोन पर बातचीत की है, जिसमें तीनों शांति समझौते पर सहमत होने की कोशिश कर रहे हैं।

तानाशाह पुतिन से उम्मीद की जा रही है कि जब वह अंततः ट्रंप से यूक्रेन शांति वार्ता के लिए मिलेंगे तो वह कई पागल मांगें करेंगे। ज़ेलेंस्की ने कहा है कि वह किसी भी शांति समझौते को तब तक स्वीकार नहीं करेंगे जब तक उनके देश को सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती। जर्मनी में ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नई योजना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि कई नेताओं ने यूरोप के बारे में बात की है और कहा है कि उसे अपनी खुद की सेना की जरूरत है, एक यूरोप की सेना और मुझे लगता है कि समय आ गया है।

यूरोप की सशस्त्र सेनाओं का निर्माण किया जाना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि बिना यूक्रेन की सेना के यूरोप की सेना रूस को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। केवल हमारी सेना के पास यूरोप में असली, आधुनिक युद्ध का अनुभव है, लेकिन हमारी सेना भी अकेले पर्याप्त नहीं है।

हमें आपकी मदद की जरूरत है - हथियार, ट्रेनिंग, प्रतिबंध, पैसों की मदद, राजनीतिक दबाव और एकता। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप को नाटो से अलग एक ऐसी सेना बनाने पर विचार करना चाहिए ताकि अगर अमेरिका यूरोप को किसी मुद्दे पर ना कह दे जो उसे खतरे में डाल सकता है। उन्होंने कहा कि तीन साल की लड़ाई के बाद, यूक्रेन ने एक यूरोपीय सेना की नींव तैयार कर ली है और अब इस पर काम करना चाहिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चीनी मूल का अमेरिकी नागरिक हजारों डॉलर और कई मोबाइल फोन के साथ काठमांडू हवाईअड्डे से गिरफ्तार



**काठमांडू।** काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर बीती रात सुरक्षाकर्मियों ने एक चीनी मूल के अमेरिकन पासपोर्टधारी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 12 हजार रुपए अमेरिकी डॉलर के अलावा कई मोबाइल फोन और दर्जनों सिमकार्ड भी बरामद हुआ। शनिवार देर शाम काठमांडू हवाईअड्डे पर सिक्योरिटी चेक के दौरान चीनी मूल के अमेरिकी नागरिक नी यान के हैंड बिग से अवैध अमेरिकी डॉलर बरामद किया गया। नेपाल पुलिस के एसएसपी और हवाईअड्डा सुरक्षा बल के प्रमुख कृष्ण शर्मा पोखरेल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के पास से 12 हजार अमेरिकी डॉलर मिला है जिसके स्रोत के बारे में वो कुछ भी नहीं बता पा रहा है। एसएसपी पोखरेल ने यह भी बताया कि नी यान के पास अमेरिकी डॉलर के अलावा 20 आईफोन और विभिन्न देशों के 25 सिमकार्ड भी बरामद हुए। पुलिस ने यह भी बताया कि इनमें से किसी के भी बारे में गिरफ्तार व्यक्ति कुछ भी नहीं बता रहा है।

### अक्षरधाम मंदिर न्यू जर्सी पहले साल पहुंचे 25 लाख श्रद्धालु, अक्षरधाम ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दिया



**ट्रेन्टन।** बर्फ की चादर में सजा अक्षरधाम मंदिर न्यू जर्सी में पहले साल 2.5 मिलियन (25 लाख) से अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटक पहुंचे। यह इसका वैश्विक आकर्षण और आध्यात्मिक महत्व दर्शाता है। भगवान स्वामीनारायण की स्वर्णिम मूर्ति सफेद आभा के बीच दिव्यता की चमक बिखेरती है, जबकि संगमरमर से अलंकृत शिखर और भव्य नक्काशीदार स्तंभ इस आध्यात्मिक धरोहर की भव्यता को दर्शाते हैं। यह मंदिर न केवल एक स्थापत्य चमत्कार है, बल्कि शांति, भक्ति और आत्मचिंतन का दुर्लभ अनुभव प्रदान करता है। अक्षरधाम के निर्माण ने न्यू जर्सी को वैश्विक आध्यात्मिक मानचित्र पर स्थापित कर दिया है। यह मंदिर हिंदू संस्कृति और भारतीय कला का भव्य प्रतीक बनकर उभरा है, जो स्थानीय समुदाय, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को समान रूप से आकर्षित करता है। इसके निर्माण से न केवल भारतीय मूल के प्रवासियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का एक पवित्र स्थान मिला, बल्कि यह न्यू जर्सी के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को भी समृद्ध कर रहा है। इसके अलावा अक्षरधाम ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दिया है क्योंकि यह हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन, व्यवसाय और सामुदायिक विकास को नई गति मिली है। बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था द्वारा निर्मित, यह मंदिर हिंदू संस्कृति की समृद्ध परंपरा को संजोए हुए है। अक्षरधाम न्यू जर्सी विश्वभर के श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा और शुद्धता का प्रतीक बना हुआ है, जहां सर्दियों की इस दिव्य छटा में भक्ति और आध्यात्मिकता का अदभुत संगम देखने को मिल रहा है।

### अमेरिका की जमीन तक पहुंचने वाली मिसाइल बना रहा तानाशाह किम



**सोल।** उत्तर कोरिया जल्द ही अमेरिका की जमीन तक पहुंचने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) का निर्माण शुरू कर सकता है। अमेरिका के शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि उत्तर कोरिया पूरे उत्तरी अमेरिका में अपने लक्ष्यों पर परमाणु बम गिरा सकता है। गिलोट अमेरिकी उत्तरी कमान और उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान के प्रमुख हैं। गिलोट ने पिछले अक्टूबर में ह्वासोंग-19 (एचएस-19) आईसीबीएम के शुरुआती उड़ान परीक्षण का विवरण दिया। इसके बारे में विश्लेषकों का मानना है कि यह अधिक लम्बे समय तक और ज्यादा ऊंचाई पर उड़ान भर सकती है। डोनाल्ड्र ट्रंप पिछली बार प्योंयांग को लेकर काफी सकारात्मक बातें कर चुके हैं। ट्रंप ने 23 जनवरी को कहा कि वे किम जोंग उन से संपर्क करेंगे। उन्होंने उत्तर कोरियाई नेता को स्मार्ट शख्स बताया जिनसे वह तीन बार पहले मिल चुके हैं।

# अमेरिका में ट्रंप और मस्क की बढ़ी मुश्किलें एक दर्जन से अधिक राज्यों ने किया केस

**वॉशिंगटन, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख एलन मस्क की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वॉशिंगटन डीसी में संघीय अदालत में गुरुवार को दायर की गई शिकायत में कहा गया है, सरकार को उसके कर्मचारियों से वंचित करने और एक कलम या माउस के एक क्लिक से पूरे विभागों को खत्म करने की मस्क की असीमित और अनियंत्रित शक्ति, इस देश की स्वतंत्रता जीतने वालों के लिए चौंकाने वाली रही होगी। इस मामले में अमेरिका के 14 राज्यों ने ट्रंप और मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, जिसमें नए सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के रूप में एलन मस्क की भूमिका को चुनौती दी गई है। कोर्ट में केस करके आरोप लगाया गया है कि मस्क की नियुक्ति अमेरिकी संविधान का उल्लंघन है।

न्यू मैक्सिको राज्य के नेतृत्व में दायर मुकदमे में तर्क दिया गया है कि संविधान के नियुक्ति संबंधी खण्ड के अनुसार मस्क जैसे महत्वपूर्ण और व्यापक प्राधिकार वाले व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप से नामित किया जाना चाहिए और अमेरिकी सीनेट द्वारा उसकी पुष्टि की जानी चाहिए। न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज और एरिजोना, मिशिगन, मैरीलैंड, मिनेसोटा, कैलिफोर्निया, नेवादा, वर्मोंट, कनेक्टिकट, रोड आइलैंड, मैसाचुसेट्स, ओरेगन, वॉशिंगटन और हवाई के अधिकारियों द्वारा दायर मुकदमे में कहा गया है, लोकतंत्र के लिए इससे बड़ा कोई खतरा नहीं है कि राज्य की शक्ति एक अकेले, अनिर्वाचित व्यक्ति के हाथों में जमा हो जाए। हालांकि हमारी संवैधानिक प्रणाली 18वीं सदी के राजा के दुरुपयोग को रोकने के लिए बनाई गई थी, लेकिन 21वीं सदी के तकनीकी दिग्गज के हाथों में अनियंत्रित शक्ति के साधन कम खतरनाक नहीं हैं। 14 राज्यों में से दो का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं।

इसके अलावा, अलग से 26 वर्तमान और पूर्व यूएसएआईडी कर्मचारियों और ठेकेदारों ने गुरुवार को मस्क के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया, जिसमें वही संवैधानिक दावा किया गया है। मैरीलैंड में संघीय अदालत में दायर किए गए इस मुकदमे में न्यायाधीश से मस्क और डीओजीई के किसी भी अधीनस्थ को बजट में कटौती करने वाले काम को जारी रखने से रोकने के लिए कहा गया है, जब तक कि मस्क को ट्रंप द्वारा आधिकारिक पद के लिए नामित नहीं किया जाता है और सीनेट द्वारा पुष्टि नहीं की जाती है। मुकदमे में कहा गया है कि उनके कार्यकारी अधिकार का दायरा और पहुंच अमेरिकी इतिहास में अभूतपूर्व प्रतीत होती है।




## पीएम मोदी से मुलाकात के कारण एलन मस्क की मां बेहद खुश हुई



**वाशिंगटन।** पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के बीच हुई मुलाकात को लेकर मस्क की मां बेहद खुश हैं। उन्होंने इस मुलाकात से संबंधित दो पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर की। मेय मस्क ने पीएम मोदी और अपने बेटे एलन मस्क की मुलाकात से संबंधित एक पोस्ट को कोट करते हुए लिखा, अपने पोते-पोतियों से बहुत प्यार करती हूं। पोस्ट के अंत में तीन दिल वाले इमोजी भी जोड़े। इसके बाद मेय मस्क ने एक और पोस्ट शेयर किया, जिसमें एलन मस्क और पीएम मोदी की मुलाकात से जुड़े एक वीडियो थे। यह वीडियो सॉयर मेरिट नामक ट्विटर यूज़र द्वारा साझा की गई थी, जिसमें एलन मस्क ब्लेयर हाउस में पीएम मोदी से मिलने के लिए प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे थे। मस्क के साथ उनकी गर्लफ्रेंड और तीन बच्चे भी थे। पोस्ट में लिखा था, एलन मस्क प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए पहुंचे।एलन मस्क से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने लिखा, यह एक खुशी की बात थी कि मैंने एलन मस्क के परिवार से मुलाकात की और कई विषयों पर चर्चा की! वहीं पीएम मोदी के ट्वीट को शेयर करते हुए एलन मस्क ने लिखा, मुलाकात करना सम्मान की बात थी।विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि पीएम मोदी और एलन मस्क ने भारतीय और अमेरिकी संस्थाओं के बीच सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की, जिसमें नवाचार, अंतरिक्ष अन्वेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सतत विकास के साथ-साथ उद्यमिता और अच्छे शासन पर भी विचार किया गया।

# क्या सच में दुनिया में वैम्पायर थे, इस संदिग्ध कंकाल के कारण उठे सवाल



**लंदन, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

वैम्पायर की कहानियां भले ही हॉलीवुड फिल्मों तक सीमित लगती हों, लेकिन इतिहास में कई बार इसतरह के दावे किए गए हैं कि लोग कभी इन्हें सच मानते थे। अब क्रोएशिया के एक मध्ययुगीन किले में एक संदिग्ध वैम्पायर का कंकाल मिला है, इस कंकाल को अनोखे तरीके से दफनाया गया था।

पुरातत्वविदों ने क्रोएशिया के राचेसा किले में एक 15वीं शताब्दी के कंकाल को खोजा, इसका सिर धड़ से अलग कर दूर रखा गया था और शरीर को उल्टा दफन किया गया था। इसके बाद शोधकर्ताओं का मानना है कि ऐसा करने का कारण यह था कि लोग इस शख्स को वैम्पायर मानते थे और डरते थे कि वह दुबारा जिंदा न हो जाए। मुख्य शोधकर्ता के मुताबिक, शव को सामान्य तरीके से नहीं दफनाया था, बल्कि किसी ने जानबूझकर शव के साथ छेड़छाड़ की थी। शव के सिर को धड़ से 30 सेंटीमीटर दूर रखा गया था, पैरों के बीच एक बड़ी ईंट रखी गई थी, और सिर के नीचे एक भारी पत्थर रखा गया था।

### क्या सच में वैम्पायर था

शोधकर्ता का कहना है कि क्रोएशिया जैसे देशों में लोगों का वैम्पायर पर गहरा भरोसा था। बताते हैं कि 1656 में मरने वाले जुरे ग्रांडो अलिलोविच को वैम्पायर माना गया था। पुराने समय में जिन लोगों को संदेहास्पद माना जाता था, उन्हें मारकर उनके शव को क्षत-विक्षत किया जाता था ताकि वे फिर से जीवित न हो सकें। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह शख्स संभवतः एक सैनिक या शूरवीर हो सकता है। उसके शरीर पर तीन गंभीर चोटों के निशान हैं, जिसमें से एक बहुत बड़े ब्लेड से लगी थी, जिससे उसका चेहरा विकृत हो गया था। शायद इसी कारण लोग इस शख्स को वैम्पायर समझने लगे।

### वैज्ञानिकों का निष्कर्ष

वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया कि यह शव किसी इंसान का ही है, लेकिन उस समय के अंधविश्वासों के कारण उसे वैम्पायर मान लिया गया और मौत के बाद भी उसके शव के साथ क्रूरता की गई। यह खोज इतिहास में वैम्पायर जैसी मान्यताओं को समझने में मदद करती है।

## विरोध प्रदर्शन



लेबनान में बेरुत हवाई अड्डे के पास हिज्बुल्ला समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के दैरान एक महिला आंसू गैस छोड़े जाने का विरोध करती हुई।

# भयंकर बेइज्जती, 48 घंटों में करीब 12 देशों ने 131 पाकिस्तानियों को बाहर का रास्ता दिखाया

**करांची, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान ने दुनिया में अपनी ऐसी छवि बनाई है कि हर जगह से पाकिस्तानी नागरिकों को खदेड़ा जा रहा है। पिछले 48 घंटों में करीब 131 पाकिस्तानियों को 12 देशों से विभिन्न कारणों से निर्वासित किया गया है। इसमें अधिकतर वे लोग शामिल हैं, जो नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों में पकड़े गए थे और अवैध प्रवेश और नौकरी छोड़ने के बाद भी अवैध रूप से निवासरत थे।




इमिग्रेशन अधिकारियों के अनुसार, सऊदी अरब ने नशीली दवाओं की तस्करी और बिना सूचना के नौकरी छोड़ने के लिए 74 पाकिस्तानियों को निर्वासित किया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी अवैध प्रवेश, चोरी और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के आरोप में कई पाकिस्तानियों को निष्कासित किया। उसमें से एक व्यक्ति को यूएई पहुंचने पर प्रवेश की अनुमति देने से इंकार कर दिया और तुरंत पाकिस्तान डिपोर्ट कर दिया गया। एक अन्य व्यक्ति को कथित तौर पर आत्महत्या करने का प्रयास करने के लिए यूएई से निर्वासित किया गया। इसके अतिरिक्त, कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को ओमान, कंबोडिया, बहरीन, अजरबैजान, इराक और मैक्सिको से निर्वासित किया गया। एक अलग घटना में, मानव तस्करी के आरोपी दो व्यक्तियों को मॉरिटानिया और सेनेगल से निर्वासित किया गया।

निर्वासित व्यक्तियों में से 16 को पाकिस्तान की फेडरल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) के मानव तस्करी निरोधक सर्कल की हिरासत में भेज दिया गया, जबकि छह को आगे की जांच के लिए लरकाना, कलात, गुजरांवाला, साहीवाल और रावलपिंडी में पुलिस को सौंप दिया गया। इस बीच, कराची के जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने भी इसी अवधि के दौरान विभिन्न कारणों से 86 यात्रियों को उतार दिया।

# रेटिना की मोटाई में कमी जुड़ी होती है कई बीमारियों से: अध्ययन

**मेलबर्न, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

रेटिना की मोटाई में कमी टाइप 2 डायबिटीज, डिमेंशिया और मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) जैसी गंभीर बीमारियों का शुरुआती संकेत हो सकती है। वैज्ञानिकों ने यह खुलासा किया एक महत्वपूर्ण शोध में। यह अध्ययन वॉल्टर और एलाइजा हॉल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च (डब्ल्यूईएचआई) के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है। इस अंतरराष्ट्रीय शोध में 50,000 से अधिक आंखों का विश्लेषण किया गया ताकि यह समझा जा सके कि रेटिना में होने वाले बदलाव किस तरह से बीमारियों से जुड़े हो सकते हैं। वैज्ञानिकों ने रेटिना का बहुत बारीकी से नक्शा तैयार किया और पाया कि इसकी मोटाई में कमी कई बीमारियों से जुड़ी होती है। रेटिना एक लाइट-सेंसिटिव परत होती है, जो आंख के पीछे स्थित होती है और सीधे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र का हिस्सा होती है।





डिमेंशिया, डायबिटीज और एमएस जैसी बीमारियां इस तंत्र के कमजोर होने या गड़बड़ी से जुड़ी होती हैं। जब रेटिना की मोटाई कम होती है, तो यह ऊत्तकों की धीरे-धीरे कमी को दर्शाता है, जिसे लैटिस डिजेनेरेशन कहा जाता है। डब्ल्यूईएचआई की प्रमुख शोधकर्ता विकी जैक्सन ने कहा कि इस शोध से यह पता चलता है कि रेटिना इमेजिंग का इस्तेमाल केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली को समझने और बीमारियों का जल्द पता लगाने में किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हमारे नक्शों से मिली जानकारी यह दर्शाती है कि रेटिना की मोटाई और कई सामान्य बीमारियों के बीच गहरा संबंध है। इस शोध में यूके और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने भी भाग लिया था।

## इजराइल ने रिहा किए 369 फिलिस्तीनी कैदियों की टी-शर्ट पर लिखा हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे



**तेलअवीव।** हमास की कैद से इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद इजराइल ने भी 369 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इन कैदियों को एक खास तरह की टी-शर्ट पहनाकर रिहा किया गया है। इन सभी टी-शर्ट पर हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे लिखा हुआ है। दरअसल, हमास हर बार इजराइली बंधकों की रिहाई से पहले एक इवेंट करता है। इसमें सभी बंधकों को लाकर उनसे हमास की तारीफ करवाई जाती है। इस इवेंट में हजारों फिलिस्तीनी जुटते हैं। इजराइल इसी बात से नाराज है। शनिवार को भी हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा कर इवेंट का आयोजन किया। सीजफायर डील के तहत इन तीनों बंधकों को गाजा के खान यूनिस इलाके में सुबह 10 बजे (इजराइली समय के मुताबिक) रेड क्रॉस के हवाले किया गया। इसके बाद इन्हें इजराइली सेना को सौंपा गया। रिहा होने वाले तीनों पुरुष बंधकों के नाम सागुई डेकेल-चेन, साशा ट्रोफानोव और इएयर हॉर्न हैं। 498 दिन बाद इजराइल लौटे तीनों बंधक पिछले माह लागू हुए सीजफायर डील के तहत बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की यह छठी अदला-बदली थी। इस बार रिहा हुए तीनों इजराइली बंधक पिछले सप्ताह रिहा हुए बंधकों की तुलना में ज्यादा स्वस्थ दिखे थे।


राष्ट्र प्रथम
बंटेंगे तो कटेंगे
एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे
Best Wishes
BS
Basai Steels And Power (P) Ltd.
MANUFACTURERS OF
BILLETS | POWER | SPONGE IRON & M.S & G.P PIPE 15mm to 150mm
SQUARE, RECTANGULAR & ROUND PIPES IN ALL REGULAR THICKNESS
A-23/586, APIE, Balanagar, Hyderabad 500037
Cell: 9848030471,7799555555
gopalagarwal@basaisteels.com
Ward No 3, Plot No 412, Sidiginamola Village
Bellary-Alur Highway, Bellary 583138
www.basaisteels.com

# रणधीर कपूर, बबिता से कर रहे थे टाइम पास सालों बाद बताई अलग होने की वजह



## कहा- उसे लगा मैं एक भयानक आदमी था जो....

कपूर फैमिली की खूबसूरत जोड़ी रणधीर कपूर और बबीता के बारे में तो सभी जानते हैं। यह जोड़ी करिश्मा कपूर और करीना कपूर जैसी दो खूबसूरत एक्ट्रेस के पेरेंट्स हैं। रणधीर कपूर पिता की फिल्म संगम के सेट पर थे और बबीता अपने पिता के साथ यहां आई थी और पहली ही नजर में रणधीर को न्यूकमर एक्ट्रेस बबीता से प्यार हो गया था। बबीता ने साल 1966 में फिल्म दस लाख से डेब्यू किया था। वहीं, साल 1969 में रणधीर कपूर और बबीता ने पहली बार फिल्म में साथ में काम किया था और इनके बीच प्यार परवान चढ़ने लगा। दो साल तक डेटिंग करने के बाद रणधीर को लगता था कि वह टाइम पास कर रहे हैं और वहीं बबीता भी अपना धैर्य खोती जा रही थीं। बबीता ने रणधीर से कह दिया कि वह शादी करना चाहते है तो करें नहीं इस रिश्ते को यही खत्म कर दें।

### राज कपूर नहीं चाहते थे बहू काम करे

रणधीर और बबीता को फिल्म कल आज और कल (1969) में पहली बार साथ में देखा गया था, जिसे खुद रणधीर ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में पिता राज कपूर और दादा पृथ्वीराज कपूर एक साथ नजर आए थे। राज कपूर को पता था कि रणधीर और बबीता एक दूसरे से मिल रहे हैं। रणधीर ने कहा, 'मैं तो टाइम पास किए जा रहा था, पापा ने कहा शादी-वादी करने का इरादा है या नहीं?। रणधीर ने कपिल के शो में भी बताया था कि उनके पिता ने उनसे कहा था कि जब वो बुड्ढी हो जाएगी तब शादी करेगा उससे'। 12 मई 1971 को रणधीर-बबीता की रिंग सेरेमनी हुई और 6 नवंबर 1971 को कपल की पंजाबी रीति-रिवाज से शादी हो गई। शादी में देव आनंद, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा समेत कई स्टार्स पहुंचे थे। शादी के बाद बबीता ने फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी।

### कैसे बिगड़ी बात?

बता दें, 1988 से रणधीर और बबीता अलग जरूर हुए लेकिन कभी तलाक नहीं लिया। एक इंटरव्यू में रणधीर ने बताया, 'उसे लगा कि मैं एक भयानक आदमी था, जो बहुत शराब पीता था और देर से घर आता था, जो उसे पसंद नहीं था और मैं उस तरह नहीं जीना चाहता था जैसा वह चाहती थी, और वह मुझे वैसे स्वीकार नहीं कर सकती थी, जैसा मैं हूं, हालांकि यह एक लव मैरिज थी, तो यह ठीक है। हमारे पास देखभाल करने के लिए दो प्यारे बच्चे थे, उन्हें बेहतरीन तरीके से पाला और एक पिता के रूप में मैं और क्या मांग सकता था?।

# शबाना आजमी और ज्योतिका स्टारर डब्बा कार्टेल का टीजर हुआ रिलीज

## 28 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक




काफी समय से अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी आगामी वेब सीरीज डब्बा कार्टेल को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान हितेश भाटिया ने संभाली है। फरहान अख्तर इसके निर्माता हैं।शबाना के अलावा इस सीरीज में गजराज राव, ज्योतिका और साई ताम्हणकर जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे।अब आखिरकार निर्माताओं ने डब्बा कार्टेल का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें शबाना की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। टीजर को प्रशंसक पसंद कर रहे हैं।डब्बा कार्टेल ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। सीरीज की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। डब्बा कार्टेल को आप 28 फरवरी, 2025 से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे।निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, आज डब्बे में क्या है?इस सीरीज में निमिषा सजयन, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, जिशु सेनगुप्ता, लिलेट दुबे और भूपेन्द्र सिंह जादावत भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। टीजर में तमाम सितारों की झलक दिख रही है।

# नोरा फतेही का मनीष मल्होत्रा ने सिर्फ 48 घंटों में फेमस स्नेक आउटफिट बनाया!



ग्लोबल सेंसेशन नोरा फतेही का म्यूजिक इंडस्ट्री में दबदबा कायम है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय पॉप स्टार जेसन डेरुलो और नोरा फतेही के सहयोग से बने उनके नवीनतम ट्रैक 'स्नेक' ने 100 मिलियन व्यूज पार कर लिए हैं। जबकि फैंस उनके शानदार विजुअल और धमाकेदार बीट्स के दीवाने हो गए हैं। एक एक्सक्लूसिव बिहाइंड-द-सीन यह खुलासा सामने आया है कि म्यूजिक वीडियो में उनका हैरान कर देने वाला आउटफिट महज दो दिनों में मनीष मल्होत्रा द्वारा डिज़ाइन किया गया था! लुक के निर्माण की एक दिलचस्प बात यह है कि मनीष मल्होत्रा ने केवल दो दिनों में प्रतिष्ठित स्नेक पोशाक तैयार की। इसके बारे में बात करते हुए, उन्होंने साझा किया, नोरा एक ऐसी शख्स हैं जिन्हें मैं सच में पसंद करता हूं। और मैं बहुत प्यार करता हूं। इसलिए मैंने सच में सोचा, मैं यह करूंगा। और मैं यह दो दिनों में करूंगा।

हाल ही में साझा किए गए एक बीटीएस वीडियो में, नोरा फतेही प्रशंसकों को अपने साहसी और ग्लैमरस 'स्नेक' लुक की अंदरूनी झलक दिखाती हैं। असाधारण पहनावा, जो एक वायरल फैशन मोमेंट बन चुका है, महज 48 घंटे में प्रसिद्ध डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा तैयार कर दिया गया है। अपने बेदाग फैशन सेंस के लिए मशहूर नोरा फतेही ने स्नेक में स्टाइल और परफॉर्मेंस की सीमाओं को आगे बढ़ाया है।

बीटीएस फुटेज में, वह प्रशंसकों को अपनी स्टाइलिंग यात्रा से रूबरू कराती है, अपने कॉस्ट्यूम ट्रायल, आखिरी मिनट में बदलाव और प्रत्येक लुक के पीछे की रचनात्मक ऊर्जा का प्रदर्शन करती है। जैसा कि स्नेक चार्ट और सोशल मीडिया ट्रेंड पर हावी है, नोरा फतेही पहले से ही अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रही है।

अपने जन्मदिन पर, उन्होंने स्नेक के प्रतिभाशाली निर्माता टॉमी ब्राउन और ब्रूनो मार्स और आरओएसई के हिट ट्रैक एपीटी पर अपने काम के लिए जाने जाने वाले ग्रैमी विजेता गीतकार थेरॉन बिली के साथ तस्वीरें साझा करके एक बड़ा संकेत दिया। रिकॉर्ड-तोड़ माइलस्टोन, अविरल वैश्विक कोलैबोरेशंस और संगीत और फैशन के लिए उनकी निडर सोच के साथ, नोरा फतेही यह साबित कर रही हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय संगीत इंडस्ट्री में एक पॉवरहाउस हैं।

# पपी लव का आनंद लेती नजर आईं अनन्या पांडे अपने प्यारे दोस्त के साथ शेयर की तस्वीर



वेलेंटाइन डे के बीच अभिनेत्री अनन्या पांडे अपने प्यारे पालतू पेट्स के साथ मजेदार पल बिताती नजर आईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, पपी लव। तस्वीरों में अनन्या पांडे का अपने पालतू पेट्स के प्रति प्यार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए अनन्या ने 'लाल दिल' वाले इमोजी भी लगाए। पोस्ट पर कई कमेंट आ रहे हैं।

अनन्या की दोस्त और अभिनेत्री सुहाना खान ने भी इस पोस्ट पर कमेंट किया। अनन्या की मां भावना पांडे ने भी कमेंट सेक्शन में कई इमोजी पोस्ट किए। इसके साथ ही 'फैबुलस लाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स' फेम महीप कपूर ने भी ऐसी ही प्रतिक्रिया दी। अनन्या पांडे अपने पालतू जानवरों के साथ अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। एक हालिया पोस्ट में उन्होंने कहा था, दोस्तों, मेरे बेबी जान को नमस्ते कहो, यह सबसे प्यारा छोटा लड़का है और मैं इसे बहुत मानती हूं। अनन्या पांडे का यह प्यारा दोस्त समय-समय पर अभिनेत्री के सोशल मीडिया पर दिखाई देता रहता है।

अनन्या पांडे के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक करण सिंह त्यागी की अपकमिंग फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। वकील सी शंकरन नायर के जीवन पर आधारित फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस ने किया है। उन्होंने 1920 के दशक में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी थी। अनन्या पांडे 'चांद मेरा दिल' में भी काम कर रही हैं।

विवेक सोनी के निर्देशन में बनी फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन के तहत करण जौहर, अदार पूर्णवाला और अपूर्व मेहता ने किया। इसके साथ ही अनन्या पांडे लोकप्रिय शो 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन में 'बेला चौधरी' के रूप में अपनी भूमिका को दोहराती नजर आएंगी।



# एमी-नामांकित द नाइट मैनेजर के 2 साल पूरे होने पर अनिल कपूर ने विचार साझा किया

सिनेमा आइकन अनिल कपूर ने एमी-नामांकित सीरीज द नाइट मैनेजर की दूसरी वर्षगांठ मनाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। संदीप मोदी और प्रियंका घोष द्वारा निर्देशित, इस शो में कपूर को रहस्यमय 'शैली रूंगटा' के रूप में और आदित्य रॉय कपूर को 'अभिमन्यु' के रूप में दिखाया गया था। यह मनोरंजक जासूसी-थ्रिलर कपूर के करियर में एक विशेष स्थान रखती है, एक ऐसी परियोजना को चिह्नित करती है जिसने रचनात्मक सीमाओं को आगे बढ़ाया और वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाला। अपनी रोमांचक कथा, तीक्ष्ण बुद्धि और स्टाइलिश एक्शन के लिए प्रशंसकों की पसंदीदा, द नाइट मैनेजर ने कपूर को एक नए अंदाज़ में पेश किया है। एम्मीज़ में सीरीज की नामांकन ने इसकी सफलता को और मजबूत किया, जिससे यह भारतीय मनोरंजन में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गई। कृतज्ञता से भरे हुए, कपूर ने कहा: द नाइट मैनेजर के दो साल – एक यात्रा जिसने सीमाओं को चुनौती दी, एक दिलचस्प कहानी सुनाई, और कई लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई।

अविश्वसनीय टीम, हमारे दर्शकों के प्यार और एमी नामांकन के सम्मान के लिए आभारी हूं। यह हमेशा खास रहेगा! इंडस्ट्री जगत और प्रशंसक समान रूप से अनिल कपूर की कहानी कहने के प्रति प्रतिबद्धता और जोश की सराहना करते हैं। उनकी आगामी फिल्म सूबेदार के लिए उत्साह बढ़ने के साथ, प्रशंसित निर्देशक सुरेश त्रिवेणी के साथ उनका सहयोग अत्यधिक प्रतीक्षित है। प्राइम वीडियो पर हाल ही में जारी किए गए टीज़र ने पहले ही हलचल मचा दी है, जिसमें अनिल कपूर को एक गहन और शक्तिशाली नए अवतार में झलक पेश की गई है।

# अभिनेता जितेंद्र को ज्येष्ठ नागरिक सम्मान

## बेटी एकता कपूर ने जताया नितिन गडकरी का आभार





अभिनेता जितेंद्र को हाल ही में 'ज्येष्ठ नागरिक' के रूप में सम्मानित किया गया। उनकी बेटी और टीवी-फिल्म निर्माता एकता कपूर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह 'सहयोग' के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताते नजर आईं। एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, आपके सहयोग के लिए धन्यवाद। वीडियो को अपने एक्स हैंडल पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी शेयर किया, जिसमें वह अभिनेता के साथ मुलाकात करते नजर आए। गडकरी ने कैप्शन में लिखा, अभिनेता जितेंद्र ने आज नागपुर निवास का दौरा किया।

अभिनेता को ज्येष्ठ नागरिक संकुलन महोत्सव में 'ज्येष्ठ नागरिक' के रूप में सम्मानित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में भारतीय सिनेमा में उनके योगदान का जश्न मनाया गया। अभिनेता के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान जितेंद्र 200 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। इस कार्यक्रम में भारत के केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान नितिन गडकरी ने सीनियर अभिनेता की उपलब्धियों की सराहना की और युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के उनके निरंतर प्रयासों को भी स्वीकार किया। अपनी जड़ों के प्रति कृतज्ञता दिखाते हुए जितेंद्र ने कहा, मैं 18 साल तक गिरगांव की एक चॉल में रहा। जब मैं गिरगांव की एक छोटी सी चॉल में रहता था, तो हमेशा पर्याप्त मात्रा में प्यार मिलता था। आज मैं 83 साल का हो गया हूं और मेरा मानना है कि चॉल में बिताए साल मेरे जीवन के सबसे बेहतरीन पल थे। मैं एक एक्स्ट्रा एक्टर था, एक जूनियर आर्टिस्ट, मुझे मेरा पहला ब्रेक इसलिए मिला क्योंकि शांता राव बाप को यह बहुत मजेदार लगा कि मैं एक पंजाबी लड़का होते हुए भी इतनी साफ मराठी बोलता हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं महाराष्ट्रियन हूं। मुझे इस सम्मानित पुरस्कार से नवाजे जाने के लिए आप सभी का शुक्रिया। 'ज्येष्ठ नागरिक' पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने समाज में स्थायी योगदान दिया है।

# 100 वर्ष की अदाकारा चित्तजल्लू कृष्णवेनी का निधन



तेलुगू फिल्म जगत की मशहूर अभिनेत्री चित्तजल्लू कृष्णवेनी का रविवार को आयु संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। वो 100 साल की थीं। अभिनेत्री ने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। कृष्णवेनी को उनके अभिनय और तेलुगू सिनेमा के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता है। उन्होंने तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री को अपने काम से एक अलग आकार दिया। उन्होंने कई ऐतिहासिक फिल्मों में काम किया, जिन्हें सिनेप्रेमी आज भी याद करते हैं। खास बात है कि उन्होंने एनटीआर (नंदमुरी हरिकृष्ण) और घंटासला वेंकटेश्वर राव जैसी प्रतिभाओं को भी पेश किया था। अभिनेत्री ने 1949 में आई फिल्म 'केलुगुरम' में अक्किनेनी नागेश्वर राव को कास्ट किया और कई तेलुगू फिल्मों का निर्माण किया। उन्होंने राजकुमार के साथ कन्नड़ में 'भक्त कुंबारा' भी बनाई, जिसमें श्रीदेवी भी अहम भूमिका में थीं।

तेलुगू सिनेमा में योगदान के लिए अभिनेत्री को साल 2004 में आंध्र प्रदेश सरकार ने रघुपति वेंकैया पुरस्कार से सम्मानित किया था। उन्होंने एक पार्श्व गायिका के रूप में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसने इंडस्ट्री पर एक स्थायी प्रभाव डाला। उनके निधन से फिल्म जगत में गहरा शोक है। कृष्णवेनी आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के पंगडी की रहने वाली थीं। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले वह एक नाट्य कलाकार थीं। उनके पिता कृष्ण राव एक डॉक्टर थे। वह 1939 में चेन्नई चली गईं और उन्हें तेलुगू फिल्मों में अभिनय करने के कई प्रस्ताव मिलने लगे। उन्होंने तमिल जैसी दक्षिण भारतीय भाषाओं की फिल्मों में भी अभिनय किया। उन्होंने 1939 में मिर्जापुरम के जमींदार से शादी की।

वह चेन्नई में अपने पति के शोभनचला स्टूडियो में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में काम करने लगीं। उनका प्रभाव अगली पीढ़ी तक भी जारी रहा, उन्होंने अपनी बेटी एनआर अनुराधा को फिल्म निर्माण के लिए गाइड भी किया।

# पुष्य नक्षत्र में मंगल करेंगे गोचर
## कर्क, कन्या और मीन राशि के दूर होंगे दुख



ज्योतिषीय गणना के अनुसार, जब मंगल ग्रह शनि के स्वामित्व वाले नक्षत्र पुष्य में प्रवेश करेगा, तो 'मंगल पुष्य योग' का निर्माण होगा। इस योग के प्रभाव से तीन राशियों का भाग्य बदल जाएगा और इन राशियों के दुख और दरिद्रता समाप्त हो जाएगी।

सभी ग्रह अपनी-अपनी गति से राशियों और नक्षत्रों में भ्रमण करते हैं, जिसे गोचर कहा जाता है। जब कोई ग्रह अपने गोचर के दौरान अपनी राशि या नक्षत्र बदलता है, तो इसका प्रभाव, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक, सभी राशियों के जातकों पर पड़ता है। मंगल का पुष्य नक्षत्र में गोचर कई राशियों के जातकों के लिए कई शुभ अवसर लेकर आएगा। इस अवधि में इन राशियों के जातकों को आर्थिक लाभ के साथ-साथ करियर में नई उन्नति के अवसर मिलेंगे। ज्योतिषियों के अनुसार, मंगल पुष्य योग विशेष रूप से तीन राशियों के जातकों के लिए समृद्धि और खुशहाली का संकेत दे रहा है, और इस समय उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत होगी, साथ ही धन लाभ के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

### मंगल पुष्य योग का निर्माण

वैदिक ज्योतिष में मंगल ग्रह को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे भूमिपुत्र और ग्रहों का सेनापति भी कहा जाता है। मंगल ऊर्जा, उत्साह, साहस, आत्मबल और शारीरिक शक्ति का प्रतीक है। मंगल की खगोलीय स्थिति का ज्योतिषीय दृष्टिकोण से हमेशा विशेष महत्व रहा है। जब भी मंगल ग्रह की राशि या नक्षत्र में परिवर्तन होता है, यह सभी राशियों पर प्रभाव डालता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 12 अप्रैल 2025 को सुबह 6:32 बजे मंगल ग्रह शनि के स्वामित्व वाले नक्षत्र पुष्य में प्रवेश करेगा, जिससे 'मंगल पुष्य योग' का निर्माण होगा।

**कर्क राशि –** जब मंगल ग्रह पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेगा, तो कर्क राशि के जातकों के लिए यह समय बेहद शुभ और लाभकारी साबित होगा। इस अवधि में आपकी किस्मत आपके साथ होगी, जिससे आपको समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि देखने को मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार या मान्यता मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहेगी और पारिवारिक संबंधों में मिठास आएगी। यदि आपके पास कोई फंसा हुआ धन है, तो वह वापस मिल सकता है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस समय सभी प्रकार के धन संकट समाप्त हो जाएंगे। घर में कोई शुभ कार्य या मांगलिक कार्यक्रम भी आयोजित हो सकता है। स्वास्थ्य के मामले में भी यह समय अनुकूल रहेगा, लेकिन संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या का पालन करना आवश्यक है।

**कन्या राशि–** मंगल का पुष्य नक्षत्र में गोचर कन्या राशि के जातकों के लिए कई शुभ अवसर लेकर आएगा। इस समय आपको आर्थिक लाभ के साथ-साथ करियर में नई उन्नति के अवसर मिलेंगे। आपकी मेहनत और प्रतिभा को मान्यता मिलेगी, जिससे आप नई ऊंचाइयों को छू सकेंगे। गरीबी का साया आपके जीवन से हट जाएगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जो आपको जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में मदद करेगी। वैवाहिक जीवन सुखद और संतोषजनक रहेगा। यदि आप नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं, तो यह समय बहुत ही अनुकूल है। हालांकि, इस दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। तनाव से बचें और नियमित व्यायाम तथा संतुलित आहार का पालन करें।

**मीन राशि–** मंगल का पुष्य नक्षत्र में गोचर मीन राशि के जातकों के लिए खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा। इस अवधि में आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और नए धन लाभ के अवसर सामने आएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यदि आप व्यापार में हैं, तो इस समय लाभ के नए रास्ते खुल सकते हैं। व्यापार से प्राप्त धन को संभालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वाहन या संपत्ति खरीदने के अवसर भी बन सकते हैं, जिससे आपके जीवन में स्थिरता आएगी। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी और रिश्तों में गहराई आएगी। प्रेम जीवन में रोमांस का उत्साह बढ़ेगा। हालांकि, इस समय अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचना चाहिए।

# 24 को होगा अर्धकेंद्र योग का निर्माण
## तीन राशियों की रहेगी चांदी




24 फरवरी को सुबह 3:25 बजे बुध और यम 45 डिग्री के कोण पर स्थित होंगे, जिससे अर्धकेंद्र योग का निर्माण होगा। इस स्थिति कई राशियों को विशेष लाभ मिल सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में बुध को ग्रहों का राजकुमार माना जाता है। बुध एकाग्रता, बुद्धिमत्ता, तर्क और व्यापार के लिए महत्व-पूर्ण ग्रह है। वर्तमान में बुध कुंभ राशि में स्थित हैं। जब भी बुध अपनी गति में परिवर्तन करते हैं, इसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर पड़ता है।

महाशिवरात्रि से पहले, 24 फरवरी 2025 को सुबह 3:25 बजे, बुध और यम एक-दूसरे से 45 डिग्री के कोण पर होंगे, जिससे अर्धकेंद्र योग का निर्माण होगा। इस योग के कारण कई राशियों को विशेष लाभ मिलेगा और उनके रुके हुए कार्य भी संपन्न होंगे। आइए जानते हैं कि कौन सी राशियाँ इस योग से लाभान्वित होंगी।

**मेष राशि –** मेष राशि के जातकों के लिए अर्धकेंद्र बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। इस राशि के लोग काम के सिलसिले में कई लंबी यात्राएं कर सकते हैं, जिससे उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकते हैं। करियर में आपके प्रयासों के चलते भाग्य का पूरा सहयोग मिल सकता है। व्यापारियों के लिए भी लाभ के अच्छे संकेत हैं। इसके अलावा, पार्टनर के साथ समय बिताने का अनुभव सुखद रहेगा।

**मिथुन राशि–**इस राशि के जातकों के लिए सुख-सुविधाओं में तेजी से वृद्धि संभव है। इसके साथ ही, उन्हें अपने बड़ों का पूरा सहयोग मिल सकता है। लंबी दूरी की यात्रा या विदेश यात्रा करने का अवसर भी मिल सकता है, जो करियर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। धन लाभ के संकेत भी बन रहे हैं, और आप धन संचय में सफल हो सकते हैं। प्रेम जीवन और दांपत्य जीवन के संदर्भ में, जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे आपके जीवन में खुशियों की दस्तक हो सकती है। आत्मविश्वास में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

**सिंह राशि –** इस राशि के जातकों के जीवन में कई सुखद अनुभव हो सकते हैं। आपके कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप सफलता प्राप्त हो सकती है, और आपके काम की सराहना भी की जा सकती है। आपकी वित्तीय स्थिति मजबूत हो सकती है, और आप पैसे बचाने में भी सफल हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। आप ऊर्जा और उत्साह से भरे हुए महसूस कर सकते हैं।

# राहु-गुरु और बुध की युति बनेगा त्रिग्रही योग

27 फरवरी को बुद्धि और वाणी के कारक ग्रह बुध मीन राशि में गोचर करेंगे, जहां पहले से ही राहु और शुक्र की युति मीन राशि हैं। इस तरह से मीन राशि में बुध, गुरु और राहु की युति होगी, जिससे त्रिग्रही योग बनेगा।




फरवरी माह में बहुत ही खास योग बनने जा रहा है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार फरवरी के आखिरी सप्ताह में तीन ग्रहों के संयोग से त्रिग्रही योग का निर्माण होने जा रहा है। यह त्रिग्रही संयोग मीन राशि में होगा। आपको बता दें कि 27 फरवरी को बुद्धि और वाणी के कारक ग्रह बुध मीन राशि में गोचर करेंगे, जहां पहले से ही राहु और शुक्र की युति मीन राशि हैं। इस तरह से मीन राशि में बुध, गुरु और राहु की युति होगी, जिससे त्रिग्रही योग बनेगा। इस त्रिग्रही योग में राहु संग बुध और गुरु के होने से कुछ राशि वालों पर नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। जिससे कुछ की परेशानियों में इजाफा देखने को मिलेगा।


**मेष राशि–** मेष राशि वालों के बुध, गुरु और राहु के द्वारा बनने वाला त्रिग्रही योग अच्छा नहीं कहा जा सकता है। जीवन में परेशानियों में इजाफा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी में काम का दबाव बढ़ सकता है। वहीं बिजनेस में कामकाज के सिलसिले में भी भारी हानि उठानी पड़ सकती है। ऐसे में आने वाले समय में आपको काफी सोच-समझकर कदम उठाना पड़ सकता है। आर्थिक रूप से परेशानियों में भी इजाफा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

**सिंह राशि–** फरवरी के आखिरी दिनों में त्रिग्रही योग से सिंह राशि वालों ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। मानसिक रूप से उथल-पुथल की संभावना है। नौकरी और व्यापार में आपको उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले कई बार सोच-विचार करना होगा। अचानक से धन के खर्चे बढ़ सकते हैं। वाहन चलाते समय आपको विशेष सावधानी बरतनी होगी। दांपत्य जीवन में परेशानियां बढ़ सकती है।

**तुला राशि –**तुला राशि के जातकों के लिए आने वाले कुछ दिन परेशानियों से भरे रह सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में ज्यादा कार्य के चलते उलझन और लड़ाई-झगडों में इजाफा हो सकता है। बेरोजगार लोगों को काम के सिलसिले में अभी सफलता नहीं मिलेगी। किसी से बिना बात के वाद-विवाद हो सकता है। लगातार काम में असफलता के कारण आपको मन परे-शान और बेचैन रह सकता है। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

# काल भैरव देव की पूजा के समय करें इन मंत्रों का जाप, दूर हो जाएंगे सारे संकट

वैदिक पंचांग के अनुसार, 20 फरवरी को फाल्गुन माह की कालाष्टमी है। यह पर्व हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन काल भैरव देव की पूजा की जाती है। साथ ही विशेष काम में सफलता पाने के लिए कालाष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही जीवन में व्याप्त दुख और संकट दूर हो जाते हैं।



ज्योतिषियों की मानें तो फाल्गुन माह की अष्टमी पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव देव की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। साथ ही मनचाहा वरदान प्राप्त होगा। अगर आप भी काल भैरव देव की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो कालाष्टमी पर भक्ति भाव से काल भैरव देव की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय इन मंत्रों का जप करें।

# अमावस्या पर दान पुण्य करने से मिलता है अक्षय पुण्य

हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि को बहुत ही खास माना गया है और धर्म ग्रंथों में चंद्रमा की 16 वीं कला को अमा कहा गया है। अमा में चंद्रमा की 16 कलाओं की शक्ति शामिल होती है। इस दिन पितर और पीपल की पूजा करने का विधान है, मान्यता है कि ऐसा करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि हर माह में एक अमावस्या



आती है। इनमें शनि अमावस्या और सोमवती अमावस्या का महत्व अधिक है। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष दो बार शनि अमावस्या और एक बार सोमवती अमावस्या आएगी। नया साल आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व है और वर्षभर में 12 अमावस्या होती हैं यानी हर माह एक अमावस्या आती है। अमावस्या तिथि कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन होती है और इस दिन आकाश में चांद दिखाई नहीं देता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अमावस्या के दिन पितरों की पूजा के साथ भगवान शिव, माता लक्ष्मी और माता काली की पूजा करने का विधान है। साथ ही इस दिन पितृलोक से पूर्वज पृथ्वी पर आते हैं इसलिए इस तिथि पर पूजा पाठ या पितरों के नाम का दान करने से जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं होती और धन धान्य में वृद्धि होती है।

अमावस्या तिथि हिंदू धर्म में विशेष रूप से महत्व-पूर्ण मानी जाती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, अमावस्या 30 दिन में आती है, जो कृष्ण पक्ष की आखिरी तिथि होती है। इस दिन आकाश में चांद नजर नहीं आता है। हिंदू धर्म में इस दिन का बहुत महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अमावस्या के दिन पितृ लोक से हमारे पूर्वज धरती पर आते हैं। इस दिन श्राद्ध कर्म और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस दिन दान करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। अन्न, वस्त्र, और धन का दान पितरों की आत्मा की तृप्ति के लिए किया जाता है, जो परिवार की सुख-समृद्धि और शांति के लिए अनुकूल होता है।

अमावस्या का दिन केवल श्राद्ध कर्म तक ही सीमित नहीं है; इसे ध्यान, साधना, और दान के लिए भी आदर्श माना जाता है। आप अमावस्या के दिन पितरों के नाम पर अन्न और धन का दान कर सकते हैं, इससे पितरों का आशीर्वाद आप पर बना रहता है। इसके अलावा, इस दिन नदी या पवित्र जल में स्नान करना और भगवान विष्णु तथा शिव की पूजा करना भी अत्यंत फलदायी होता है। साल 2025 में अमावस्या की तिथियां धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। श्राद्ध और दान जैसे कार्यों से पितृ दोष शांत होता है और घर में सुख-शांति बनी रहती है। इसलिए, इस दिन को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है और अपने पितरों का आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।

**महत्व–** साल भर में 12 अमावस्या तिथि आती हैं और दिन के हिसाब से जब अमावस्या तिथि सोमवार, मंगलवार और शनिवार को आती है, तब इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। सोमावर को अमावस्या तिथि होने पर सोमवती अमावस्या, मंगलवार के दिन भौमवती अमावस्या, शनिवार के दिन शनि अमावस्या कहते हैं। इसके अलावा अन्य अमावस्या तिथि का भी विशेष महत्व है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अमावसा को चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच में होता है, जिसके कारण चंद्रमा दिखाई नहीं देता और पृथ्वी पर चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव अधिक होता है। इस दिन जप-तप, पूजा-पाठ या पितरों के नाम का दान करने का विशेष महत्व है।

## 27 को फाल्गुन अमावस्या मनाई जाएगी

हर महीने में अमावस्या का पर्व मनाया जाता है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और पितरों की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही पितरों का पिंडदान और तर्पण किया जाता है। इससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उनकी कृपा से व्यक्ति का जीवन खुशहाल होता है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान, ध्यान करना बेहद फलदायी साबित होता है।

### फाल्गुन अमावस्या 2024 डेट और शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि की शुरुआत 27 फरवरी को सुबह 08 बजकर 54 मिनट से होगी और इसके अगले दिन यानी 28 फरवरी को सुबह 06 बजकर 14 मिनट पर तिथि का समापन होगा। ऐसे में फाल्गुन अमावस्या का पर्व 27 फरवरी को मनाया जाएगा।

### शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त – प्रातः 05 बजकर 09 मिनट से 05 बजकर 58 मिनट तक

गोधूलि मुहूर्त – शाम 06 बजकर 07 मिनट से शाम 06 बजकर 42 मिनट तक

निशिता मुहूर्त – रात्रि 12:08 मिनट से 12 फरवरी रात 12:58 मिनट तक

अभिजीत मुहूर्त – दो. 12:11 मिनट से दोपहर 12:57 मि.तक

### सूर्योदय और सूर्यास्त का समय

सूर्योदय – सुबह 06 बजकर 48 मिनट पर

सूर्यास्त – शाम 06 बजकर 20 मिनट पर

चंद्रोदय – कोई नहीं

चन्द्रास्त – शाम 05 बजकर 42 मिनट पर

### फाल्गुन अमावस्या पूजा विधि

फाल्गुन अमावस्या के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करने के बाद साफ कपड़े पहनें। इसके बाद सूर्य देव को अर्घ्य दें। इस दौरान सच्चे मन से पितरों की मोक्ष प्राप्ति की कामना करें।

दीपक जलाकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करें।

फल और मिठाई का भोग लगाएं।

विष्णु जी के मंत्रों का जप करें।

इसके बाद जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति के लिए कामना करें।

मंदिर या फिर गरीब लोगों में श्रद्धा अनुसार अन्न, धन और कपड़े का दान करें। धार्मिक मान्यत है कि फाल्गुन अमावस्या के दिन दान करने से व्यक्ति को जीवन में किसी भी चीज की कमी नहीं होती है।

फाल्गुन अमावस्या के दिन पितरों का श्राद्ध करने का विशेष महत्व है।

### अमावस्या तिथि 2025

फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 27 फरवरी

चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 29 मार्च दि

वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 27 अप्रैल

ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 27 मई

आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 25 जून

श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 24 जुलाई

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 23 अगस्त

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 21 सितंबर

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 21 अक्टूबर

मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 20 नवंबर

पौष मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि – 19 दिसंबर

संपादकीय

# भगदड़ से शमशान घाट बन गया दिल्ली रेलवे स्टेशन

भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई । महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई । देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं जिसका ताजा घटनाक्रम 15 फ़रवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई । अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे । रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है । ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी ।कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुम्भ में भगदड़ के कारण जिन्दा लोग पल भर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुम्भ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पडा था। भगदड़ में सैकडों महिलाएं ,बच्चे व बुर्जुग पैरों तले कुचल दिए गए , लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे।मगर उनके अपने मौत की नीद सो चुके थे।चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखो रुपया मंआवजा दे रही है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था। मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारो द्वारा जो पैसा मुआवजे के रुप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकडों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फ़रवरी 1954 को कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी । 1986 में भी कुम्भ में में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे ।2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुम्भ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे। 26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी।नवंबर 2006 में उडीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनो घायल हुए थे।झारखंड के देवधर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मोत हुई थी।3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेरू के प्रसिध्द शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रध्दालूओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नंवबर 2012 में बिहार में छठ पुजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टुटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रध्दालुओं की मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है।प्रशासन तब जागता है जब लाशों के ढेर लग जाते हैं। प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी हैं। इस हादसे में कई अनाथ हो गए तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड गया।ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जातें है। छोटे बच्चे दर-दर की ठोकरें खातें हैं। केन्द्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियो के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरो में हर वर्ष करोडो रूपया चढावा चढता है मगर श्रध्दालूओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियो को भी इन हादसो से सीख लेनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में इन हृदयविदारक हादसो को रोका जा सके। अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रध्दालूओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेगी और आस्था स्थल व रेलवे स्टेशन शमशानघाट बनते रहेगें।

# आयकर कानून के सरल होने विवाद घटेंगे

ललित गर्ग

**वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है।**

आयकर के नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।

आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से



कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए।

देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। आयकर विभाग को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। निश्चित ही नया आयकर कानून भारत की कर प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आसानी होगी, कर प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और कानूनी उलझनों से बचा जा सकेगा।

जयन्ती विशेष

# भारत के एक महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातों को सामान्य लोगों के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभूति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता है। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हें कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये।

रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था।

तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधि थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी। श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी।

1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होंने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नहीं थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है।

रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरू मान लेते थे।

इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये।

रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चौबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं। विभिन्न धर्मों के माध्यम से रामकृष्ण के रहस्यमय अनुभवों ने उन्हें यह सिखाने के लिए प्रेरित किया कि विभिन्न धर्म पूर्ण ज्ञान और आनंद तक पहुँचने के अलग-अलग साधन हैं और विभिन्न धर्म पूर्ण सत्य की समग्रता को व्यक्त नहीं कर सकते हैं लेकिन इसके पहलुओं को व्यक्त कर सकते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम् शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए।

विचार मंथन

# अमेरिका और भारत की न्यायपालिका ?

अमेरिका की अदालतें सरकार के मनमाने निर्णय पर रोक लगा रही हैं। अमेरिका की अदालत को देखकर भारतीय न्यायपालिका की कलई खुलती चली जा रही है। भारत में सरकार की तानाशाही की चक्की में सब पिस रहे हैं। भारतीय न्यायपालिका ने एक तरह से सरकार के सामने समर्पण कर दिया है। अमेरिका के संवैधानिक संस्थान सरकार के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं। अमेरिका की जुडिशरी ओर वहां के जज सरकार के गलत फैसलों के सामने झुकने को तैयार नहीं है। एलन मस्क और ट्रंप की तानाशाही का असर वहां की न्यायपालिका पर नहीं पड़ रहा है। अमेरिका की न्यायपालिका जरा भी भयभीत नहीं है। अमेरिकी संविधान के अनुसार वहॉ की न्यायपालिका अपने निर्णय पूरी स्वतंत्रता के साथ ले रही है। जिसके कारण न्यायपालिका और सरकार के बीच टकराव देखने को मिल रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप की नई सरकार के छह निर्णय जो एग्जीक्यूटिव ऑर्डर थे। अमेरिका के जजों ने पलट दिए हैं। इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, एलन मस्क और उपराष्ट्रपति जेड़ वेंस नाराज हो गए हैं। बेंस ने कह दिया न्यायपालिका अपनी हद पार कर गई है। वह ट्वीट करते हैं, जजों को एग्जीक्यूटिव की कानूनी शक्तियों को रोकने की इजाजत नहीं दी जाएगी।एलन मस्क ने भी ट्वीट किया। एक जज को पूरी जिंदगी जज बने रहने का विचार एक बकवास है। जजों को उठा के अटलांटिक में फेंक दो। अमेरिका की न्यायालयों ने ट्रंप सरकार के 6 फैसले पलट दिए हैं, या फैसलों पर रोक लगा दी है। बर्थ राइट सिटीजनशिप के निर्णय पर सीटल के एक जज ने रोक लगा दी। उससे पहले मैरीलैंड के एक जज ने इसी फैसले के ऊपर रोक लगा दी। तीसरे जज ने भी इस निर्णय पर रोक लगा दी। तीन जजों ने इस निर्णय को रोक दिया है। ट्रंप सरकार का दूसरा निर्णय सरकारी कर्मचारियों को बाहर निकालने का था।20 लाख सरकारी कर्मचारियों को 6 फरवरी की डेडलाइन दी गई थी। 65000 लोगों ने इसको स्वीकार किया। नौकरी से निकलने के निर्णय के खिलाफ कर्मचारी यूनियंस कोर्ट मे चले गए। कोर्ट के फेडरल जज ने सरकार के इस निर्णय पर रोक लगा दी। तीसरा निर्णय यूएस एड को खत्म करने का फैसला था।1960 के दशक में यूएस द्वारा मदद शुरू की गई थी। कई देशों में 100 से ज्यादा यूएस एड के तहत प्रोग्राम चलते हैं।वहां पर भी हजारों कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया। यह एलन मस्क का फैसला था। इस निर्णय को कोर्ट के अंदर चैलेंज किया गया।उसके बाद जज साहब ने इस निर्णय पर पूरी तरह से रोक लगा दी। एक फेडरल जज ने जिन लोगों को सरकार ने जबरिया छुट्टी पर भेजना और उसकी रिपोर्ट करने का ऑर्डर दिया था। उस निर्णय पर भी एक संघीय जज ने रोक लगा दी। चौथा फैसला फेडरल हेल्प फेडरल ग्रांट्स का था। इसमें एनजीओ होते हैं। नॉन गवर्नमेंटल ऑर्गेनाइजेशन होती हैं। रिसर्च, कैलेमिटी के लिए हेल्प की जाती है। ट्रंप सरकार के इस निर्णय पर भी 28 जनवरी को जज लॉरेन अली खान ने रोक लगा दी। पांचवा मामला ट्रांसजेंडर का था। 5 फरवरी को वाशिंगटन डीसी के फेडरल जज रॉय सी लैमर्ट ने रोक लगा दी। छठवां मामला ट्रेजरी से संबंधित था। एलन मस्क ट्रेजरी की सारी इंफॉर्मेशन चाहते थे। इस विवाद में ट्रंप प्रशासन फंस गया।ट्रेजरी की गोपनीय जानकारी दिए जाने के निर्णय पर कोर्ट ने रोक लगा दी। फेडरल जज ने अपने निर्णय में कहा मस्क गोपनीय जानकारी हासिल नहीं कर सकते हैं, यह उनके अधिकार में नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद की शपथ लिए हुए अभी एक महीना भी पूरा नहीं हुआ है। जिस मनमाने तरीके से वह आदेश जारी कर रहे हैं। अमेरिका की फेडरल कोर्ट में सरकार के निर्णायों को चुनौती दी जा रही है। वहां की अदालतें संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए बिना डर - भय अथवा प्रलोभन के फैसला देने में जरा भी देर नहीं करती हैं। 2014 के बाद भारतीय न्यायपालिका एक तरह से सरकार के साथ सहयोग करके निर्णय करने लगी है। भारत में सरकार की अनुकूलता के हिसाब से मामलों की सुनवाई होती है। वही स्थिति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी न्यायपालिका की बनाना चाहते हैं। अमेरिका की न्यायपालिका पूरी तरह से स्वतंत्र है। वह सरकार के किसी भी दबाव में नहीं आ रही है। जिसके कारण अमेरिका में सरकार, न्यायपालिका पर दबाव बनाने के लिए वह हर-हथकंडा अपना रही है, जो अपना सकती है। अभी जो निर्णय न्यायपालिका के सामने आए हैं। उसको देखकर ऐसा नहीं लगता है, अमेरिका की न्यायपालिका सरकार की दबाव में आएगी। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनके मंत्री एलन मस्क जिस मनमाने ढंग से संविधान और लोकतंत्र की अवहेलना करते हुए निर्णय ले रहे हैं। अमेरिका की न्याय पालिका के फेडरल जज जिस मुखरता के साथ निर्णय ले रहे हैं। उसकी अमेरिका के नागरिकों तथा दुनया के अन्य देशों न्यायपालिका पर विश्वास बढ़ा है। इसकी बड़ी सुखद प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। भारतीय न्यायपालिका को भी अपनी जिम्मेदारी समझना होगी।

राजनीतिक चर्चा

# दिल्ली का नया मुख्य मंत्री कौन होगा ?

देश की राजधानी दिल्ली में इन दिनों बंसत की बहती ब्यार के संग सता के सिंघासन पर कौन,दिल्ली का नया मुख्य मंत्री कौन होगा,इस पर चर्चा,चिन्तन व चिंताए दिखने लगी है। जैसा कि आप को मालुम है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव सम्पन्न व परिणाम भी हफ्ते बीत गए है। दिल्ली की जनता अपने नए मुख्य मंत्री का स्वागत करने का तत्पर है। लेकिन 48 सीट पर विजयश्री का सेहरा पहनें के बाद भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली की जनता को उनका मुख्य मंत्री देने में लाचार दिख रही है।8 फरवरी को दिल्ली विधान सभा के नतीजे आए।हालॉकि मुख्य मंत्री के नाम का ऐलान कभी भी हो जाएगा।नए सीएम के नाम की घोषणा में देरी की वजह प्रधानमंत्री मोदी का देश से बाहर होना था।ये बातें हम सब जानते हैं। सीएम पद के दावेदारों के रूप में कई नाम पर कयास लगाये जा रहे है।रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली के नए मुख्यहो सकते हैं।श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के स्टूडेंट रहे विजेंद्र गुप्ता धीर गंभीर इंसान हैं। दिल्ली के मसलों को खूब जानते हैं।तीन बार नगर निगम पार्षद और चौथी बार विधायक बने हैं।वही जनकपुरी से विधायक आशीष सूद के नाम की भी चर्चा है।डेसू के अध्यक्ष रहे हैं।

कुछ लोगों के अनुसार प्रवेश वर्मा सी एम बनाए जायेंग या उन्हें कैबिनेट में शामिल किए जा सकते हैं। दिल्ली की कैबिनेट में राजौरी के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा को भी लिया जा सकता है। जंगपुरा से विधायक मारवाह या गांधी नगर वाले लवली के कैबिनेट में जगह बनाने की उम्मीद कम है।इसके पीछे उनका मूलतः कांग्रेसी होना है। जीके से विधायिका शिखा राय को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। वो भी पंजाबी हैं।कैलाश गहलोत को नई कैबिनेट में कोई खास विभाग मिलना निश्चित है।वो केजरीवाल सरकार में ट्रांसपोर्ट मंत्री थे। समझदार नेता हैं।जाट समाज से आते हैं।अगर मुस्तफाबाद से विधायक बने मोहन सिंह बिष्ट को विधान सभा का स्पीकर बनाया जा सकता है।वो भी लगातार विधायक बन रहे हैं। खैर ! वही राजनीति के पांडितयों के मध्य इन दोनों अरविन्द केजरीवाल व उनकी पार्टी आप की हार पर गहन अध्ययन व विवेचन किया जा रहा है। मै आप को बता दूं कि भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अन्ना हजारे के आन्दोलन का अबलम्बन ले कर जिस तरह आम आदमी के आशा व उम्मींद की नई किरण के साथ अरविन्द केजरीवाल ना केवल आया बल्कि अपने पार्टी का भी आम आदमी पार्टी रखा। जिस पर दिल्ली की भोली जनता ने दिल्ली सरकार के सता ना केवल तीन बारे के शीला दीक्षित को बाहर निकाल फेक कर अरविन्द केजरीवाल की सता पर आसीन किया। केजरीवाल के तीन बार मुख्यमंत्री बने रहें। भाग्य की विडम्बना देखिए जिस भष्ट्राचार , अपराध मुक्त विरोध में बुलन्द आवाज झण्डा चलते है।अंत स्वयं वे व उनकी आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता जेल चले गए,बाद में जेल से जमानत पर है।जहाँ तक इस बार दिल्ली विधान सभा का प्रशन है।तो मै स्पष्ट कर दूं कि कुछ महीने पुर्व से ही केजरीवाल व उनकी पार्टी के खिलाफ माहौल चल रहा था।चुनाव आते आते 'कट्टर ईमानदार' केजरीवाल के कल तक जो कट्टर समर्थक थे और इसके जबरदस्त विरोधी हो गये थे।ठीक वैसे ही जैसे पाँच वर्ष पूर्व पहले से ही दबी जुबान में भी डंका केजरीवाल का ही बोल रहा था।दिल्ली की जनता जर्नादन का संदेश साफ साफ था कि केजरीवाल जी तुम्हारी' गुमराहगीरी अब नहीं चलेगी।तुम अपने झूठ के सहारे एक बार नही बल्कि दो दो बार सता पा सकते हैं लेकिन बार बार नहीं,दिल्ली की जनता अब समझ चुकी थी कि अरविन्द केजरीवाल अपने विरोधी भाजपा व काँग्रेस पर जो आरोपों के सहारे तस्वीर बना रहे हैं।उनसे उनकी व आप की हार की लहर इन तस्वीरों में झलक रही थी।अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी की हार पर निश्चित तौर पर भाजपाई में खुशी है कि भारतीय राजनीति में केजरीवाल की मौकापरस्त व उनकी मूल्यविहीन राजनीति की हार है। उनका कहना है कि जिस अन्ना आंदोलन से लेकर अरविंद केजरीवाल ने अपना राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी। सर्वविदित रहे कि अन्ना आंदोलन में सबसे पहले मंच पर भारत माता की बड़ी तस्वीर लगाई गई थी।लेकिन केजरीवाल और कंपनी ने जब देखा कि उससे इतना ज्यादा आकर्षण नहीं आ रहा है तो तुरंत उन्होंने अन्ना हजारे के पीछे महात्मा गांधी का बड़ा चित्र लगा दिया।परिणान स्वरूप अरविंद केजरीवाल रातों-रात त्याग तपस्या की मूर्ति व ईमानदारी का चोला ओढ़कर सबसे बड़े गाँधीवादी बन गए।कई बार उन्होंने राजघाट पर बापू की समाधि पर मौन व्रत और शांतिपूर्ण धरना भी दिया।लेकिन पहला मौका पाते ही उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यालय और फिर पंजाब में बनी सरकार के मुख्यमंत्री के कार्यालय से भी महात्मा धी की तस्वीर गायब कर दी।केजरीवाल की मौका परस्ती का यह बहुत बड़ा उदाहरण है। यहाँ पर मै स्पष्ट कर दूँ कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ(आरएसएस) हमेशा से गाँधी की विचारधारा का विरोधी रहा है लेकिन आरएसएस की पार्टी भाजपा के नेताओं ने भी कभी महात्मा गांधी की तस्वीर हटाने की हिम्मत नहीं की।जहाँ तक दिल्ली के मुसलमान के प्रशन है,तो दिल्ली के मुस्लीम मतदाताओं ने तीन चुनाव से आम आदमी पार्टी को वोट दे रहा है लेकिन शाहीनबाग में महिलाओं के धरने प्रदर्शन में मुख्यमंत्री केजरीवाल या उनका कोई व्यक्ति नहीं गया।दिल्ली के दंगों में उनकी भूमिका मुस्लिम विरोधी रही।सी ए ए(CAA)व एन आर सी(NRC)के मुद्दे पर वे खामोश रहे।भारत के इतिहास में जब पहली बार कश्मीर के रूप में किसी राज्य का पूर्ण राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया तो केजरीवाल ने सबसे पहले उसका स्वागत किया। और राजनीति में सत्यता और ईमानदारी की बात करने वाले केजरीवाल अंततः शराब घोटाले में फंस गए।मैं नहीं जानता कि वाकई यह घोटाला हुआ या नहीं, इसमें केजरीवाल या उनके लोगों ने पैसा खाया या नहीं,लेकिन इतना तो सब लोग जानते हैं कि उन्होंने दिल्ली के घर-घर में शराब आसानी से उपलब्ध कराने की नीति बनाई थी। कम से कम यह नीति उस नैतिकता के बिल्कुल उलट है,जिसका स्वांग केजरीवाल भरा करते थे। उनके आलीशान सरकारी बंगले की नुमाइश भी उनके सादगी के अभिनय पर भारी पड़ी।जब इन सब बातों को एक साथ मिलकर देखते हैं तो सोचना पड़ता है कि अगरभाजपा की जगह केजरीवाल जीत जाते तो आखिर भारत के संवैधानिक धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को कोई फायदा होने वाला तो नहीं था।

## आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। रिश्तेदारों के यहाँ जाना उससे काफ़ी बेहतर रहेगा, जितना आप सोच सकते हैं। आज धर्म व आध्यात्मिकता की ओर जा सकते है। उन लोगों से मेलजोल बढ़ाने से बचें जिनके साथ आपका वक्त खराब होता है। संभव है कि परिवार के साथ किसी नज़दीकी रिश्तेदार से मिलने जाना हो और इसके लिए दिन ठीक भी है। हालाँकि किसी पुरानी ख़राब घटना का ज़िक्र करने से बचें, नहीं तो वा-तावरण में तनाव पैदा हो सकता है।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आप आज दूसरों पर कुछ ज़्यादा ख़र्चा कर सकते हैं। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान ख़रीद सकते हैं। निजी मसले नियन्त्रण में रहेंगे। इस राशि वाले जातकों को आज खाली वक्त में आध्यात्मिक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। ऐसा करके आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। सेहत के नज़रि से गले लगने के अपने फ़ायदे हैं और आपको यह एहसास आज अपने जीवनसाथी से मिल सकता है। कर्ज लेने और देने आज बचना होगा क्योंकि बिना वजह परेशानी लेना समझदारी नही हैं।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह

ख़ुद को सुबह सुबह शारीरिक व्यायाम मे व्यस्त रखें । अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे। आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए ख़ुशनुमा एहसास रहेगा। लम्बे वक़्त से लटकी हुई दिक़्क़तों को जल्द ही हल करने की ज़रूरत है । आपका जीवनसाथी आपको ख़ुश करने के लिए आज काफ़ी कोशिशें करता नज़र आएगा।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। आपको अपने दायरे से बाहर निकलकर ऐसे लोगों से मिलने-जुलने की ज़रूरत है, जो ऊँची जगहों पर हों। आज चाहे दुनिया इधर-की-उधर ही क्यों न हो जाए, आप अपने जीवनसाथी की बाहों से दूर नहीं हो सकेंगे। यदि आपसे कोई बात करना चाहे और आपका मूड बात करने का न हो तो आपको शांति से उसे यह बात समझानी चाहिए।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आज आपके पास अपनी सेहत सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। आज का दिन मज़े करने के लिहाज़ से बढ़िया है, इसलिए अपनी पसंदीदा चीज़ों और काम का लुत्फ़ उठाएँ। आज आप सब कामों को छोड़कर उन कामों को करना पसंद करेंगे जिन्हें आप बचपन के दिनों में करना पसंद करते थे। विवाह एक दैवीय आशीर्वाद है और आज आप इसका अनुभव कर सकते हैं। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में रमेगा जिससे आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

सेहत के नज़रिए से यह वक्त थोड़ा ठीक नहीं है, इसलिए जो आप खाएं उसके प्रति सावधान रहें। आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है। काम-काज में ज़रूरत से ज़्यादा तनाव के चलते परिवार की ज़रूरतों और इच्छाओं को दरकिनार न करें। आपको महसूस होगा कि शादी के वक्त किए गए सारे वादे सच्चे हैं। आपका जीवनसाथी ही आपका हमदम है। कहीं से उधार वापस मिल सकता है जिससे आपकी कुछ आर्थिक समस्याएं दूर हो जाएंगी।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें। ख़र्चों में इज़ाफ़ा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। दिन को रोमांचक बनाने के लिए क़रीबी दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएँ। रात के समय आज आप घर के लोगों से दूर होकर अपने घर की छत या किसी पार्क में टहलना पसंद करेंगे। आज आपको ऐसा अनुभव होगा कि आपके जीवनसाथी के द्वारा आपको नीचा दिखाया जा रहा है। जहां तक सम्भव हो इसे नजरअंदाज करें। आज आँखों में दर्द संभव है।

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

अगर आप घर से बाहर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं तो ऐसे लोगों स दूर रहना सीखें जो आपका धन और समय बर्बाद करते हैं। कोशिश करें की कोई आपकी बातों या काम से आहत न हो और पारिवारिक ज़रूरतों को समझें। यह दिन बेहतरीन दिनों में से एक हो सकता है। आज दिन में आप कई अच्छे प्लान भविष्य के लिए बना सकते हैं लेकिन शाम के वक्त किसी दूर के रिश्तेदार के घर में आ जाने के कारण आपके सारे प्लान धरे के धरे रह सकते हैं। आपकी व्यस्त दिनचर्या के चलते आपका जीवनसाथी आपके ऊपर शक़ कर सकता है।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

दिन की शुरुआत आप योग ध्यान से कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और सारे दिन आपमें ऊर्जा रहेगी। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीज़ें दिलाएगी। आपको अपनी हार से कुछ सबक़ सीखने की ज़रूरत है, क्योंकि आज अपने दिल की बात ज़ाहिर करने से नुक़सान भी हो सकता है। अगर आप अपने दिन को ज़रा बेहतर व्यवस्थित करें, तो अपने खाली समय का पूरा सदुपयोग कर काफ़ी काम कर सकते हैं।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आज आपके भाई-बहन आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं और उनकी मदद करके आप खुद आर्थिक दबाव में आ सकते हैं। हालांकि स्थिति जल्द ही सुधर जाएगी। संभव है कि कोई आपसे अपने प्यार का इज़हार करे। आज धार्मिक कामों में आप अपना खाली समय बिताने का विचार बना सकते हैं। इस दौरान बेवजह की बहसों में आपको नहीं पड़ना चाहिए। वैवाहिक जीवन के लिए विशेष दिन है। अपने जीवनसाथी को बताएँ कि आप उनसे कितना प्यार करते हैं। शांति का वास आपके दिल में रहेगा और इसीलिए आप घर में भी अच्छा माहौल बना पाने में कामयाब होंगे।

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। आज सिर्फ़ बैठने की बजाय कुछ ऐसा कीजिए जो आपकी कमाई में इज़ाफ़ा कर सके। प्रभा-वशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौक़ा साबित होंगी। आपके प्रिय के कड़वे शब्दों के कारण आपका मूड ख़राब हो सकता है। आस-पड़ोस की किसी सुनी-सुनाई बात को लेकर आपका जीवनसाथी तिल-का-ताड़ बना सकता है। आज पानी की जीवन में क्या कीमत है इसके बारे में आप घर के छोटों को लेक्चर दे सकते हैं।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है। आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे। कुछ लोगों के लिए जल्द ही शादी की शहनाई बज सकती है, जबकि दूसरे ज़िन्दगी में नए रोमांस का अनुभव करेंगे। जिन लोगों के घर वाले शिकायत करते हैं कि वो घरवालों को पर्याप्त समय नहीं देते वो आज घरवालों को समय देने के बारे में सोच सकते हैं लेकिन ऐन वक्त पर किसी काम के आने की वजह से ऐसा नहीं हो पाएगा।

## सोमवार का पंचांग

दिनांक : 17 फरवरी 2025 , सोमवार
विक्रम संवत : 2081
मास : फाल्गुन , कृष्ण पक्ष
तिथि : पंचमी रात्रि 04:56 तक
नक्षत्र : चित्रा अहोरात्र
योग : शूल प्रात: 08:54 तक
करण : कौलव दोपहर 03:37 तक
चन्द्रराशि : कन्या सायं 06:03 तक
सूर्योदय : 06:41 , सूर्यास्त 06:18 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:41 , सूर्यास्त 06:26 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:34 , सूर्यास्त 06:18 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:32 , सूर्यास्त 06:10 ( विजयवाडा )

शुभ चौघड़िया
अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रात: 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :- सोमेश्वर पूजन


* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


राजस्थान में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# पीडब्ल्यूडी के एसई मित्तल के आधा दर्जन ठिकानों पर छापे, काली कमाई खुलासा

**जयपुर,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रविवार सुबह सार्वजनिक निर्माण विभाग (विधुत खंड-द्वितीय, जोधपुर) के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार मित्तल के आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और फरीदाबाद में एक साथ की जा रही इस कार्रवाई में करोड़ों की बेनामी संपत्तियों का खुलासा होने की आशंका है।



| | |
|---|---|
| नकद राशि | ₹50 लाख |
| सोने के आभूषण | आधा किलो (500 ग्राम) |
| चांदी के आभूषण | 1.5 किलो |
| बैंक खातों में राशि | ₹40 लाख (18 खातों में) |
| म्यूचुअल फंड निवेश | ₹50 लाख |
| वाहनों पर खर्च | ₹15 लाख |
| बैंक लॉकर | 3 (जिनकी जांच जारी) |
| प्लॉट (जयपुर) | 4 (कीमत ₹1 करोड़) |
| प्लॉट (उदयपुर) | 9 (कीमत ₹1.34 करोड़) |
| प्लॉट (अजमेर/ब्यावर) | 3 (कीमत ₹6.50 लाख) |
| अन्य बेनामी संपत्तियां | जांच जारी |
| महंगी शिक्षा पर खर्च | जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, एम्स गोरखपुर |
| अन्य दस्तावेज | बीमा पॉलिसियां, 70 लाख के हिसाब की पर्चियां |



जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार मित्तल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में छापा मारा। यह छापेमारी जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और फरीदाबाद (हरियाणा) में मित्तल के छह ठिकानों पर की गई। कार्रवाई में करोड़ों रुपये की काली कमाई का पर्दाफाश हुआ। -उइ को इनके खिलाफ गोपनीय सूचना मिली थी, जिसके बाद जब जांच हुई तो खुलासा हुआ कि अभियंता की वैध आय से 203 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली है।

एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के अनुसार, विभाग को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि मित्तल ने भ्रष्टाचार के जरिए बेहिसाब संपत्ति बनाई है। जांच में पुष्टि होने के बाद ऑपरेशन बेफिक्र को अंजाम दिया गया। एसीबी की जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और फरीदाबाद में तैनात टीमें अल सुबह मित्तल के अलग-अलग ठिकानों पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जांच में करोड़ों रुपये की संपत्ति के दस्तावेज, नगदी और सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए। एसीबी की जांच में मित्तल की संपत्ति और काली कमाई से जुड़े कई अहम दस्तावेज सामने आए। इनमें 50 लाख रुपये नकद बरामद हुए। आधा किलो सोने और 1.5 किलो चांदी के आभूषण मिले। 18 बैंक खातों में 40 लाख रुपये जमा मिले। म्यूचुअल फंड में 50 लाख रुपये का निवेश मिला। जयपुर, उदयपुर, अजमेर और ब्यावर में कुल 16 प्लॉट जिनकी कीमत करोड़ों में आंकी गई।

इसके साथ ही तीन बैंक लॉकर मिले जिनकी तलाशी अभी बाकी है। 15 लाख रुपये महंगे वाहनों पर खर्च किए गए। बच्चों की महंगी शिक्षा के दस्तावेज मिले, जिनमें जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी और एम्स गोरखपुर जैसे संस्थानों में फीस के प्रमाण शामिल हैं। एसीबी को संदेह है कि अभियंता ने कई बेनामी संपत्तियां भी बना रखी हैं। जांच अभी जारी है और आगे और संपत्तियों का खुलासा होने की संभावना है।

एसीबी अधिकारियों के अनुसार, दीपक कुमार मित्तल ने अपने कार्यकाल में ठेकों में हेरफेर, रिश्वतखोरी और घोटालों के जरिए यह अकूत संपत्ति बनाई। बड़े सरकारी निर्माण प्रोजेक्ट्स में भ्रष्टाचार कर ठेकेदारों से कमीशन लिया गया और इस पैसे को संपत्तियों में निवेश किया गया। एसीबी के प्राथमिक आकलन में पाया गया कि मित्तल ने अपनी वेतन और वैध आय की तुलना में 203% अधिक संपत्ति अर्जित की, जो पूरी तरह से भ्रष्टाचार से कमाई गई काली दौलत मानी जा रही है। एसीबी के अनुसार, मित्तल ने अपने परिजनों और करीबियों के नाम पर भी कई बेनामी संपत्तियां खरीदी हैं। इसके लिए दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं और संपत्तियों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

एसीबी अधिकारियों ने साफ किया है कि सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई से सरकारी तंत्र में हड़कंप मचा हुआ है और अब सवाल यह उठ रहा है कि जब एक अधिशाषी अभियंता इतनी बड़ी काली कमाई कर सकता है, तो अन्य सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार का क्या हाल होगा? क्या यह मामला बाकी भ्रष्ट अफसरों के लिए सबक बनेगा, या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा?

## क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन आज

### मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

**जयपुर,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा उत्तर- 1, उत्तर-2, मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 17 फरवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी), जयपुर में किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेम चन्द बैरवा एवं दिया कुमारी की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मंजु शर्मा, संसद सदस्य, लोकसभा और मदन राठौड़, संसद सदस्य, राज्यसभा भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में राजभाषा विभाग की सचिव सहित बड़ी संख्या में केंद्र सरकार के कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों आदि के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली ने आज जयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा इन क्षेत्रों में स्थित विभिन्न कार्यालयों, बैंकों एवं उपक्रमों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकासों) को नराकास राजभाषा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

## राजस्थान में जजों की कमी : न्यायाधीश गर्ग

**भीलवाड़ा,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर पीठ के विद्ववान न्यायाधीश मनोज गर्ग ने कहा कि राजस्थान में जजो की कमी है, जिसके चलते केस लंबित रहते है। जजों की कमी को दूर करने के लिये प्रक्रिया चल रही है, नये जज शीघ्र आयेगें। यह बात विद्वान न्यायाधीश ने शनिवार को शहर के नगर निगम सभागार में आयोजित जिला अभिभाषक संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश शर्मा व उनकी कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। कार्यक्रम में विद्वान न्यायाधीश फरजन अली व मनोरी लक्ष्मण, बार काउंसिल ऑफ इण्डिया के को चेयरमैन सुरेश श्रीमाली, जिला न्यायाधीश अजय शर्मा सहित कई अन्य न्यायाधीश उपस्थित थें।

## भजनलाल शर्मा की योग गुरु स्वामी रामदेव से शिष्टाचार भेंट



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से रविवार को योग गुरु स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के मध्य योग एवं आयुर्वेद पर विस्तृत चर्चा भी हुई।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई मौतों पर अनिल विज ने जताया दुख

**अम्बाला,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गत दिवस हुए हादसे पर गहरा दुख जताते हुए हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मामले में जांच के आदेश दे दिए है और उन्हें विश्वास है कि जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा, जिसकी वजह से इतनी बड़ी घटना हुई उसे बक्शा नहीं जाएगा। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



हरियाणा में निकाय चुनाव को लेकर मेयर का चुनाव कांग्रेस अपने सिंबल पर लड़ने की बात कह रही है जिस पर विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कोई भी पार्टी मुकाबला नहीं कर सकती, चाहे ये सिंबल डाल कर आए या फिर बिना सिंबल के आ जाए, किसी भी प्रकार से आ जाए।

उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास संगठन नाम की कोई चीज नहीं है। अभी तक वो अपना विधायक दल का नेता नहीं चुन पाए। उन्होंने कांग्रेस को जीरो बटा जीरो सीटें आने का दावा किया, वहीं उन्होंने निकाय चुनावों में बीजेपी की जीत का दावा किया। पंजाब के मंत्री धालीवाल के बयान कि अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारतीय के लिए अच्छी बस भेजनी चाहिए थी पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है कि किसने क्या कहा लेकिन वह विभाग से पता करेंगे।

## कुप्रबंधन और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण हुई नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ : राघव चड्ढा

**चंडीगढ़,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात मची भगदड़ पर आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने दुख जताया है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना बहुत दुखद है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वे मृतकों को अपने चरणों में स्थान दें, उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें। जो लोग घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



सांसद राघव चड्ढा ने कहा, मैंने बीती 11 फरवरी को राज्यसभा को संबोधित करते हुए रेलवे से संबंधित कई मुद्दे उठाए थे। मुझे लगता है कि मैं अपने द्वारा उठाए गए मुद्दों पर रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित नहीं कर पाया। कुप्रबंधन और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण यह घटना हुई जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले निर्दोष लोग रेलवे के कुप्रबंधन का शिकार हो गए हैं। उन्होंने व्यवस्था को ऐसा बना दिया है कि लोग खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि ऐसा कोई दिन नहीं है, जब रेलवे में किसी घटना की खबर न मिली हो। मैं रेलवे की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय करने की मांग करता हूं। भारतीय रेलवे को सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि ऐसी घटना न हो।

बता दें कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 13 और 14 पर शनिवार देर रात उस समय भगदड़ मच गई जब कथित तौर पर यात्रियों के बीच प्रयागराज जा रही दो ट्रेनों के रद्द होने की अफवाह फैल गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत की पुष्टि हुई, हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। हादसे के बाद रेलवे ने विशेष ट्रेनों की व्यवस्था कर प्लेटफॉर्म पर भीड़ का दबाव कम किया। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।


### पत्रकारों के हितों के लिए

## महत्त्वपूर्ण कदम उठा रहा है भारतीय पत्रकार कल्याण मंच : चौधरी

**चंडीगढ़,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. राष्ट्रीय मुख्यालय कुरुक्षेत्र की ओर से राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए पत्रकारों का एक टूर कुरुक्षेत्र के पिपली पैराकीट विश्राम गृह से हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुआ। इस खास अवसर पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद कुरूक्षेत्र के वाईस चेयरमैन डी.पी. चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर पत्रकारों के टूर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, चंडीगढ़ से हरियाणा के वरिष्ठ पत्रकार, भारतीय पत्रकार कल्याण मंच हरियाणा प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं चंडीगढ़ स्तिथ हरियाणा सरकार के सचिवालय में हरियाणा की कवरेज करने वाले मंच से जुड़े मीडिया पर्सन्स के प्रभारी ओमप्रकाश राय, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर दुग्गल, राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह, प्रदेश के ज्वाईंट सैक्रेटरी अजय ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। हरी झंडी देने से पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए वाईस चेयरमैन डी.पी. चौधरी ने कहा कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच पत्रकारों को ओर ज्यादा आगे बढ़ने का मौका दे रहा है, क्योंकि पत्रकारों का सफर चुनौतियों भरा रहता है, ऐसे में बिना प्रशिक्षण के पत्रकार अपने कार्य को बेहतर तरीके से नही कर सकते, लेकिन भारतीय पत्रकार कल्याण मंच ही एक ऐसा संगठन है, जो पूरे भारत देश के पत्रकारों को समय-समय पर तरह तरह के लगातार राज्य ओर राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण दे रहा है, जोकि काबिलेतारीफ है।

## 2 लाख नौकरियां देना तो दूर, सीईटी तक नहीं करवा पा रही भाजपा सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पक्की नौकरी देना तो दूर, बीजेपी इतने साल में उएढ तक नहीं करवा पा रही है। उएढ के नाम पर भाजपा ने युवाओं का घनचक्कर बना रखा है। 2 लाख पक्की नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आई बीजेपी अभी तक सीईटी के नियम और तारीख तक तय नहीं कर पाई।




हुड्डा ने कहा कि भाजपा अपनी चिर-परिचित नीति के तहत बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। भर्तियों के इंतजार में ओवर ऐज हो रहे लाखों बेरोजगार युवा लगातार सीईटी और नई भर्तियों का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन हमेशा की तरह सरकार द्वारा तारीख पर तारीख दी जा रही है। इस मौके पर जारी बयान में उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले बीजेपी ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे सभी 1.20 लाख कर्मचारियों को पक्का करने का ऐलान किया था। इतना ही नहीं बीजेपी ने चुनाव के दौरान कांग्रेस के खिलाफ झूठ भी फलाया। उसने झूठ बोला कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो कौशल निगम को खत्म करके सभी कच्चे कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया जाएगा। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में सभी कौशल कर्मियों को नियमित करने और उचित वेतन बढ़ोतरी का वादा किया था।

लेकिन चुनाव के बाद बीजेपी के झूठ की सच्चाई सबके सामने आ गई। अपने ही वादे से मुकरते हुए बीजेपी ने सरकार बनते ही कौशल निगम कर्मियों को नौकरी से निकालना शुरू कर दिया। एक-एक करके हर विभाग से सरकार ने कौशल निगम कर्मियों की छटनी शुरू कर दी है। इतना ही नहीं कौशल कर्मियों को पक्का करने के नियम को बीजेपी हाई कोर्ट में भी डिफेंड नहीं कर पाई और हाई कोर्ट ने भाजपा द्वारा बनाए गए नियमों को अनुचित करार दे दिया।

## रेलवे प्रशासन और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करता है दिल्ली हादसा : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़,16 फरवरी (एजेंसियां)।**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। इस हादसे में 18 लोगों की मृत्यु और कई अन्य घायल हुए हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूँ। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह घटना रेलवे प्रशासन की गंभीर लापरवाही और सरकार की असंवेद-नशीलता को उजागर करती है। प्रयागराज महाकुंभ के लिए यात्रियों की भारी भीड़ की संभावना के बावजूद, स्टेशन पर उचित प्रबंधों का अभाव स्पष्ट है। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएँ न हों, और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि हो।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि शनिवार शाम से ही स्टेशन पर भीड़ लगातार बढ़ रही थी मगर वहां पर न तो रेलवे की तरफ से और न ही रेलवे पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए थे। इन प्लेटफार्म पर इक्का-दुक्का ही पुलिस वाले नजर आ रहे थे, जबकि जिस तरह से भीड़ वहां बढ़ रही थी तो हर प्लेटफार्म पर कम से कम 30 से 40 पुलिसकर्मी तैनात होने चाहिए थे, वहीं रेलवे के कर्मचारी भी नदारद थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि रेलवे के पास पर्याप्त इंतजाम नहीं थे बावजूद इसके धडाधड़ टिकट काटे जा रहे थे। ट्रेन में इतने यात्री बैठने की सुविधा नहीं थी उससे दुगने टिकट काटे गए जिसके कारण ही स्टेशन पर भीड़ का दवाब बना। कुमारी सैलजा ने कहा कि सवाल यह उठता है कि रेलवे विभाग और रेलवे पुलिस को यह जानकारी कैसे नहीं हो सकी कि रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ हो चुकी है। लापरवाही का आलम यह भी रहा कि जो लोग इस घटना में घायल हुए थे, उनको अस्पताल पहुंचने में भी काफी देरी हुई, क्योंकि रेलवे स्टेशन पर केवल एक ही एंबुलेंस उपलब्ध थी जबकि इस माहौल में वहां पर एंबुलेंस की संख्या नहीं बढ़ाई गई।



कुमारी सैलजा ने कहा है कि हैरानी की बात तो यह है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी प्रशासन को कोई खबर तक नहीं थी। प्रशासन की भी नींद तब खुली जब लोकनायक पहुंचे घायलों में 18 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। स्टेशन पर जब हादसा हुआ तो यात्री और कुलियों ने ही सबसे पहले बचाव कार्य शुरू किया बाकी टीमें बाद में पहुंची। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार ने इस प्रकार के रेल हादसों से कोई सबक नहीं लिया, सरकार और रेलवे विभाग को अच्छी तरह से पता है कि महाकुंभ को लेकर हर स्टेशन पर भीड़ का दवाब बढ़ रहा है, रेलवे को इसे लेकर कदम उठाने चाहिए थे पर ऐसा नहीं हुआ।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिंदी दैनिक समाचार पत्र

## कुंभ की आस्था और जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ

# प्रलय की प्रतीक्षा न करें, धरती को हराभरा बनाएं : सीएम योगी





**महाकुंभ नगर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में कुंभ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा।

उन्होंने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुंभ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने दिल्ली में हुई घटना पर अफसोस जताते हुए सभी पुण्य आत्माओं के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुंभ में भी देखने को मिल रही है. एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है, लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है। अगर वही व्यक्ति पार्किंग के स्थान पर अपना वाहन पार्क करे तो हो सकता है कि उसे 100 मीटर ज्यादा पैदल चलना पड़े, लेकिन सड़क पर कहीं जाम नहीं होगा और आसानी से वह संगम में स्नान कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इस जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं, इसके बारे में चिंतन करना और उसे अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना, यह सचमुच महाकुंभ का हिस्सा बनना चाहिए। इसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी से लेकर 16 फरवरी के बीच 52 करोड़ श्रद्धालु मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की इस पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। 52 करोड़ लोग तब यहां डुबकी लगा पा रहे हैं, जब मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की कृपा से यहां अविरल जल उन्हें मिल पा रहा है। जो भी यहां डुबकी लगा रहा है उसे आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव मिल रहा है। इस अनुभव को जब वह अपने गांव में और आसपास के क्षेत्र में साझा कर रहा है, तभी वहां से बड़े पैमाने पर श्रद्धालु यहां आकर इस पूरे आयोजन को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको सोचना होगा की कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरण के प्रदूषण का कारण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन का ही कारण है कि धरती माता की धमनियों के रूप में जिन नदियों को अविरल बहना चाहिए था वह सूखती जा रही हैं। अनुमान कीजिए, अगर शरीर की रक्त धमनियां सूख गई तो शरीर की स्थिति क्या होगी। अगर धरती माता की धमनियां सूख गईं या प्रदूषित हो गई तो जिन धमनियों से रक्त का प्रवाह होना चाहिए उसकी क्या स्थिति होगी।

सीएम योगी ने कहा कि धरती माता के साथ खिलवाड़ न हो, इसको ध्यान में रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्षों के अंदर हमारी सरकार ने 210 करोड़ वृक्षारोपण किया है। वन विभाग के द्वारा जो वृक्ष लगाए गए हैं उसमें 70 से लेकर 80 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं। वहीं विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से जो वृक्षारोपण हुआ है उसमें भी 60 से 70 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं। डीजल से चलने वाली बसों के स्थान पर इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए पॉलिसी बनाई और अनेक कार्यक्रम बढ़ाए गए हैं। मर चुकी नदियों को फिर से पुनर्जीवित करने का काम किया। आज जो संगम में इतना पावन स्नान एक साथ एक दिन में करोड़ों लोग कर पा रहे हैं। जितनी भीड़ कभी मौनी अमावस्या को जुटती थी उतनी भीड़ हर दिन हो रही है। नदियों को चैनेलाइज किया गया। संगम क्षेत्र का दायरा बढ़ाया गया। संगम में हर समय 10 हजार से 11 हजार क्यूसेक जल हमेशा मौजूद रहे इसको सुनिश्चित किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है, लेकिन हमारा भी प्रयास होना चाहिए कि हम भी इसमें कैसे भागीदार बन सकते हैं। दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग करना क्या हम रोक पाएंगे, क्या नदियों पर कब्जा करना और प्रदूषण करने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण कर पाएंगे, वन्य जीवों के प्रति क्या हमारे मन में भी संवेदना जागृत होगी, क्योंकि जैसे हमारा जीवन चक्र है ऐसे ही धरती माता का भी अपना एक जीवन चक्र है। हम दोनों को एक साथ जोड़ करके देखेंगे तब यह सृष्टि रहेगी। एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ आस्था के नाम लगाने के क्रम में हम भी सहभागी बन सकें। इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, परमार्थ आश्रम के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनि, जगद्गुरु स्वामी मुकुंदानंद, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना एवं राज्य मंत्री केपी मलिक समेत विधायक व अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाकुंभ में त्रिजटा स्नान करके स्वयं को धन्य माना

### कई राजनीतिक दिग्गजों ने लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर, 15 फरवरी (एजेंसियां)।**

महाकुंभ-2025 में हर एक क्षण विशिष्ट है और हर एक दिन का अपना महत्व है जिसका साक्षात्कार करने दुनिया भर से सनातनी खंचे चले आ रहे हैं। शनिवार को फाल्गुन कृष्ण तृतिया के अवसर पर एक ओर दंडी स्वामियों का त्रिजटा स्नान सम्पन्न हुआ, वहीं इस दिन के विशेष महत्व को देखते हुए राजनीति जगत के दिग्गजों का तांता भी महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगा रहा। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया। वहीं, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने पत्नी के साथ स्नान करके संगम स्नान को पूर्ण किया। केंद्रीय मंत्री जीतेंद्र सिंह और चिराग पासवान ने भी शनिवार को आस्था की डुबकी लगाई। उनके अतिरिक्त, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के सांसद व बीसीसीआई सचिव राजीव शुक्ला, अपर्णा यादव तथा महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नितेश नारायण राणे ने भी शनिवार को महाकुंभ के अंतर्गत आस्था की पवित्र डुबकी लगाकर खुद को धन्य माना। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए यह बेहद सुखद क्षण है। महाकुंभ का साक्षी बनना और स्नान करना बेहद सौभाग्य की बात है। योगी सरकार शानदार काम कर रही है, उनके अतिरिक्त इस प्रकार का वृहद आयोजन संभव नहीं है। सीएम योगी और पीएम मोदी की डबल इंजन की जोड़ी ही इतने वृहद स्तर पर इतना भव्य आयोजन करना सकती है। केंद्री मंत्री की पत्नी लक्ष्मी पुरी ने कहा, महाकुंभ के इस अवसर पर आकर अलौकिक आनंद प्राप्त हो रहा है। यहां की व्यवस्थाएं भी उतनी ही भव्य व दिव्य हैं जितना इस परम पवित्र स्थान का महत्व है।

केंद्रीय मंत्री जीतेंद्र सिंह ने कहा, मैं मानता हूं कि हम अपने जीवन में इस महाकुंभ के साक्षी बनने के लिए बहुत भाग्यशाली हैं। यहां आना एक अद्भुत अनुभव रहा है। यहां की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में इस तरह की उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं, चाहे वह राम मंदिर का अभिषेक समारोह हो, महाकुंभ हो या अनुच्छेद 370 को हटाना हो। यहां फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाए गए हैं, जो स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, महाकुंभ मैं पूरे परिवार के साथ पूरी श्रद्धा के साथ आया हूं। लंबे समय से मन में इच्छा थी कि इस महासमागम का हिस्सा बनूं। भगवान सभी के जीवन में खुशियां दे, तरक्की दे। हमारा देश-प्रदेश खुशहाल बने और प्रधानमंत्री मोदी का सपना साकार हो इसी कामना के साथ हम आए हैं। जिस प्रकार स्थानीय प्रशासन के द्वारा और सीएम योगी द्वारा स्वयं मॉनिटरिंग इतनी बड़ी व्यवस्था को सफल बनाया वह अनुकरणीय है। इतनी बड़ी व्यवस्था को लागू कराना आसान काम नहीं है, बावजूद इसके सभी व्यवस्थाएं बहुत बेहतर रहीं। कांग्रेस नेता व सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, यह एक अद्भुत अनुभव है। यह एक आध्यात्मिक आयोजन है। करोड़ों लोग बिना किसी निमंत्रण के कुंभ में आते थे, यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। मैं भी बचपन से ही इस आयोजन में आता रहा हूं। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव ने कहा, महाकुंभ बहुत दिव्य है। यहां प्रधानमंत्री मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से बड़ी संख्या में लोग त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं।

## महामहिम ने महाकुंभ में लगाई हाजिरी

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

**महाकुंभनगर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के महासमागम में रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रविवार को उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और महाकुंभ में सम्मिलित होने के अवसर को उन्होंने विशिष्ट बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में विधिवत दर्शन-पूजन व अर्चन किया। महाकुंभ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुईं राज्यपाल ने कहा यह एक अलग प्रकार का दिव्य अनुभव है जो वर्षों तक स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने कहा कि डुबकी लगाने के बाद



एक विशिष्ट प्रकार का अनुभव हो रहा है जो तीर्थराज प्रयागराज की आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सारे देश और विश्व की आस्था के केंद्र में है। ऐसे में, देश-दुनिया से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। इस सारी व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने प्रयागराज आकर विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले स्नानार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुव्यवस्थित तरीके से लोग स्नान करके अपने गंतव्य स्थलों को जा रहे हैं वह अद्भुत है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रविवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिए वह डीपीएस अरैल पहुंचीं जहां रिजर्व्ड हेलिपैड पर उनका हेलिकॉप्टर उतरा। यहां से अरैल घाट से मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए वह त्रिवेणी संगम पहुंची जहां उन्होंने विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए उन्होंने किला घाट पहुंचकर अक्षयवट का पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत, सरस्वती कूप व बड़े हनुमान मंदिर में भी उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन किया।

## यूपी ने कठिन कार्य को सरलतापूर्वक संभव बनाया: नितिन गडकरी

### नितिन गडकरी ने परिवार के साथ संगम में लगाई डुबकी

**महाकुंभनगर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के महासमागम की दिव्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन यहां दिग्गजों का तांता लगा रहता है जो पुण्य की डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानते हैं। इसी क्रम में, रविवार को केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पत्नी व परिवार समेत त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद का जीवन धन्य माना। प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीएम योगी ने उनका स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके उपरांत, गडकरी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने पत्नी व परिवार के साथ विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। गडकरी त्रिवेणी संगम में स्नान कर अभिभूत दिखे और यह प्रसन्नता उनके चेहरे पर





स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी।

उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है जो सरल नहीं है। उनके अनुसार, यह प्रयास कड़ी मेहनत का हैं परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के काफी मेहनत की है जो स्पष्ट तौर पर दिख रही है।

यही कारण है कि देशभर से लोग इस महासमागम में आने को लेकर उत्साहित व आनंदित हैं और खुद आकर यहां मिल रही अभूतपूर्व व्यवस्था का साक्षात्कार करना चाहते हैं।

गडकरी ने त्रिवेणी स्नान को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि महाकुंभ महापर्व देश भर की आस्था का केंद्र है। यही कारण है कि देशभर से लोग यहां गाड़ी लेकर आ रहे हैं। गडकरी ने बताया कि मेरे शहर नागपुर से भी हजारों लोग गाड़ियां लेकर यहां आए हैं। मेरे साथ कैबिनेट के सहयोगी भी साथ आए हैं। यहां के प्रशासन, पुलिस व कर्मचारियों ने अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की हैं। मां गंगा में आशीर्वाद हम सबको प्राप्त हो। निश्चित रूप से विश्व के कल्याण हो, सबका कल्याण हो यही हमारी भावना है। गडकरी ने त्रिवेणी संगम में पत्नी व परिवार के साथ स्नान किया और गंगा जल का आचमन कर सबके कल्याण की प्रार्थना की। घाट पर स्नान करने जुटी स्नानार्थियों की भारी भीड़ का उन्होंने अभिवादन भी किया। इस दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहे। गडकरी ने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी स्नान व पूजन की वीडियो व तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, प्रयागराज... हर हर गंगे। प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान व पूजन-अर्चन का सौभाग्य प्राप्त हुआ, पवित्र निर्मल मां गंगा का आशीर्वाद मिला। गडकरी ने सीएम योगी से मुलाकात का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया और लिखा कि महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

## महाकुंभ का कीर्तिमान, सनातन की अद्भुत सुनामी

### महाकुंभ में पहुंचे 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु

**महाकुंभ नगर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

पावन संगम की धर्मधरा में धर्म, अध्यात्म एवं आस्था के महासंगम प्रयागराज महाकुंभ में रविवार तक करीब 52 करोड़ लोग पुण्य स्नान कर चुके हैं। मात्र 33 दिनों में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन से इतिहास बन गया है। यह भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय एकता की मिसाल है। सनातन के इस विराट दर्शन के अलग-अलग निहितार्थ साधु समाज, धर्माचार्य और शोध संस्थान बता रहे हैं।

संगम नगरी प्रयागराज की धरती पर 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य व नव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ 2025 इतिहास रच चुका है। महाकुंभ के समापन के पूर्व ही 33 दिनों में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। साधु संत और धर्माचार्य



इस उपलब्धि को सनातन की बता रहे हैं। सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़ों में सबसे पहले अस्तित्व में आए श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी का कहना है कि महाकुंभ में उमड़ा जन आस्था का यह सैलाब सनातन धर्म की सुनामी है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी का कहना है कि यह महाकुंभ धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता बन गया है।

भारत के इस विराट समागम में महाकुंभ के समापन के 12 दिन पहले ही 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। महाकुंभ की सहभागिता पर शोध कर रही विभिन्न शोध संस्थानों ने इसे लेकर अपने अपने तथ्य पूर्ण विश्लेषण किए हैं। महाकुंभ और तीर्थ स्थलों पर शोध कर रहे सरस्वती पत्रिका के संपादक और प्रयाग गौरव पुस्तक के लेखक रवि नंदन सिंह बताते हैं कि सत्ता और संस्कृति हमेशा से एक दूसरे को प्रभावित करते रहे हैं। सनातन को केंद्र में रखकर चल रही सत्ता की अभिव्यक्ति भी इस महा कुंभ में हुई है। दिव्य,भव्य और डिजिटल महाकुंभ के केंद्र में सनातन और युवा दोनों थे। डिजिटल महाकुंभ के संकल्प से तकनीकी और युवाओं की निकटता बढ़ी। जो युवा पूर्व की सत्ता में धर्म और सनातन को लेकर उदासीन या निरपेक्ष था अब उत्सुकतावश वह सनातन को निकट से देखने महाकुंभ आया। इस तरह सत्ता में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का हिंदुत्व और सनातन का चेहरा युवाओं के लिए नया सोसाइटी का फेस बन गया। तीर्थ स्थलों पर शोध और अध्ययन करने वाली संस्था पिलग्रिम सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रो डीपी दुबे भी मानते हैं कि महाकुंभ के इस नए कीर्तिमान के केंद्र में युवा सनातन नेतृत्व का एक बड़ा चेहरा है।

# महाकुंभ सनातन सभ्यता की जीवंतता का प्रमाण: धर्मेंद्र प्रधान




**महाकुंभ नगर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने महाकुंभ 2025 में शामिल होने को सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा, हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि महाकुंभ 2025 में भाग लेने का अवसर मिला। हम यहां आकर बेहद खुश हैं।त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान करने के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, महाकुंभ, सनातन सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और हमारी शाश्वत परंपराओं की जीवन्तता का प्रमाण है। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाना मेरा असीम सौभाग्य है। एकता के महाकुंभ में अमृत स्नान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभूति है। मां गंगा सभी का कल्याण करें, यही कामना है। हर हर गंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण भी उपस्थित रहे। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने भी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। मंत्रियों ने मां गंगा का विधिवत पूजन कर राष्ट्र और जनकल्याण की कामना की।

# महाकुंभ में नागा संतों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए भरी हुंकार



### नागा साधुओं ने नदी शुद्धिकरण का संकल्प लिया

**महाकुंभनगर, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** संगम की रेत पर नागा साधुओं ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए हुंकार भरी। इस ऐतिहासिक आयोजन में विभिन्न अखाड़ों के नागा साधुओं ने पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ नदी शुद्धिकरण का संकल्प लिया। नागा संन्यासियों को संबोधित करते हुए वाटर विमन शिप्रा पाठक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर यदि आज हम नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियां महाकुंभ के मोक्ष और पुण्य को तरस जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान नागा साधुओं ने संकल्प लिया कि हर व्यक्ति हर वर्ष एक पौधा लगाएगा और उसका संरक्षण करेगा। इस पहल के जरिए देशभर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।अमृतेश्वर महादेव पीठाधीश्वर श्री सहदेवानंद गिरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब अध्यात्म और पर्यावरण एक साथ खड़े हैं। वहीं, दिगंबर शक्ति गिरी ने कहा कि इस पहल को पूरे भारत में फैलाया जाएगा। जिससे देश को हरा-भरा बनाया जा सके। महाकुंभ में हुए इस अनोखे संगम ने यह सिद्ध कर दिया कि जब धर्म और पर्यावरण एक साथ आते हैं, तो एक नया जागरण जन्म लेता है।

संतों ने कहा कि नागा साधु केवल तपस्वी नहीं, बल्कि राष्ट्र रक्षकों का इतिहास भी रखते हैं। जब-जब राष्ट्र पर आक्रमण हुआ, नागाओं ने तलवार उठाई है। अब समय आ गया है कि वे त्रिशूल, डमरू और तलवार के साथ यह संदेश दें कि नदियों के दोहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### उप मुख्यमंत्री ने सपा सुप्रीमो पर साधा निशाना

# फ्रस्टेट हो चुके हैं अखिलेश यादव : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ, 15 फरवरी (एजेंसियां)।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव फ्रस्टेट हो चुके हैं। विधानसभा उपचुनाव में 10 में से 8 सीटों पर वे बुरी तरह से पराजित हुए हैं।



वे हार के सदमे में हैं। यही कारण है कि महाकुंभ में उमड़ा जनज्वार उन्हें भा नहीं रहा है, जनआस्था उन्हें स्वीकार नहीं हो रही है। उनके मित्र राहुल गांधी इंडियन स्टेट से लड़ने की बात कर रहे हैं। अखिलेश यादव सनातन धर्म से द्रोह कर रहे हैं। भाजपा का विरोध करते करते सनातन धर्म का विरोध करने लगे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में भारत इंफ्रास्ट्रक्चर, नवाचार, अंतरिक्ष विज्ञान समेत हर क्षेत्र में विश्व पटल पर दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लाशों पर राजनीति करने वाले लोग हैं। इन्हें प्रभु रामलला की जन्मभूमि पर बना भव्य मंदिर और महाकुंभ भा नहीं रहा है।

पाठक ने कहा कि भारत जब अपनी सांस्कृतिक चेतना को तेजी के साथ दुनिया के पैमाने पर पस-ारने का काम कर रहा है तो इन्हें अच्छा नहीं लग रहा है। महाकुंभ में भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के महोत्सव में आस्था और आध्यात्मिक आह्लाद का अनूठा संगम हो रहा है। विश्व सनातन भारतीय संस्कृति और परंपराओं का दर्शन कर रहा है। जाति-पाति, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी से उठकर करोड़ों लोग डुबकी लगाकर जीवन को धन्य मान रहे हैं। यही अनेकता में एकता और भारत की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कुंभ पहले भी आयोजित होते रहे, लेकिन कभी किसी भी सरकार ने इतना ध्यान नहीं दिया। महाकुंभ का आयोजन ऐसा कार्यक्रम बन गया है, जहां दुनिया भारत की तरफ देख रही है।

# महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर संत समाज अभिभूत

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों से किया संवाद

**महाकुंभ नगर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुंभ नगर पहुंचे, यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु संतों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवध-ेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुंभ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुंभ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की।

मुख्यमंत्री सेक्टर 21 में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद वे सेक्टर 18 स्थित प्रभु प्रेमी संघ अंबाला शिविर पहुंचे, जहां संतों का सानिध्य प्राप्त किया। महाकुंभ 2025 का यह आयोजन 144 वर्षों के पुण्य संयोग में हो रहा है, जिसमें अब तक करीब 52 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। दिव्य और भव्य महाकुंभ की सराहना न केवल देशभर के श्रद्धालु कर रहे हैं बल्कि विदेशी पर्यटक भी इसकी भव्यता से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पा रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं और साधु-संतों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हर प्रयास किए हैं। उन्होंने संत समाज और श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी धार्मिक आयोजनों को इसी भव्यता और दिव्यता के साथ सम्पन्न किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं: महबूबा



**श्रीनगर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति 'सामान्य' नहीं है।

सुश्री मुफ्ती ने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा, अपने मुंह मियां मिट्ठू होने का मतलब यह नहीं है कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोग सब कुछ चुपचाप देख रहे हैं और यह मत मानिए कि यह सामान्य स्थिति है।

पीडीपी अध्यक्ष ने कहा, कश्मीर में कुछ भी सामान्य नहीं है। अगर स्थिति ठीक होती, तो गृह मंत्री सुरक्षा समीक्षा बैठकें नहीं बुलाते। उपराज्यपाल भी जम्मू में एक और कश्मीर में एक सुरक्षा समीक्षा बैठकें बुला रहे हैं।

उन्होंने कहा, लोगों को उम्मीद थी कि जब चुनी हुई सरकार बनेगी तो कर्मचारियों की बर्खास्तगी में कमी आएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जिन तीन अधिकारियों को बर्खास्त किया गया, उनमें से एक कांस्टेबल फिरदौस था, जो आतंकवादी हमले में घायल हो गया था और उसके शरीर पर 50 टांके लगे थे। वह 2022 से श्रीनगर के पुराने इलाके कमरवारी में रह रहा है और अपने पैतृक घर नहीं गया है।

सुश्री मुफ्ती ने कहा, मैं मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अनुरोध करती हूं कि चूंकि उन्हें लोगों ने बड़ा जनादेश दिया है और बड़ी जिम्मेदारी उठानी है, संसद में 2019 में लिए गए नाजायज और असंवैधानिक फैसले पर क्या वह मुहर लगाने जा रहे हैं? अगर ऐसा होता है, तो अनुच्छेद 370 और 35ए का हमारा मामला कमजोर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में बिजनेस रूल में पीडीपी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद लोन और इंजीनियर राशिद की अवामी इत्तिहाद पार्टी को सदस्य नहीं चुना गया है, इसके बजाय भारतीय जनता पार्टी को चुना गया है। उन्होंने कहा, मैं भाजपा सरकार से कहना चाहती हूं कि 2016 में जम्मू-कश्मीर के अलगाववादियों से बात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल यहां भेजा गया था, लेकिन उन्होंने (अलगाववादियों ने) कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और उन्हें लगा कि पथराव या पुलिस थानों और अस्प-तालों को जलाने से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा हल हो जाएगा..लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा, अगर भारत सरकार जम्मू-कश्मीर को सम्मान के साथ अपने साथ रखना चाहती है, तो दिवंगत पीडीपी संरक्षक मुफ्ती मोहम्मद सैयद द्वारा दिये गये रोड मैप का पालन करें और जम्मू-कश्मीर के लोगों के पास उनकी शिकायतों के निवारण के लिए आने का यह सबसे अच्छा समय है।

सुश्री मुफ्ती ने सरकार से रावलकोट, मुजफ्फराबाद से व्यापार फिर से शुरू करने और जम्मू सियालकोट मार्ग को भी फिर से खोलने का आग्रह किया। उन्होंने बाहरी जेलों में बंद बंदियों और विच-ाराधीन कैदियों को कश्मीर वापस लाने का आग्रह किया ताकि उनके रिश्तेदार उनसे मिल सकें और निर्दोष लोगों को गिरफ्तार करना बंद किया जा सके।

# द्वीपों की सुरक्षा और अवैध अतिक्रमण से निपटने के लिए बेट द्वारका में सैन्य अभ्यास जल-थल-रक्षा 2025 का आयोजन



**द्वारका (गुजरात),16 फरवरी (एजेंसियां)।** द्वारका और उसके आस-पास के द्वीपों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, खासकर हाल ही में हुए अवैध अतिक्रमणों के जवाब में, बेट द्वारका में जल-थल-रक्षा 2025 नामक सैन्य अभ्यास का आयोजन किया गया। बड़े पैमाने पर किए गए इस अभ्यास में 11 अहमदाबाद और 31 जामनगर सेना इकाइयों के साथ-साथ भारतीय तटरक्षक और समुद्री पुलिस ने भी भाग लिया।सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल अमोल अवाटे ने अभ्यास के बारे में विस्तार से बताया और कहा, द्वारका और उसके आस-पास के द्वीपों की सुरक्षा और हाल ही में हुए अवैध अतिक्रमण को ध्यान में रखते हुए, भारतीय सेना ने जल-थल-शक्ति अभ्यास 2025 का आयोजन किया। इसमें 11 अहमदाबाद, 31 जामनगर, भारतीय तटरक्षक और समुद्री पुलिस ने भाग लिया।उन्होंने कहा, इस अभ्यास की निगरानी देवभूमि द्वारका के जिला प्रशासन, वन विभाग, गुजरात ऊर्जा के समुद्री बोर्ड, एनएसजी द्वारा की गई। अभ्यास के दौरान, यह अभ्यास किया गया कि आतंकवादी हमले या युद्ध के दौरान सरकारी विभागों और अर्धसैनिक बलों और रक्षा बलों के बीच किस तरह का समन्वय होना चाहिए। अभ्यास के एक वीडियो में सुरक्षा कर्मियों को होवरक्राफ्ट के माध्यम से तट पर तैनात किया गया, जहाँ उन्होंने महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को सुरक्षित करने और संभावित भूमि-आधारित खतरों का जवाब देने का अभ्यास किया।

इससे पहले, भारतीय सेना के सैनिकों ने हाल ही में एक्स विंग्ड रेडर नामक एक व्यापक प्रशिक्षण अभ्यास में भाग लिया। अभ्यास में विशेष हवाई अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें उच्च स्तर की परिचालन तत्परता और अंतर-सेवा समन्वय का प्रदर्शन किया गया। एक विज्ञप्ति के अनुसार, अभ्यास में फिक्स्ड-विंग और रोटरी-विंग दोनों विमानों से विभिन्न हवाई प्रविष्टि तकनीकों का पूर्वाभ्यास शामिल था, जिससे भाग लेने वाले कर्मियों के कौशल में वृद्धि हुई।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने गार्ड ऑफ चेंज समारोह के नए प्रारूप का अवलोकन किया



**नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में नए प्रारूप में गार्ड ऑफ चेंज समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम का अवलोकन किया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह समारोह अगले शनिवार यानी 22 फरवरी से बड़ी संख्या में आगंतुकों के लिए खुला रहेगा, जिसमें लोग राष्ट्रपति भवन की पृष्ठभूमि में एक गतिशील दृश्य और संगीत प्रदर्शन देख सकते हैं।

राष्ट्रपति के अंगरक्षक दल की टुकड़ियों और घोड़ों तथा पारंपरिक गार्ड बटालियन की टुकड़ियों के साथ-साथ पारंपरिक सैन्य ब्रास बैंड बड़े क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के नए प्रारूप का हिस्सा हैं।

आगंतुक इस कार्यक्रम को देखने के लिए राष्ट्रपति भवन की साइट पर अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### इंडोनेशिया में भारतीय नौसेना की धमक

# अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में भाग लेने पहुंचे आईएनएस शार्दुल और पी-8आई विमान




**नई दिल्ली,16 फरवरी (एजेंसियां)।** भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस शार्दुल और लंबी दूरी की समुद्री निगरानी पी-8आई विमान इस समय अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) में हिस्सा लेने के लिए इंडोनेशिया के बाली पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय नौसैनिक कार्यक्रम की समीक्षा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति करेंगे और इसमें विभिन्न देशों के नौसेना बल भाग लेंगे। इंडोनेशियाई नौसेना का अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 22 फरवरी तक चलेगा।

भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा संगोष्ठी और सामरिक फ़्लोर गेम्स सहित विभिन्न उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेगी। इसके अतिरिक्त चालक दल बहुराष्ट्रीय गतिविधियों जैसे- शहर परेड, मूंगा और मैंग्रोव पौधरोपण, समुद्र तट की सफाई में भी शामिल होगा, जो पर्यावरण संरक्षण और समुद्री सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आईएफआर के बाद आईएनएस शार्दुल और पी-8आई अभ्यास कोमोडो में भाग लेंगे। यह बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है, जिसका उद्देश्य समुद्री अंतर-संचालन और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना है।

भारत और इंडोनेशियाई नौसेना के मजबूत संबंध हैं, क्योंकि पिछले माह जनवरी में इंडोनेशिया में हुए अभ्यास 'ला पेरोस' में आईएनएस मुंबई और पी-8आई विमान ने भागीदारी की थी। इस बार गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो के साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आया था।

इसी हिस्से के रूप में इंडोनेशियाई नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल मुहम्मद अली भी भारत यात्रा पर आये थे। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना की नियमित भागीदारी क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) को बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय नौसेनाओं के साथ जुड़ने की भारतीय प्रतिबद्धता की पुष्टि है।

# चालू वित्त वर्ष में मदर डेयरी को अपना कारोबार 17,000 करोड़ के पार होने की उम्मीद




**नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

अपने खाद्य उत्पादों की बेहतर मांग तथा उत्पादन क्षमता के साथ वितरण नेटवर्क के विस्तार से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दिल्ली-एनसीआर में प्रमुख दुग्ध आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी का कारोबार 15 प्रतिशत बढ़कर 17,000 करोड़ रुपये से अधिक रहने की उम्मीद है। दूध और अन्य डेयरी उत्पादों के अलावा मदर डेयरी धारा ब्रांड के तहत खाद्य तेल और सफल ब्रांड के तहत बागवानी उत्पाद बेचती है। मदर डेयरी की स्थापना 1974 में हुई थी। अब यह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। मदर डेयरी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इसने अपनी स्थापना के 50 साल पूरे किए हैं। हम चालू वित्त वर्ष में 15 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ साल का समापन 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार के साथ करेंगे। वित्त वर्ष 2023-24 में मदर डेयरी ने 15,037 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल किया था। डेयरी कारोबार ने कुल वार्षिक राजस्व में लगभग 75 प्रतिशत का योगदान दिया था। यह मजबूत प्रदर्शन हमारी रणनीतिक पहल का प्रमाण है। दिल्ली-एनसीआर से परे हम राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति बढ़ा रहे हैं, नई पीढ़ी के वितरण चैनल के माध्यम से अपनी पहुंच को मजबूत कर रहे हैं, विनिर्माण क्षमता का विस्तार कर रहे हैं और उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए नए रोमांचक उत्पाद पेश कर रहे हैं। क्षमता विस्तार के लिए मदर डेयरी 500 करोड़ रुपये से अधिक के अनुमानित निवेश के साथ महाराष्ट्र के नागपुर में एक विशाल दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है। इस नई सुविधा के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है और यह मध्य और दक्षिणी क्षेत्र के बाजारों को उत्पादों की आपूर्ति करेगा।

**मदर डेयरी की स्थापना 1974 में हुई थी, कंपनी ने अपनी स्थापना के 50 साल पूरे किए**

## न्यूज़ ब्रीफ

### अरबिंदो फार्मा कंपनी यूरोपीय बाजार में उत्पादों की आपूर्ति शुरू करेगी




**नई दिल्ली।** दवा निर्माता अरबिंदो फार्मा कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने घोषणा की है कि कंपनी अपने चीन के संयंत्र से यूरोप के बाजारों में अप्रैल महीने से उत्पादों की आपूर्ति शुरू करेगी। कंपनी ने नवंबर, 2024 के अंतिम सप्ताह में इस संयंत्र का परिचालन शुरू किया था और अब उत्पादन बढ़ाने की प्रक्रिया में है। सुब्रमण्यन ने बताया कि यूरोप से नियामकीय मंजूरियां मिल चुकी हैं और वहां उत्पादों की आपूर्ति शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कंपनी को अगले 2-3 वर्षों में चीन संयंत्र से अच्छी कमाई की उम्मीद है। वे ने राजस्व अनुमान के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि दो से तीन साल में महत्वपूर्ण राजस्व मिलने की उम्मीद है। इस साल कंपनी ने अपने उत्पादों को महत्वपूर्ण बाजारों में लाने के लिए कई कदम उठाए हैं और अप्रैल से यूरोप में आपूर्ति शुरू करने का नया प्रस्ताव भी इसी दिशा में कदम है। यह अगले कुछ महीनों में कंपनी के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है और इसके साथ ही यूरोप के रोजगार की वृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण समाचार है। अरबिंदो फार्मा ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता के मामले में भी अच्छी प्रतिष्ठा हासिल कर ली है और इसका यूरोप में उत्तराधिकारी हो या न करने का संकेत हो सकता है।

### सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी), निवेश का सही रास्ता




**नई दिल्ली।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) एक ऐसा निवेश माध्यम है जो नियमित रूप से निवेश करने के माध्यम से रिटेल इन्वेस्टर्स को आवश्यक धन वृद्धि का अवसर प्रदान करता है। यह निवेश प्रक्रिया एक डिसिप्लिन तथा विश्वसनीय उपाय है जिसमें साप्ताहिक, मासिक या तिमाही आधारित निवेश करने की स्वतन्त्रता होती है। एक रिपोर्ट दर्शाती है कि 7 साल की एसआईपी एक अधिक रियलिस्टिक और व्यापक रूप से उपयुक्त समय-सीमा है। इस अवधि के दौरान, बाजार के उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशक को ज्यादा रिटर्न की संभावना होती है एवं उनका निवेश भी कम जोखिमपूर्ण होता है। एक और अध्ययन में 2005 से 2025 तक के दौरान निफ्टी स्मॉलकैप 250 का मिनिमम रिटर्न -7.3 फीसदी रहा जबकि निफ्टी मिडकैप 150 ने 27.3 फीसदी रिटर्न प्रदान किया। यह दिखाता है कि स्मॉलकैप में निवेश करने वाले निवेशकों को थोड़ा जोखिम झेलना पड़ता है, जबकि मिडकैप में निवेश करने वालों को ऐसा अनुभव नहीं होता। यानी कि एसआईपी एक बेहतरीन निवेश विकल्प है जो निवेशकों के लिए धन का उत्थान करने में मदद कर सकता है, परंतु उन्हें इसे दीर्घकालिक एवं नियमित रूप से अपनाना होगा।

### हीरो मोटोकॉर्प का अगले वित्त वर्ष में राजस्व में 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य




**नई दिल्ली।** देश की लीडिंग दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपने नए उत्पादों और खंडों में सतत निवेश के माध्यम से अगले वित्त वर्ष में अपने राजस्व में दो अंकीय वृद्धि का लक्ष्य घोषित किया है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी ने इसकी जानकारी दी, जिसके अनुसार दिसंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व 10,260 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी की नजर नए उत्पादों और खंडों पर निवेश करने की ओर है, जिससे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय में वृद्धि होगी। वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की उम्मीद है।

# भारत के एक्सपोर्ट में आई तेजी, 446 अरब डॉलर के निर्यात का अनुमान

**निर्यात 109.3 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद**



**नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**


भारत के व्यापारिक निर्यात में चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 124.8 बिलियन डॉलर की वृद्धि होने का अनुमान है। इस वृद्धि के दृष्टिकोण में इंडिया एक्जिम बैंक के अनुमानों के अनुसार, कुल व्यापारिक निर्यात 446.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। निर्यात में गैर-तेल निर्यात में तीव्र वृद्धि के साथ 109.3 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का व्यापार घाटा दिसंबर में घटकर 21.94 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि नवंबर में इसमें वृद्धि हुई थी। हालांकि, दिसंबर में आयात में गिरावट आई। इसके बावजूद, व्यापार नीति की अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव के चलते चुनौतियाँ बनी रही हैं। सालाना आधार पर दिसंबर के दौरान व्यापार घाटा बढ़ा, लेकिन निर्यात में कुछ मामूली गिरावट आई। यह स्थिति व्यापारिक निर्यात को गुजरने वाले समय में वृद्धि की संभावना को दर्शाती है। नए अनुमान स्थिर सुधार की दिशा में हैं, जो कि मजबूत विनिर्माण गतिविधि और मांग में वृद्धि के साथ समर्थित होने का संकेत देते हैं। व्यापार नीति की अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आर्थिक विखंडन जैसी चुनौतियों के बावजूद, निर्यात में सकारात्मक गति अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जारी रहने की संभावना है. नवीनतम अनुमान स्थिर सुधार का संकेत देते हैं, जो कि मजबूत विनिर्माण गतिविधि, लचीले कृषि निर्यात और वैश्विक मांग में सुधार द्वारा समर्थित हैं। इस बीच, भारत का व्यापार घाटा दिसंबर में घटकर 21.94 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 32.84 बिलियन डॉलर था, क्योंकि मासिक आधार पर निर्यात में वृद्धि हुई, जबकि आयात में गिरावट आई. दिसंबर में व्यापारिक निर्यात बढ़कर 38.01 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि नवंबर में यह 32.11 बिलियन डॉलर था, जबकि आयात घटकर 59.95 बिलियन डॉलर रह गया, जो नवंबर में 64.95 बिलियन डॉलर था। हालांकि, सालाना आधार पर दिसंबर के दौरान व्यापार घाटा बढ़ गया, जबकि दिसंबर 2023 में यह 18.76 बिलियन डॉलर था।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.6 बिलियन डॉलर तक बढ़ा, भारत का कुल स्वर्ण भंडार अब 876 टन है



**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने 7 फरवरी तक 7.6 बिलियन डॉलर बढ़कर 638 डॉलर बिलियन हो गया। यह तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। पिछले साल सितंबर में भारत का उच्च स्तर 704.885 अरब डॉलर था। 2023 में वृद्धि के साथ भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 58 अरब डॉलर की बढ़ोतरी देखने को मिली। स्वर्ण भंडार में भी 1.3 बिलियन डॉलर की वृद्धि के साथ 72.20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ पर्याप्त वृद्धि देखी गई। भारत का कुल स्वर्ण भंडार अब 876 टन है, जो दुनिया के सबसे बड़े सोने के खरीदारों में दूसरे स्थान पर है। आरबीआई ने नीतिगत कदम के रूप में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी कर 6.25 फीसदी करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करके रुपये में अस्थिरता को प्रबंधित कर रहा है, खासकर जब विदेशी निवेशक शेयर बेचकर निकासी करते हैं। ग्लोबल अर्थव्यवस्था के साथ समर्थनात्मक स्थिति के साथ, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार और स्वर्ण भंडार देश के अर्थों में सुधार का संकेत दे रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई ने नवंबर 2024 में अतिरिक्त 8 टन सोना हासिल किया, जिससे महीने के दौरान वैश्विक केंद्रीय बैंक खरीद 53 टन हो गई। भारत का कुल स्वर्ण भंडार अब 876 टन है, जो पोलैंड के बाद 2024 में दूसरे सबसे बड़े खरीदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करता है। एक महत्वपूर्ण नीतिगत कदम में आरबीआई ने नवीनतम मौद्रिक नीति समिति की बैठक के दौरान रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी कर 6.25 फीसदी करने का निर्णय लिया, पांच वर्षों में पहली बार दर में कटौती। केंद्रीय बैंक रुपये में अस्थिरता को प्रबंधित करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करता है, खासकर जब विदेशी निवेशक शेयर बाजार से शेयर बेचकर निकासी करते हैं।

# बजट में मखाना बोर्ड की घोषणा के बाद कीमत 32 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

बजट में मखाना बोर्ड की घोषणा के बाद इसकी मांग तेजी से बढ़ी है, इससे मखाने की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। बीते 10 दिनों में मखाने के दाम करीब 32 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस दौरान मखाने की कीमत 950 प्रति किलो से बढ़कर 1,250 प्रति किलो हो गए हैं। व्यापारियों के मुताबिक देश और विदेश में मखाने की बढ़ती मांग के चलते यह बढ़ोतरी हुई है। गौरतलब है कि भारत के कुल मखाना उत्पादन का 90 प्रतिशत बिहार में होता है और सरकार का लक्ष्य इसके उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा देना है।

बजट के बाद से मखाने की मांग में काफी तेजी आई है। यूके, सिंगापुर, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से भी ऑर्डर आ रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार देश के दक्षिणी राज्यों, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे कम खपत वाले बाजारों में भी मखाने की मांग बढ़ने लगी है। बिहार के एक मखाना पैकर और होलसेलर ने कहा, हमें अभी-अभी सिंगापुर के एक खरीदार से 900 किलो भुने हुए मखाने का ऑर्डर मिला है। मांग में अचानक आई तेजी से मखाने की कीमतें बढ़ी हैं। मोदी सरकार के आम बजट के बाद से मखाने को लेकर काफी चर्चा हो रही है, क्योंकि वित्त मंत्री ने बजट में मखाने पर विशेष ध्यान दिया है। बिहार के मखाना व्यापारियों को उम्मीद है कि जिस तरह 2023 और 2024 में मिलेट्स की धूम रही, ठीक उसी तरह 2025 मखाने का साल होगा। बिहार के दस जिले देश के कुल मखाना उत्पादन का 90 प्रतिशत से अधिक उत्पादन करते हैं। भारत में हर साल करीब 10,000 टन मखाना पैदा होता है। एक अन्य कारोबारी ने बताया कि पिछले एक हफ्ते में कई विदेशी ग्राहकों ने मखाने के बारे में पूछताछ की है। उन्होंने कहा, हमें यूके से एक बड़ा ऑर्डर मिला है। बजट के बाद अंतरराष्ट्रीय समाचार माध्यमों ने भी मखाने पर काफी ध्यान दिया है। इससे विदेशों में रहने वाले भारतीयों के बीच भी मखाने को लेकर चर्चा बढ़ी है। व्यापारियों का कहना है कि मखाने की अगली फसल जुलाई में आएगी, इसके पहले कीमतों में गिरावट की संभावना नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### पीएम मोदी ने...

की आपील भी की। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने स्वागत भाषणा में कहा कि इस बार इस प्रदर्शनी में खरीदारों और प्रदर्शकों की संख्या पिछले साल से अधिक है। प्रदर्शनी में 126 देशों के 6000 खरीदार और 5000 से अधिक प्रदर्शनी लगाने वाली इकाइयां भाग ले रही हैं।

### लालच लेकर...

कार्यकर्ता जब मौके पर पहुंचे तो वहां यीशु की प्रार्थना हो रही थी। उन्होंने कन्वर्जन पर आपत्ति जताई।

सूचना मिलने पर सीओ सदर श्रवणदास संत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां काफी समय से बाहरी लोगों का आना-जाना लगा था। आरोप है कि कुछ लोगों को 20-25 हजार रुपये देने का लालच देकर बुलाया गया था, जबकि कुछ के पास वापस जाने तक के पैसे नहीं थे। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त कर ली है।जो लोग प्रार्थना सभा में आए थे वे अंत्योदय नगर, बंगलानगर, इंद्रा कॉलोनी, मुक्ता प्रसाद कॉलोनी, उदासर के रहने वाले हैं। इनमें से ज्यादातर गरीब परिवार से हैं।

### एक्टिव हुआ...

उन्होंने कहा कि भारत एकजुट नहीं है, यह भावना अंग्रेजों ने लोगों के मन में डाली थी। आरएसएस प्रमुख ने व्यक्ति और राष्ट्र के विकास के लिए समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के महत्व पर भी बल दिया और राष्ट्रीय ध्वज पर 'धम्मचक्र' (धर्म का पहिया) के प्रतीकात्मक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वैयक्तिकता के प्रति सम्मान और दमन से मुक्ति के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। भागवत ने कहा, हम चाहते हैं कि व्यक्ति आगे बढ़े और इसके लिए हमें स्वतंत्रता व समानता की आवश्यकता है। किसी को दबाया नहीं जाना चाहिए। सभी को अवसर मिलना चाहिए और भाईचारे के साथ लोग आगे बढ़ेंगे और समाज में अपनी सफलता का प्रसार करेंगे।

### कौन बनेगा...

हाथ में देनी चाहिए जो दिल्ली में एक बेहतर विकासवादी चेहरा साबित हो सके और जो पार्टी की कमान लंबे समय तक दिल्ली में संभाल सके। ऐसे में किसी बड़े चेहरे के सामने आने की संभावना हो सकती है।

लेकिन भाजपा अपने निर्णयों से लोगों को चौंकाने का काम करती रही है, ऐसे में मुख्यमंत्री के रूप में किसी का नाम कहने-बताने में पार्टी के नेता भी संकोच कर रहे हैं। लेकिन मोटे तौर पर यह अवश्य माना जा रहा है कि भाजपा अपने किसी निचले स्तर के कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर यह संदेश देने की कोशिश अवश्य करेगी कि उसकी पार्टी में कोई निचले स्तर का कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है।

माना यही जाता है कि भाजपा इस वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों को लेकर पूर्वांचली समीकरण, पंजाब को ध्यान में रखते हुए पंजाबी-सिख सरदार का समीकरण, पश्चिमी यूपी-हरियाणा-राजस्थान को देखते हुए जाट जैसे समीकरणों को साधने की कोशिश करेगी। एक बेहतर सामंजस्य के साथ वह इन सभी समीकरणों को साधने की कोशिश कर सकती है। दिल्ली में विधानसभा चुनावों के लिए पांच फरवरी को मतदान हुए थे और आठ फरवरी को चुनाव परिणाम आए थे, जिसमें भाजपा ने रिकॉर्ड 48 सीटों पर जीत हासिल कर अकेले दम पर सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त कर लिया था। परिणाम आने के बाद भी आठ-नौ दिनों तक सरकार न बन पाने को लेकर विपक्षी दलों ने भाजपा की आलोचना भी की थी।

### नई दिल्ली रेलवे ...

प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायलों का शीघ्र स्वस्थ होना चाहिए। अधिकारी उन सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं जो इस भगदड़ से प्रभावित हुए हैं।

कल रात बताया गया था कि शनिवार रात करीब दस बजे प्लेटफॉर्म नंबर 13, 14 एवं 15 पर कुंभ जाने के लिए बड़ी संख्या में आए यात्रियों में किसी वजह से भगदड़ मच गई जिसमें अनेक यात्री घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने घायलों की संख्या 10 बताई थी।

दिल्ली पुलिस के अनुसार जब हर घंटे रेलवे द्वारा 1500 सामान्य टिकट बेचे गए थे। यही कारण है कि भीड़ बेकाबू हो गई। प्लेटफार्म नंबर 14 के अलावा प्लेटफॉर्म नंबर 16 के पास एस्केलेटर के पास भी भगदड़ होने की सूचना मिली थी लेकिन उसकी पुष्टि नहीं हो पाई।

सूत्रों के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

रात में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक के साथ स्टेशन पर घटनास्थल का दौरा किया। बाद में रेलवे की ओर से बताया गया कि अचानक यात्रियों की संख्या बढ़ने को देखते हुए रेलवे ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए चार विशेष गाड़ी चलाने की घोषणा की गई है। इससे भीड़ में कमी आई है और स्थिति नियंत्रण में आ गई है।

### भगदड़ में मरने...

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि शनिवार रात मची भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। स्थिति अब सामान्य है। श्री उपाध्याय ने कहा, घटना के समय पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 14 पर खड़ी थी और जम्मू जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 15 पर खड़ी थी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब फुट ओवरब्रिज से प्लेटफॉर्म की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर कुछ यात्री फिसल गए और उनके पीछे चल रहे यात्री भगदड़ में फंस गए। प्रयागराज में महाकुंभ के लिए विशेष ट्रेनों में सवार होने के लिए स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के कारण यह स्थिति पैदा हुई।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द स्वस्थ हों। अधिकारी इस भगदड़ से प्रभावित सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं।

### 'हाथ-पैर ...

के दो से तीन घंटे के भीतर ही उसे पकड़ लिया गया। उसकी परेशानी 17 जनवरी को शुरू हुई, जब एक एजेंट ने उसे अमेरिका भेजने के लिए 45 लाख रुपये लिए। इसके बदले उसे एक हफ्ते के लिए मलेशिया ले जाया गया, फिर 10 दिनों के लिए मुंबई, फिर एम्स्टर्डम, पनामा, तापचूला और मैक्सिको सिटी। वहां से वे 3-4 दिनों की यात्रा करके अमेरिका पहुंचे।

आखिरकार सीमा पार करने के बाद भी उनकी परेशानी खत्म नहीं हुई। पुलिस उन्हें पुलिस स्टेशन ले गई और फिर उन्हें एक शिविर में भेज दिया, जहां वे 15-18 दिन तक रहे। उन्होंने बताया, किसी ने हमारा बयान नहीं लिया, किसी ने हमारी अपील नहीं सुनी। हमारे हाथ-पैर बांध दिए गए, हमारे फोन जब्त कर लिए गए और जब हम विमान में सवार हुए, तभी हमें बताया गया कि हमें निर्वासित किया जा रहा है।एक अन्य निर्वासित गुरबचन सिंह के पिता जतिंदर पाल सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे को अमेरिका भेजने के लिए 50 लाख रुपये का भुगतान किया, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उसे डंकी रूट से ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पास अपने बेटे को विदेश भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, क्योंकि उन्हें भारत में नौकरी नहीं मिल पा रही थी।

### एलन मस्क...

इसके तहत लगातार विदेशी सहायता निधि में कटौती की जा रही है। सरकारी लागतों में होने वाले खर्च में कमी की जा सके।

इसी के तहत मोजाम्बिक में पुरुषों के खतना के लिए 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर, मॉल्दोवा की राजनीतिक प्रक्रिया के लिए 22 मिलियन डॉलर, बांग्लादेश 20 मिलियन डॉलर, नेपाल के लिए जैव विविधता संरक्षण के लिए 39 मिलियन डॉलर, लाइबेरिया के लिए 1.5 मिलियन डॉलर, माली का 14 , दक्षिण अफ्रीका के लिए 2.5 मिलियन डॉलर और एशिया में लर्निंग के लिए लगने वाले 47 मिलियन डॉलर की राशियों को रद्द कर दिया है।

गौरतलब है कि देश के चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप की बातें कई बार उठाई जा चुकी हैं। सरकार ने भी कई बार विदेशी हस्तक्षेप को लेकर बात की थी। ऐसे में 21 मिलियन डॉलर की राशि का खुलासा चौंकाने वाला है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

म्हारो भाग्यनगर
शुभ लाभ
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 17 फरवरी, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

सांवरिया भक्त मंडल भाग्यनगर के तत्वावधान में

# श्री श्याम बाबा का 15वां फाल्गुनी वार्षिकोत्सव आयोजित














**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सांवरिया भक्त मंडल भाग्यनगर के तत्वावधान में श्री श्याम बाबा का 15वां फाल्गुन वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। अवसर पर कलाकारों ने कर्णप्रिय भजनों से सारा वातावरण श्री श्याम रंग में रंग दिया।

शमशाबाद स्थित बालाजी कन्वेंशन में सांवरिया भक्त मंडल द्वारा प्रतिवर्षानुसार आयोजित श्री श्याम बाबा के फाल्गुनी वार्षिक महोत्सव के तहत बाबा का भव्य अलौकिक दरबार पुष्पों से सजा कर श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा के भव्य श्रृंगारिक दर्शन, छप्पन भोग के दर्शन का लाभ लिया। भजन गायक राजू मुरारी दाहिमा, जयपुर की रजतनी राजस्थानी, हैदराबाद के प्रतीक दाहमा और रायपुर के श्री निखिल-श्री श्याम ने बाबा के चरणों में भजनों की झड़ियां लगाते हुए सारे वातावरण को भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। बाबा के भक्त भजनों की गंगा में गोते लगाते दिखे। देर रात तक भजनों का भक्तों ने सपरिवार आनंद लिया। मंडल ने भक्तों व सहयोगियों का आभार प्रकट किया। बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे मुख्य अतिथि का सम्मान मंडल के सदस्यों ने उत्साह के साथ किया। अवसर पर सांवरिया भक्त मंडल के कार्यकारी सदस्य व अन्य ने सहयोग प्रदान किया।





राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत रविवार को सुश्री कियारा गुप्ता (सुपुत्री दिव्या-कपिल गुप्ता) के जन्मदिन पर श्री नरेंद्र-श्रीमती निरुपा गुप्ता परिवार द्वारा नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।





श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन,(निर्वाण अखाड़ा) गौशाला में पुरानापुल महन्त योगी प्रशांत दास के नेतृत्व में महाकुंभ से सफल अमृत स्नान कर वापिस लौटे गायत्री परिवार ने पांच कुंडीय हवन आयोजित किया। इस अवसर पर उपस्थित विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, सरोज, सुगन्ध, शांति दीदी, राधिका, संगीता, सीमा, मीना, चंचल, नीतू, दुर्गा, रेखा, ज्योति, दीपा, कोमल, लीला, मोना, सोनी, मनफूल वर्मा, अनीता, सोनी संतोष, रीना, निशा, पूजा सोनी, दीपी राजपूत, उत्तम एवं सुगंध उपस्थित थे। अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।




लायन्स इंटरनेशनल द्वारा रीजन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लॉयन्स क्लब एथिना ने समुदाय के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए 8 पुरस्तार प्राप्त किये। इस अवसर पर सपना गुप्ता, अल्का जिनेनी, पायल मनीषा, कामेक्षी दीपा, उमा व अन्य उपस्थित थे।

राजस्थानी जागृति समिति के तत्वावधान में

# सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को, विशेष बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी जागृति समिति के तत्वावधान में आगामी 30 अप्रैल (अक्षय तृतीय के अवसर पर) को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के सन्दर्भ में एक विशेष बैठक का आयोजन रविवार, दि. 16 फरवरी को बाहेती भवन, सिद्दिम्बर बाजार, हैदराबाद मैं अयोजित की गई। बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पधारे समिति के सदस्य और मारवाड़ी समाज बंधुओं के सुझाव लिये गये। समिति ने निर्णय लिया कि 29 अप्रैल, 2025 को सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले बाहर गांव के मारवाड़ी समाज के बंधुओं के लिये बाहेती भवन, सिद्दिम्बर बाजार, हैदराबाद में व्यवस्था की जाएगी। विवाह के सभी कार्यक्रम मारवाड़ी समाज की रीति रिवाज से दि. 30 अप्रैल को विवाह स्थल अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट आत्म गौरव भवन उप्पल एचएमडीए हैदराबाद में किया जाएगा।

उक्त बैठक नारायणलाल बाहेती की अध्यक्षता में की गई। सर्वप्रथम समिति अध्यक्ष श्री सोमानी ने उनका शॉल और माला द्वारस सम्मान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री नारायणलाल बाहेती ने कहा कि आजकल के इस महँगाई के दौर में मध्यम वर्ग परिवार अपने बच्चों की जिद पर दिखावा, आडम्बर, फिजूल खर्ची कर्ज से पैसा लेकर कर्जदार बन जाते हैं। बच्चों की जिद्द पूरी कर अभिभावक वर्षों तक कर्ज अदा करते रहते हैं, जिससे चिंता, बिमारियां आदि समस्याएं जीवन में पैदा होती हैं। इन समसयाओं से बचने का समाधान एक ही है वह है सामूहिक विवाह। जिससे सबसे बड़ा लाभ समाज की एकजुटता उजागर होती है। बच्चों को बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। रिश्तेदारी बढ़ती है। आडंबर से, फिजूल खर्ची से, अकेलेपन से, कुंठा आदि से मुक्ति मिलती है। अपने लड़के और लड़कियों को प्रेस से समझाना और समाज की खातिर उन्हें मनाना होगा और सामाजिक सेवा के प्रति जागृत करना होगा। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने अपने-अपने लाभदायक विचार रखे और सुझाव दिया। जिससे राजस्थानी जागृति समिति के सदस्यों को एक नई ऊर्जा मिली।

बैठक में समिति अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी, श्रीमती शोभा डागा उपाध्यक्ष, श्रीमती अलका साँकला, श्रीमती आशा देवी सोमानी, रमेश मोदानी, संगठन मंत्री बालाप्रशाद लड्डा, राधेश्याम दायमा, जय प्रकाश चितलंगी, मदाराम देवासी, बालाप्रसाद मोदानी आदि उपस्थित थे। नंदकिशोर दरक के धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन हुई।

# संजीवैया पार्क सिकंदराबाद में योगा शिविर का आयोजन



**हैदराबादा, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संजीवैया पार्क सिकंदरबाद में योगा शिविर सम्पन्न हुआ। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में रमेश पी. तातेड सिरोही ने बताया कि सिकंदराबाद श्री मंडार संघ के सभी सदस्य व मंडार संघ के अध्यक्ष हेमा - सुधीर कोठारी, सुनीता - दिलीप कोठारी, कल्पना - जीतू दोशी, सोनल - मनोज भौंडतरीया, मीना - मनीष, अशोक दोशी, हरीश मुथा, वैशाली-अनुराग भौंडतरीया, संगीता - मुकेश, मेघना - राजेश व अन्य सदस्य शिविर में भाग लिया। व्यायाम एवं योगा की विशेषता पर चंदन चंपालाल व राजेश संघवी ने सभी को महत्व-पूर्ण जानकारी दी। संजीव्या पार्क में मंडार संघ द्वारा शिविरों का आयोजन करता आ रहा है जिसमें पार्क के कर्मचारियों का भी सहयोग रहता है।



# तेरापंथ युवक परिषद हैदराबाद द्वारा 10के वॉक का आयोजन

**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साध्वी श्री डॉ. गवेषणा जी आदि ठाना-4 के सान्निध्य में रविवार को एक आध्यात्मिक पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा महात्मा गांधी मंदिर, नालगोंडा से सुबह 6:45 बजे शुरू हुई और जेडपीएचएस स्कूल, गुंडरामपल्ली में संपन्न हुई। इस पदयात्रा में 30 से अधिक किशोरों और युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हैदराबाद से लगभग 85 किलोमीटर दूर आकर इस आध्यात्मिक पदयात्रा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।




कार्यक्रम में सिकंदराबाद सभा, टीपीएफ, महिला मंडल, युवक परिषद, किशोर मंडल सदस्यों की भी सहभागिता रही। पदयात्रा के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में तेयुप अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा ने समागत सभी व्यक्तियों का स्वागत किया और एक-एक सदस्य का परिचय साध्वीश्री जी से करवाया।

साध्वी डॉ. गवेषणा जी ने इस अवसर पर युवाओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन दिया और उन्हें जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पदयात्राएं युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती हैं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी उन्हें मजबूत बनाती हैं।

कार्यक्रम में सभी संस्थाओं पदाधिकारी उपस्थित रहे। तेयुप परामर्शक, पूर्व अध्यक्ष, वर्तमान पदाधिकारी, सेवा प्रकोष्ठ व सेवा टीम के साथ अनेक कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सहवर्तिनी साध्वीवृन्द ने गीतिका की प्रस्तुति की और आध्यात्मिक प्रेरणा दी।

अंत में मंत्री अनिल दुगड़ ने सभी सिकंदराबाद सभा के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया और साध्वीश्री जी के प्रति कृतज्ञता अर्पित की। फिट युवा हिट युवा आयाम के अन्तर्गत प्रोजेक्ट षेर्लीी में इस 10ज्ञ डींपवरू रश्रज्ञ का आयोजन तेयुप हैदराबाद द्वारा किया गया था। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और इस तरह के और भी कार्यक्रमों के आयोजन की घोषणा की।

# तेलंगाना विधान परिषद चुनावों में भाजपा को जीत का भरोसा: किशन रेड्डी

**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि 27 फरवरी को होने वाले राज्य के आगामी विधान परिषद चुनावों में भाजपा की जीत होगी।



श्री रेड्डी ने हनुमाकोंडा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस की अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए आलोचना की और वादा किया कि भाजपा शिक्षकों, स्नातकों और कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। उन्होंने बीआरएस सरकार पर वर्ष 2018 में बयारम इस्पात संयंत्र स्थापित करने का वादा करके लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीआरएस को पहले से पता था कि लौह अयस्क की उपलब्धता की कमी के कारण यह परियोजना अव्यवहारिक है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के प्रति जनता का असंतोष उसके शासन के एक साल के भीतर ही बढ़ रहा है, ठीक वैसे ही जैसे पिछले एक दशक में बीआरएस के प्रति था। कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी वादों को प्रभावी ढंग से लागू करने में विफलता के कारण किसान, मजदूर, युवा और कर्मचारी कथित रूप से निराश हैं। विधान परिषद में भाजपा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रेड्डी ने बीआरएस और कांग्रेस दोनों पर बड़े पैमाने पर दलबदल करके सदस्यों को शामिल करके परिषद के महत्व को कम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि परिषद मूल रूप से शिक्षकों और कर्मचारियों की चिंताओं को उठाने के लिए बनाई गई थी, लेकिन मौजूदा सरकार के तहत इसका उद्देश्य कमजोर हो गया है। भाजपा ने वारंगल-खम्मम-नलगोंडा से सर्वोत्तम रेड्डी, मेडक-निजामाबाद-आदिलाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कोमुरैया और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से अंजी रेड्डी को मैदान में उतारा है। रेड्डी ने विश्वास जताया कि वे शिक्षकों, स्नातकों और जनता के समर्थन से जीतेंगे। कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि 100 दिनों के भीतर अपनी छह गारंटियों को लागू करने का दावा करने के बावजूद, वास्तविक लाभार्थी-किसान, बेरोजगार युवा और छात्र-उपेक्षित हैं।

उन्होंने वादों को पूरा करने में विफल रहने और इसके बजाय जनता का ध्यान भटकाने के लिए हर हफ्ते नए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की आलोचना की। रेड्डी ने बीआरएस और कांग्रेस पर तेलंगाना को आर्थिक रूप से पंगु बनाने और अधिशेष बजट वाले राज्य को कर्ज में डूबे राज्य में बदलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार विकास के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के बजाय जमीन की बिक्री और कर्ज को प्राथमिकता दे रही है। जवाबदेही और शासन के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कभी भी घोटाले और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना के लोग पारदर्शी और जिम्मेदार नेतृत्व चाहते हैं।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना मैरेज डेटा कमिटी की 60वीं बैठक सम्पन्न




**हैदरबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी की 60वीं बैठक समाज के कार्यालय में आयोजित की गई।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कमेटी के चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल समाज में अग्रबंधुओं द्वारा जमा करवाए गए उनके बालक एवं बालिकाओं के बायोडेटा में से अभी तक पिछले 19 महीने में 170 रिश्ते नक्की हुए हैं। समाज कार्यालय राघव रत्ना टॉवर में हर रविवार को प्रातः 11 बजे से 1-30 बजे तक कमिटी की बैठक निरंतर हो रही है इसके अतिरिक्त भी चेयरमेन एवं कमेटी के अन्य सदस्यों के निवास एवं कार्यालय पर प्रतिदिन अग्रबन्धु इस सेवा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बैठक में मैरेज डेटा कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल, कन्वीनर रमेश कुमार तुलस्यान, वाईस चेयरमेन गोविंद अग्रवाल, सुनील कुमार मित्तल, अशोक कुमार दादरीवाला एवं अन्य बालक बालिकाओं के अभिभावक गण उपस्थित थे।



**महावीर अस्पताल के ट्रस्टी बनने पर श्री जैन सेवा संघ के अध्यक्ष योगेश सिंघवी तथा आल इंडिया श्वे. स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली आंध्रप्रदेश तेलंगाना शाखा के महामंत्री बनने पर जैन श्रमणोपासक संघ रामके के अध्यक्ष किशोर मुथा का अभिनंदन करते हुए जैन माईनोरिटी काउन्सिल तेलंगाना के मंत्री रिद्धीश जागीरदार। साथ में हैं जैन सेवा संघ के मंत्री अशोक मुथा, नरेश पारेश, सुनिता मुथा, कोमल जैन।**



**श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष मे 11 द्विसीय पदयात्रा के तहत रविवार को तीसरे दिन भक्तों ने बहादुरपुर से श्याम मंदिर काचीगुड़ा तक पद यात्रा निकाली।**

# श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर में दो दिवसीय महोत्सव कल से

**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** काचीगुडा स्थित श्री अचलगच्छ जैन संघ संचालित श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर की 24वीं वर्षगांठ एवं 25वां ध्वजारोहण का आयोजन आगामी मंगलवार दि. 18-19 फरवरी को किया जा रहा है।



आज यहाँ जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में श्री अचलगच्छ जैन संघ हैदराबाद सिटी के संघ के चेयरमेन रमणीक नागडा एवं मेनेजींग ट्रस्टी पोपटलाल छेडा ने कहा कि शासनरत्न, राष्ट्रसंत, अचलगच्छाधिपति प.पू. आ.भ. श्री गुणसागरसूरीश्वरजी म.सा एवं गच्छाधिपति तपस्वीरत्न प.पू. आ.भ. गुणोदयसागर सूरीश्वजी म.सा. की दिव्य आशिष से तथा वर्तमान गच्छाधिपति साहित्य दिवाकर सौम्य स्वभावी दक्षिण दीपक प.पू. आ.भ. श्री कलाप्रभसागर-सूरीश्वरजी म.सा के शुभाशिर्वादो से श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर जिनालय की 24वीं वर्षगांठ एवं 25वा ध्वजारोहण सहीत दो दिवसीय महोत्सव कार्याम मंगलवार दिनांक 18 फरवरी से 19 फरवरी 2025 तक आयोजित किया गया है। आज दो दिवसीय कार्यक्रम संबंधी पत्रीका का विमोचन संघ के चेरमेन रमणीक नागडा, ट्रस्टी अनीष छेडा, प्रचार संयोजक रिद्धीश जागीरदार, सुरेश गाला द्वारा किया गया।

ट्रस्टी अनीष छेडा ने आगे कहा कि मंगलवार दि. 18 फरवरी को प्रातः 9 बजे से परम शुद्धी श्री 18 अभिषेक कार्याम आयोजित किया गया। वहीं बुधवार दि. 19 फरवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से श्री सत्तरभेदी पूजा, 10.15 बजे से ध्वजारोहण विधी प्रारंभ की जायेगी। पूजा के मध्य पक्षाल पूजा, केसर पूजा, पुष्प पूजा, अखंड दीपक आदि के वार्षिक चढावे लिये जायेंगे। इस पावन अवसर पर विधिविधान के लिये मुंबई से विधिकार श्री राजाभाई नंदु अपनी संगीत मंडली के साथे पधारेंगे। ध्वजारोहण अंतर्गत मुख्यध्वजा श्री शांतिनाथ प्रभु ध्वजा लाभार्थी शेठ मणीकांत मेघजी मोमाया परिवार, श्री श्रेयांसनाथ प्रभु ध्वजा लाभार्थी शेठश्री लीलाधर जीवराज नागडा परिवार, श्री नमिनाथ प्रभु ध्वजा लाभार्थी शेठश्री लक्ष्मीचंद मेघजी नागडा परिवार, श्री वासुपूज्य स्वामी ध्वजा लाभार्थी शेठश्री दामजी जीवराज नागडा परिवार, पूराने मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान ध्वजा के लाभार्थी शेठश्री मणीकांत मेघजी मोमाया परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

# अग्रवाल समाज शिवरामपल्ली शाखा की महाकुंभ यात्रा 22 से

**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज शिवरामपल्ली शाखा द्वारा महाकुंभ यात्रा 22 से 27 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस संदर्भ में रविवार दि. 16 फरवरी को शिवरामपल्ली स्थित बालाजी प्रणव ढाबा में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाराज श्री अग्रसेन जी महाराज की पूजा की गई तत्पश्चात बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया। शाखा के अध्यक्ष ने उपस्थित सभी सदस्यों को स्वागत किया।



मंच का संचालन दिनेश केडिया ने किया और यात्रा का विवरण सभी सदस्यों को दी। उन्होंने बताया कि आगामी शनिवर दि. 22 फरवरी को सुबह 5.00 बजे शिवरामपल्ली स्थित बालाजी प्रणव ढाबा के पास से बस रवाना होंगी। निर्मल जिले में दोपहर का लॉन्च और नागपुर जिले में डिनर की व्यवस्था रहेगी। दि. 23 फरवरी को सुबह प्रयागराज पहुंच के वहां संगम में अमृत स्नान कर शाम को अयोध्या के लिए रवाना होकर 24 फरवरी को अयोध्या में दर्शन कर शाम को काशी विश्वनाथ के लिए रवाना होंगे। 25 फरवरी को भोलेबाबा के दर्शन के बाद बस चित्रकूट के लिए रवाना होगी और रास्ते में विंध्यवासिनी शक्ति पीठ माता के दर्शन कर 26 फरवरी सुबह चित्रकूट पहुंचेंगे। चित्रकूट में रामघाट पर स्नान कर भगवान भोलेनाथ की महा शिवरात्रि मनाई जाएगी और सभी के लिए फलाहार की व्यवस्था रहेगी। दोपहर में चित्रकूट से निकल कर रस्ते में मैयर माता शक्ति पीठ के दर्शन कर 27 फरवरी शाम को हैदराबाद पहुंचेंगे। अग्रवाल समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष राकेश कुमार जालान ने सभी से अनुरोध किया है कि इस यात्रा में भाग ले रहे सभी एक परिवार की तरह है और सभी सदस्य आयोजन समिति का हर समय साथ देंगे। सभा में उपस्थित ललित अग्रवाल, अनिल गोयल, सुनील केडिया, उमेश गोयल, मनीष अग्रवाल आदि ने अपने अपने विचार रखे।

शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि 22फरवरी से 27फरवरी 2025 तक के इस यात्रा में 102 अग्रबंधु महाकुंभ स्नान के लिए 3 वातानुकूलिन वोल्वो स्लीपर बस से लेजाया जाएगा, जिसमें महाकुंभ स्नान, श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या, काशी विश्वनाथजी के विशेष दर्शन, चित्रकूट के दर्शन कराए जाएंगे।

इस यात्रा के लिए 3बसों के संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल, ललित अग्रवाल, दिनेश केडिया, पवन डोकानिया, सुनील केडिया, उमेश गोयल, मनीष अग्रवाल, पंकज गुप्ता, संयोजक बनाया गया। शाखा के पदाधिकारियों एवं आयोजन मंडल ने चलने वाले सभी सदस्यों से निवेदन किया है कि वे 22 फरवरी को प्रातः 5बजे बस के पास पहुंच जाए ताकि समय का सदुपयोग कर सके। सभा में शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, ललित अग्रवाल, अनिल गोयल, राकेश कुमार जालान, रितेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पंकज गुप्ता, दिनेश केडिया, सुनील केडिया, पवन केडिया, उमेश गोयल, पवन डोकानिया आदि उपस्थित है। इस सभा में सदस्य, महिलाओं एवं बच्चे मिलाकर 60सदस्य उपस्थित थे। ललित अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद किया और अल्पाहार के साथ सभा संपन्न हुई।

## महिला ने दो बच्चों के साथ आत्महत्या की

**जगतियाल, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पति द्वारा उत्पीड़न बर्दाश्त न कर पाने के कारण 30 वर्षीय महिला ने अपने दो बच्चों के साथ पेगडापल्ली मंडल के मद्दुलापल्ली में आत्महत्या कर ली। एसआई रवि कुमार के अनुसार, कंबाला हरिका ने 13 फरवरी को अपने बच्चों कृषांक (10) और मयंक लक्ष्मी (8) के साथ आत्महत्या का प्रयास किया। उसने बच्चों को कीटनाशक देने के बाद खुद भी कीटनाशक पी लिया। परिवार के सदस्यों ने उन्हें हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां अगले दिन इलाज के दौरान हरिका की मौत हो गई। इलाज का खर्च वहन न कर पाने के कारण बच्चों को रविवार को करीमनगर ले जाया गया। जहां लड़के की करीमनगर जाते समय मौत हो गई, वहीं लड़की ने एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

हरिका के भाई कुमार ने आरोप लगाया कि उसकी बहन ने अपने पति द्वारा उत्पीड़न बर्दाश्त न कर पाने के कारण बच्चों के साथ यह कदम उठाया। वह चाहते हैं कि पुलिस उसके जीजा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

### चौंकाने वाली ज़मीन हड़पने का खुलासा

# तेलंगाना में 20,000 एकड़ तालाबों पर अतिक्रमण!

**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में 7,000 जल निकायों में लगभग 20,000 एकड़ तालाब भूमि पर अवैध अतिक्रमण एक बड़े घोटाले के रूप में सामने आया है। पिछले छह वर्षों में, व्यक्तियों और समूहों ने धोखाधड़ी से पट्टे (भूमि स्वामित्व अधिकार) प्राप्त किए हैं और रायतु बंधु योजना के तहत करोड़ों रुपये हड़प लिए हैं। सिंचाई, राजस्व और कृषि विभागों के संयुक्त निरीक्षण में अतिक्रमण, अवैध भूमि पंजीकरण और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के कई मामले सामने आए हैं। फील्ड-स्तरीय निरीक्षणों से पता चला कि अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से पट्टे हासिल करके विभिन्न तालाबों के फुल टैंक लेवल (एफटीएल) और बफर जोन पर कब्जा कर लिया है। सिंचाई विभाग के सूत्रों के अनुसार, संयुक्त भूमि सर्वेक्षण पूरा होने के बाद भूमि हड़पने की सीमा बहुत अधिक हो सकती है।

उदाहरण के लिए, वारंगल जिले में 3,000 एकड़ से अधिक अतिक्रमित भूमि एफटीएल सीमा के भीतर पाई गई। नतीजतन, अधिकारियों ने इन जमीनों के लिए रायतु भरोसा भुगतान रोक दिया। जांच से यह भी पता चलता है कि कुछ सरकारी अधिकारियों ने अवैध भूमि आवंटन को सुविधाजनक बनाने के लिए अतिक्रमणकारियों के साथ मिलीभगत की। हालांकि, एक महत्वपूर्ण मुद्दा अब भी बना हुआ है: कई मामलों में, राजस्व और सिंचाई विभागों के पास जल निकायों के उचित रिकॉर्ड का अभाव है, जिससे अतिक्रमित भूमि की पहचान करना और उसे पुनः प्राप्त करना कठिन हो जाता है। तेलंगाना में अतिक्रमण के मामले- चिंताला तालाब का मूल क्षेत्रफल 62 एकड़ है। एफ.टी.एल. और बफर जोन की 32 एकड़ भूमि पर अवैध



रूप से कब्जा किया गया और रायथु बंधु के तहत छह वर्षों तक उस पर दावा किया गया। हाल ही में क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान सिंचाई अधिकारियों ने धोखाधड़ी का पता लगाया और पट्टे रद्द करने के लिए राजस्व विभाग को पत्र लिखा। तालाब के भीतर अन्य 20 एकड़ भूमि पर निजी व्यक्तियों और रियल एस्टेट एजेंटों द्वारा अतिक्रमण किया गया है, जहां भूमि की कीमत 2 करोड़ रुपये प्रति एकड़ आंकी गई है। कोनारावपेटा मंडल के जयसेवल कम्मारिपेटा टांडा में स्थित रंगिनेनी तालाब का नाम सिंचाई विभाग के आधिकारिक अभिलेखों में दर्ज नहीं था। अतिक्रमणकारियों ने तालाब को मिट्टी से भरकर उसे कृषि भूमि में बदल दिया। ऐसी 65 एकड़ अतिक्रमित भूमि की पहचान कर ली गई है और उसे रयतु भरोसा पात्रता से हटा दिया गया है। अलमासपुर रंगम टैंक का कुल क्षेत्रफल 80 एकड़ है। अधिकारियों ने पाया कि एफटीएल की 31 एकड़ भूमि को अवैध रूप से पट्टे दिए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि हाल के वर्षों में ग्राम राजस्व अधिकारियों (वीआरओ) और ग्राम राजस्व सहायकों (वीआरए) की अनुपस्थिति ने अवैध भूमि कब्जे को बढ़ा दिया है। तेलंगाना में लगभग 30% तालाबों के लिए उचित दस्तावेज उपलब्ध न होने से स्थिति और खराब हो गई है। सटीक रिकॉर्ड के बिना सीमा निर्धारण लगभग असंभव है। अधिकारियों ने अब अपनी कार्रवाई के पहले चरण में अतिक्रमित भूमि के लिए रयथु भरोसा भुगतान रोक दिया है। हालांकि, विशेषज्ञों का तर्क है कि तेलंगाना के जल निकायों की रक्षा के लिए सरकार को स्थायी उपाय करने चाहिए, जैसे: सभी फर्जी पट्टों को रद्द करना, अतिक्रमण हटाना, जल निकायों के लिए कानूनी सीमाएँ निर्धारित करना, सख्त बाड़बंदी और निगरानी लागू करना है।तेलंगाना सरकार ने पहले ही सभी अतिक्रमित तालाबों की पहचान करने, उनकी सीमाओं का सीमांकन करने और उन्हें बाड़ लगाने की योजना की घोषणा की थी। हालांकि, राजस्व और पुलिस विभागों से सहयोग की कमी ने प्रगति में बाधा उत्पन्न की है। सिंचाई विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि जल संरक्षण तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब पुराने भूमि अभिलेखों को पुनः प्राप्त किया जाए और सीमाओं का उचित मानचित्रण किया जाए। अधिक निरीक्षणों और संयुक्त सर्वेक्षणों की योजना के साथ, तेलंगाना अब जल निकायों के अतिक्रमण के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। क्या सरकार इन अतिक्रमित भूमियों को पुनः प्राप्त करने और जल निकायों की रक्षा करने में सफल होगी? यह तो समय ही बताएगा।

**CHANGE OF NAME**

**I, No. JC 735910Y Nb/Sub DURGESWAR DAS of Admbn, Aoc Centre, Secunderabad, TS that my Mother Name is changed from SAVITRI to SABITRI DAS.**



# आखिरी गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियस को 2 विकेट से हराया

**वडोदरा, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

**वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियस को आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हरा दिया है। इस मैच में मुंबई ने पहले खेलते हुए 164 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली ने आखिरी गेंद पर दो रन भागते हुए जीत सुनिश्चित की।**

वड़ोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन का स्कोर खड़ा किया।

मुंबई के लिए नैट साइवर ब्रंट ने नाबाद 80 रन की पारी खेली और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 42 रनों का योगदान दिया। जबकि मुंबई के आठ बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। दिल्ली के लिए एना सदरलैंड ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए और शिखा पांडे ने भी दो विकेट लिए। जबकि मिन्नु मनी और एलिस कैप्सी को एक-एक सफलता मिली।

165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत काफी अच्छी रही। कप्तान मेग लैनिंग और शफाली वर्मा ने पावरप्ले में ही टीम का स्कोर 60 के पार पहुंचा दिया।

लैनिंग 15 रन बनाकर आउट हो गईं। जबकि शफाली ने 18 गेंद में 43 रन की पारी खेली। मिडिल ओवरों में दिल्ली जब जीत से दूर होती दिख रही थी तब निकी प्रसाद ने 35 रन की धीमी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेल टीम को जीत के करीब ले जाने का काम किया।

आखिरी ओवर में दिल्ली को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी और तीन विकेट हाथ में था। हालांकि 20वें ओवर की पहली गेंद पर चौखा मारकर निकी प्रसाद ने टीम पर से दबाव कम किया।

फिर अगली गेंद पर दो रन लिया। इसके बाद तीसरी और चौथी गेंद पर क्रमश: एक-एक रन मिला। इस तरह जीत के लिए दो गेंद पर दो रन जरूरत थी। तभी पांचवी गेंद पर निकी आउट हो गई।

तब एक बार फिर गेम में मुंबई को आस बधी। लेकिन अरुंधती रेड्डी ने आखिरी गेंद पर दो रन दौड़ कर दिल्ली की जीत सुनिश्चित कर दी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत पर हावी रही है पाकिस्तान टीम



**मुम्बई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में सभी को भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को होने वाले अहम मुकाबले का इंतजार है। दोनो ही टीमों को इसमें जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अभी दोनो ही टीमें अच्छे फॉर्म में हैं। ऐसे में इनके बीच कड़े मुकाबले की उम्मीद हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम हमेशा ही आईसीसी टूर्नामेंटों में हावी रही है और वह केवल एक बार ही हारी है पर चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान की टीम को अधिक सफलता मिली है। उसने भारतीय टीम को 3 बार हराया है. ऐसे में टीम इंडिया को उसके खिलाफ मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक 5 मुकाबले हुए हैं। इनमें से भारतीय टीम दो ही जीत पायी है। वहीं पाकिस्तान ने ने तीन मैच जीते हैं। इसके अलावा उसने पिछली बार फखर जमां के शतक से 2017 में खेले गये इस टूर्नामेंट में खिताब भी जीता था। दोनों ही टीमों में उस समय के आधे खिलाड़ी अब भी हैं। ऐसे में भारतीय टीम इस बार उस हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार 1998 में आयोजित हुई पर भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 2004 में हुआ। इंग्लैंड में खेली गई चौथी चैंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमें पहली बार टकरायीं। तब पाकिस्तान ने यह मुकाबला 3 विकेट से जीता। इसके बाद 2009 में भी पाक ने भारतीय टीम को 54 रन से हराया। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को पाकिस्तान पर पहली जीत साल 2013 में मिली। तब भारतीय टीम ने बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले को 8 विकेट से जीता। उस मै खेले रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा अब भी भारतीय टीम में शामिल हैं। साल 2017 में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाक के बीच दो बार मुकाबला हुआ। तब भारतीय टीम ने ग्रुप मैच में पाकिस्तान को 124 रन से हराया पर फाइनल में पाक टीम को जीत मिली। पाकिस्तान ने फाइनल में भारतीय टीम को 180 रनों से हराया था।

### राजस्थान के दीपक को एलएलसी लीग के लिए कानपुर चीफ टीम ने 42.50 लाख रुपये में खरीदा

**जोधपुर।** राजस्थान के दीपक गौड़ को लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में शामिल किया गया है। दीपक को उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली इस लीग के लिए कानपुर चीफ टीम ने 42.50 लाख रुपये में खरीदा है। दीपक के चयन से उनके क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।



भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुरेश रैना कानपुर चीफ टीम के मेंटर होंगे जिनके अनुभवों का लाभी टीम को मिलेगा। दीपक जोधपुर की कॉल्विन शील्ड टीम से खेलते हैं और अंडर-19 जोधपुर टीम के कप्तान भी रहे हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली और रणजी ट्रॉफी के कैंप में भी शामिल रहे हैं। आईपीएल में वह राजस्थान रॉयल्स के नेट गेंदबाज रहे हैं। अब देखना है कि दीपक इस लीग में कैसा प्रदर्शन करते हैं। दीपक गौड़ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता देवीलाल गौड़ को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया. उनके चयन पर शास्त्री सोहनलाल गौड़, गौड़ ब्राह्मण समाज महाराष्ट्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशन गौड़, डॉ. अशोक गौड़, एडवोकेट गोविंद गौड़, डॉ. नमन गौड़, सरपंच महिपाल भडियार, अनिल गौड़, सुनील गौड़ और वाईकिंग एकेडमी के कोच विक्रम सिंह राजावत ने शुभकामनाएं दीं।

### मुंबई इंडियंस ने चोटिल गजनफर की जगह मुजीब को टीम में किया शामिल




**मुम्बई।** पांच बार की चैंपियन मुम्बई इंडियंस ने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान को टीम में शामिल करने की घोषणा है। मुजीब को हमवतन अल्लाह गजनफर के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में जगह दी गई है। गजनफर चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। आईपीएल मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने गजनफर

# एफआईएच प्रो लीग : भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 3-2 से हराया

**भुवनेश्वर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

**भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां के कलिंगा स्टेडियम में हुए एफआईएच प्रो लीग के अपने पहले ही मुकाबले में इंग्लैंड टीम को 3-2 से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से वैष्णवी फाल्के और दीपिका ने पहला और दूसरा गोल किया जबकि नवनीत कौर ने तीसरा गोल किया। इस मैच में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही दबाव बनाया। छठे मिनट में वैष्णवी ने पेनाल्टी कार्नर पर पहला गोल कर भारतीय टीम को बढ़त दिलायी जबकि दीपिका ने 25 वें मिनट में दूसरा गोल किया। वहीं नवनीत कौर ने मैच समाप्ति होने के एक मिनट पहले गोल कर टीम को जीत दिला दी।**



दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर से डार्सी बूर्ने ने 12वें मिनट में बराबरी का गोल किया जबकि फियोन क्रेकल्स ने 58वें मिनट में एक गोल कर मैच बराबरी पर ला दिया। ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने अंतिम सत्र में तेजी से हमले किये। तीसरे क्वार्टर में मिडफील्ड में ही खेल होता रहा पर अंतिम 15 मिनट में इंग्लैंड ने अच्छा खेल दिखाया। इंग्लैंड की फियोना ने मैच समाप्त होने के दो मिनट बाकी रहते गोल करके स्कोर 2-2 से बराबरी पर ला दिया। मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था कि नवनीत ने तीसरा गोल कर भारतीय टीम को जीत दिला दी।

## नीदरलैंड महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 मैचों के लिए भुवनेश्वर पहुंची

**भुवनेश्वर।** चैंपियन नीदरलैंड महिला हॉकी टीम भारत में अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मैचों से पहले रविवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। वर्तमान में चार मैचों में नौ अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर चल रही नीदरलैंड टीम अपने पहले मैच में 21 फरवरी को प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। भारत आने पर नीदरलैंड की कप्तान पिएन सैंडर्स ने कहा कि हम यहां आकर रोमांचित हैं, क्योंकि यहां का माहौल हमेशा शानदार रहता है और हम आगे के मैचों के लिए वास्तव में उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य खिताब की रक्षा करना है और भारत में होने वाले चार मैचों के लिए सभी 12 अंक सुरक्षित करना है। आगे की ओर देखते हुए, मेरा मानना है कि भारतीय टीम हमारी सबसे कठिन चुनौती होगी, खासकर जब घरेलू दर्शक उनका पूरा समर्थन करेंगे।



# पूर्व क्रिकेटर बोला, ऑलराउंडर अशरफ के चयन से नाराज हैं कप्तान




**लाहौर, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने कहा है कि टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान के मना करने के बाद भी जिस प्रकार चयनसमिति ने ऑलराउंडर फहीम अशरफ को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शामिल किया है।

उससे रिजवान नाराज हैं, बासित ने कहा कि इस प्रकार चयनसमिति और कप्तान के बीच मतभेद होने का नुकसान टीम को हो सकता है। इस बात के सामने आने के बाद से ही पाक क्रिकेट में व्याप्त मतभेद सामने आ गये हैं। बासित ने कहा कि एक कप्तान तब गेंदबाज को नहीं बदलता जब वह अपने स्पेल में कम रन दे रहा हो। उन्होंने कहा कि फहीम के चयन से रिजवान नाराज हैं।

इसी कारण दो ओवर में केवल नौ रन देने के बाद रिजवान ने उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज के फाइनल में बदल दिया था। इस मैच में पाक टीम ने अपने तेज गेंदबाजों शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के साथ गेंदबाजी शुरु की। वहीं अशरफ को पहले बदलाव के रूप में लाया गया जहां उन्होंने दो ओवर में ही नौ रन दिए।

इसके बाद भी उन्हें गेंदबाजी नहीं दी गयी। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस मैच से पहले अशरफ ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में खेला था। इस क्रिकेटर ने इससे पहले सितंबर 2024 में एशिया कप में ही भारत के खिलाफ था। फिर भी अशरफ को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाक टीम में शामिल किया गया। इस चयन पर तमाम पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाये हैं।

वहीं पूर्व कप्तान और दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने चयनकर्ताओं की आलोचना करते हुए कहा कि टीम में काफी ऑलराउंडर रखे ये हैं जबकि टीम को अधिक स्पिनरों की जरूरत थी। भारतीय टीम ने 4 स्पिनर रखे हैं पर पाक ने केवल एक स्पिनर ही शामिल किया है।

## अस्ट्रिया में अल्पाइन स्कीइंग



अस्ट्रिया में अल्पाइन स्कीइंग मुकाबले में जीत के बाद खुशी मनाती हुई स्विटजरलैंड की कैमिल सहिल अन्य दूसरे और तीसरे स्थान पर रही खिलाड़ी।

# खेलो इंडिया महिला फुटबॉल लीग में मेथोडिस्ट ने 7-0 से जीता मैच

**मुरादाबाद, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

अस्मिता खेलो इंडिया व भारतीय खेल प्राधिकरण के समन्वय से यूपी फुटबाल संघ द्वारा आयोजित महिला फुटबाल लीग में रविवार को दो मुकाबले हुए। पहले मैच में मेथोडिस्ट की टीम ने सर सैय्यद एकेडमी के खिलाफ 7-0 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच जिला फुटबाल एसोसिएशन व दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल की टीम के बीच ड्रॉ रहा।



पंडित नगला स्थित दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल के मैदान पर आयोजित अंडर-15 आयु वर्ग की लीग में पहले मैच के पहले हॉफ में मैथोडिस्ट सर सैय्यद एकेडमी पर हावी दिखी। ऐश्वर्या ने एक के बाद एक लगातार 4 गोल किए और स्कोर 4-0 हो गया। दूसरे हॉफ में ऐश्वर्या ने 2 और गोल दागे।

सर सैय्यद की खिलाड़ी मेथोडिस्ट की रक्षा पंक्ति को भेदने में लगातार असफल होते रहे। अंतिम मिनट में मेथोडिस्ट विशी ने एक गोल दागकर स्कोर 7-0 कर दिया। बड़ी जीत के बाद मेथोडिस्ट के खिलाड़ियों ने मैदान पर जश्न मनाया।

दूसरे मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। जेडएफए की मध्य पंक्ति को फलक व फॉरवर्ड पोजिशन पर खेल रहीं वर्षा ने अच्छे मूव बनाए।

इसके बावजूद गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। दूसरी ओर डीपीजीएस की खिलाड़ी भी जेडएफए की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद पाई। इस तरह यह मैच 0-0 से ड्रॉ रहा। मुकाबलों के दौरान निर्णायक की भूमिका में नासिर कमाल, माधुरी देवी, निशिता, रेनू काम्बुज, राजकुमारी व मोहम्मद फरमान रहे।

# गंभीर के बाद अश्विन ने भी सुपरस्टार संस्कृति की आलोचना की, पैर जमीन पर ही बनें रहें

**चेन्नई, 16 फरवरी (एजेंसियां)।**

मुख्य कोच गौतम गंभीर के बाद अब हाल में खेल से संन्यास लेने वाले अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने भी टीम में स्टार संस्कृति शुरु होने की आलोचना की है। अश्विन ने कहा है कि हम क्रिकेटर हैं, कोई एक्टर या सुपरस्टार नहीं है। हसलिए भारतीय टीम में सुपरस्टार संस्कृति के लिए कोई जगह नहीं है। इसके साथ ही क्रिकेटरों को चीजों को सामान्य रखना होगा जिससे उनके पैर जमीन पर ही बने रहें। अश्विन ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों के शतक को सामान्य शतक की तरह लेना चाहिये क्योंकि वे अपने कैरियर में पहले ही बहुत कुछ हासिल कर चुके हैं।


अश्विन ने कहा कि भारतीय क्रिकेट में चीजों को सामान्य रखने की जरूरत है। हमें इस सुपरस्टार संस्कृति और सुपर सेलिब्रिटी कल्चर से बचना होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में चीजों को



और हमें ऐसे रहना होगा कि आम आदमी हमारे करीब आकर हमसे बात के साथ ही तुलना भी कर सके। गौरतलब है कि हाल ही में भारतीय टीम के संस्कृति की आलोचना की थी। अश्विन ने कहा कि अगर आप रोहित ओर विराट ने कैरियर में काफी कूछ हासिल कर लिया है। इसलिए अब

## श्रेयंका डब्ल्यूपीएल से बाहर हुई

**मुम्बई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की श्रेयंका पाटिल फिट नहीं होने के कारण महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के तीसरे सत्र से बाहर हो गयी हैं। आरसीबी के अनुसार श्रेयंका अपनी चोट से नहीं उबर पायी हैं। इसी कारण उनकी जगह पर ऑलराउंडर स्नेह राणा को शामिल किया गया है। फ्रेंचाइजी ने उनके बाहर होने की घोषणा करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी अपनी पिंडली की चोट से परेशान हैं जिसका वह अभी इलाज करायेंगी। श्रेयंका ने आरसीबी की ओर से पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 8 मैचों में 13 विकेट लिए थे। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करारा झटका है। लीग में श्रेयंका के अलावा आशा शोभना और सोफी मोलिनक्स की चोटिल होकर बाहर हो गयी हैं। श्रेयंका की जगह पर शामिल राणा ने गुजरात जायंट्स के लिए डब्ल्यूपीएल के दो सत्रों के 12 मैचों में भाग लिया है।



# रेवंत रेड्डी ने गोपालकृष्ण की पुस्तक 'लाइफ ऑफ ए कर्मा योगी' का विमोचन किया




**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार शाम बेगमपेट में आईएएस ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में आयोजित एक कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एम गोपालकृष्ण द्वारा लिखित पुस्तक 'लाइफ ऑफ ए कर्मा योगी' का विमोचन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि गोपालकृष्ण के छह दशकों के अनुभव को एक ही स्थान पर संकलित करना सौभाग्य की बात है।

उन्होंने अनुभव के महत्व पर जोर देते हुए कहा, आप कुछ भी खरीद सकते हैं, लेकिन अनुभव नहीं खरीद सकते। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह पुस्तक सिविल सेवकों के लिए एक मूल्यवान मार्गदर्शिका के रूप में काम करेगी।

रेड्डी ने पिछले कुछ वर्षों में देश में तेजी से हुए बदलावों के गोपालकृष्ण के प्रत्यक्ष अनुभव पर प्रकाश डाला और तीन उल्लेखनीय हस्तियों- शंकरन, टी एन शेषन और मनमोहन सिंह के योगदान के बारे में बात की।

उन्होंने शंकरन को अपने काम के प्रति समर्पित अधिकारी, शेषन को पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में अहम व्यक्ति और मनमोहन सिंह को देश को आर्थिक विकास की ओर ले जाने वाले नेता के रूप में वर्णित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सिविल सेवकों को अपने अनुभवों से बहुत कुछ सीखना है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि कैसे अतीत में अधिकारी और राजनेता निर्णय लेने से पहले मुद्दों का गहन विश्लेषण करते थे, एक ऐसी प्रथा जो समय के साथ कम हो गई है। उन्होंने सरकारी अधिकारियों से लोगों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का आग्रह किया, क्योंकि समुदायों में उनकी मजबूत उपस्थिति के कारण आईएएस अधिकारियों को एक समय राजनेताओं से भी अधिक याद किया जाता था। हालांकि, उन्होंने अफसोस जताया कि आज कई कलेक्टर अपने कार्यालयों तक ही सीमित रह गए हैं। अधिकारियों की मानसिकता और नीतियों में बदलाव का आह्वान करते हुए रेड्डी ने समर्पित और प्रतिबद्ध अधिकारियों को मान्यता देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सिविल सेवकों से गरीबों की मदद करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया और कहा कि जो लोग निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते हैं, उन्हें पीढ़ियों तक याद किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव शांति कुमारी, वित्त सचिव रामकृष्ण राव और अन्य वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शामिल हुए।

केंद्रीय मंत्री बंडी संजय के बिगड़े बोल

# राजीव गांधी के धर्म पर टिप्पणी कर विवाद खड़ा किया

**करीमनगर, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के धर्म पर टिप्पणी कर विवाद खड़ा कर दिया।स्वदेशी जागरण मंच द्वारा रविवार को करीमनगर के अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित स्वदेशी मेले के समापन समारोह में बोलते हुए बंडी संजय ने राहुल गांधी की वंशावली पर कांग्रेस नेताओं के बयानों की आलोचना की और सवाल किया कि राजीव गांधी को हिंदू कैसे माना जा सकता है।



उन्होंने दावा किया कि राजीव गांधी के पिता फिरोज जहांगीर खान एक पारसी थे, जिनकी पैतृक जड़ें फारस में थीं और इसलिए, राजीव गांधी हिंदू नहीं बल्कि मुस्लिम वंश के पारसी थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांधी परिवार की कोई निश्चित जाति, धर्म या राष्ट्रीय पहचान नहीं है।

मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर पिछड़ी जाति जनगणना की आड़ में हिंदुओं को गलत तरीके से निशाना बनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग (बीसी) श्रेणी में शामिल करके एक विशेष समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए आरक्षण प्रणाली में हेरफेर कर रही है। उनके अनुसार, पिछड़े वर्गों के लिए प्रस्तावित 42 प्रतिशत आरक्षण में से 10 प्रतिशत मुसलमानों को मिलेगा, जिससे अन्य पिछड़े वर्गों के लिए हिस्सा प्रभावी रूप से घटकर 32 प्रतिशत रह जाएगा। उन्होंने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय बताया। बंडी संजय ने महाराष्ट्र की तरह तेलंगाना में भी धर्मांतरण और लव जिहाद के खिलाफ कानून लागू करने की वकालत की। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि यदि तेलंगाना सरकार मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी में शामिल करती है और सूची को मंजूरी के लिए केंद्र को भेजती है, तो केंद्र सरकार इसे स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने हिंदू समुदाय के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सांप्रदायिकता के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि मुसलमानों को छोड़कर संशोधित पिछड़ा वर्ग सूची प्रस्तुत की जाती है, तो केंद्र इसकी मंजूरी सुनिश्चित करेगा।

# मेदक में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत, कई घायल



**संगारेड्डी, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रविवार सुबह मेदक जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। संगारेड्डी जिले के सदाशिवपेट से मोमिनपेट रोड पर तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रहे ऑटो को टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। ऑटो में सवार दो लोगों में से एक नागराजू की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया।

एक अन्य घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कुकुनुरुपल्ली थाना क्षेत्र के कोमुरवेली कमान में कार चला रहे चंदे सुरेश (37) ने राजीव राहधारी पर खड़ी डीसीएम को टक्कर मार दी। घायलों में से कम से कम दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सिद्दीपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# केटीआर ने तेलंगाना गुरुकुलों की उपेक्षा के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की



**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने तेलंगाना में गुरुकुल स्कूलों की बिगड़ती स्थिति के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की है। उन्होंने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर बीआरएस शासन के दौरान स्थापित संस्थानों की जानबूझकर उपेक्षा करने का आरोप लगाया, जिसके कारण छात्रों के नामांकन में भारी गिरावट आई और स्थिति और खराब हो गई। एक बयान में, रामा राव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में, गुरुकुलों का विकास हुआ था, जिसमें एससी, एसटी, बीसी और अल्पसंख्यक गुरुकुलों में 41,000 सीटों के लिए 1.68 लाख आवेदक प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हालांकि, कांग्रेस के शासन के सिर्फ एक साल में, 51,000 सीटों के लिए आवेदन घटकर 80,000 रह गए हैं। उन्होंने कहा, 80,000 से अधिक अभिभावकों का सिस्टम से भरोसा उठ गया है। एक साल पहले, प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा थी।

आज, माता-पिता अपने बच्चों को गुरुकुल भेजने से डरते हैं, क्योंकि भूख, सांप के काटने, आत्महत्या और फूड पॉइजनिंग से 50 से अधिक छात्रों की मौत हो गई है। गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने संकट के लिए कांग्रेस सरकार की विफलता को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि मृतक छात्रों के परिवारों की भी अनदेखी की गई। उन्होंने कहा, जबकि मंत्री और कांग्रेस विधायक छात्रों के परिवारों को सांत्वना देने से बचते रहे, वहीं बीआरएस नेताओं ने उनसे मिलने की कोशिश की, उन्हें रोक दिया गया। गुरुकुल के माध्यम से डॉक्टर और इंजीनियर बनने वाले छात्रों को अब उचित भोजन और मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। रामा राव ने रेवंत रेड्डी पर भी आरोप लगाया कि वे चंद्रशेखर राव की विरासत को मिटाने के लिए गुरुकुल प्रणाली को व्यवस्थित रूप से खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस खोखले वादों के साथ सत्ता में आई थी। इसकी लापरवाही तेलंगाना की भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है। उन्होंने संस्थानों को बहाल करने के लिए तत्काल सुधार की मांग की। उन्होंने कसम खाई कि बीआरएस तब तक लड़ता रहेगा जब तक कि गुरुकुल प्रणाली अपने पूर्व गौरव को पुनर्जीवित नहीं कर देती।

## बेंगलुरु में टेक एंड इनोवेशन समिट 2025 को संबोधित करेंगे केटीआर

पूर्व आईटी और उद्योग मंत्री तथा बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव को 27 और 28 फरवरी को बेंगलुरु में आयोजित होने वाले टेक एंड इनो-वेशन समिट (टीआईएस) 2025 के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। वह एंटरप्रेन्योर इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित शिखर सम्मेलन में ड्राइविंग डिजिटल इंडिया: इनोवेशन एंड स्ट्रैटेजीज फॉर ए टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड फ्यूचर पर मुख्य भाषण भी देंगे।

द एआई टेकेड थीम वाले टीआईएस 2025 का उद्देश्य उद्योग जगत के शीर्ष नेताओं, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है, ताकि व्यापार और प्रौद्योगिकी पर एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव पर चर्चा की जा सके।

इस कार्यक्रम में 150 से अधिक वक्ता भाग लेंगे, जिसमें एआई, डिजिटल परिवर्तन, ऑटोटेक, स्पेसटेक और हेल्थटेक के साथ-साथ प्रतिष्ठित गाला आईडिया अवार्ड्स पर प्रमुख सत्र होंगे।

# 850 करोड़ की पोंजी योजना में दो गिरफ्तार

**हैदराबाद, 16 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

साइबराबाद पुलिस ने रविवार, 16 फरवरी को बताया कि फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म से जुड़ी 850 करोड़ रुपये की पोंजी योजना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस योजना के तहत देशभर में 6,000 से अधिक जमाकर्ताओं को ठगा गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने लोगों को उच्च रिटर्न का वादा करके अल्पकालिक जमा करने के लिए राजी करके धोखा दिया। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी अमरदीप कुमार (प्रबंध निदेशक, फाल्कन कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड), आर्यन सिंह (मुख्य परिचालन अधिकारी) और योगेंद्र सिंह (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के साथ, जो अभी भी फरार हैं, ने चालान छूट की आड़ में अल्पकालिक जमा पर उच्च रिटर्न का वादा करके जमाकर्ताओं को लुभाया। अब तक 19 गिरफ्तार एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक इस मामले में 19 लोगों को आरोपी बनाया गया है और उनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य फरार हैं।

जांच के दौरान, साइबराबाद की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 15 फरवरी को कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड के उपाध्यक्ष और फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म के बिजनेस हेड पवन कुमार के साथ-साथ कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड और फाल्कन कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक काव्या एन को गिरफ्तार किया। साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आरोपियों ने एक मोबाइल एप्लिकेशन और वेबसाइट लॉन्च की, जिसमें फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म को एक वैध पीयर-टू-पीयर इनवॉइस डिस्काउंटिंग सेवा के रूप में गलत तरीके से पेश किया गया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने जमाकर्ताओं को प्रतिष्ठित कंपनियों से जोड़ने का दावा किया, जबकि वास्तव में, उन्होंने प्रामाणिकता का भ्रम पैदा करने के लिए विक्रेता प्रोफाइल और फर्जी सौदे गढ़े। पुलिस ने कहा कि कुल 1,700 करोड़ रुपये जमा किए गए, जिनमें से 850 करोड़ रुपये निवेशकों को वापस कर दिए गए, जबकि शेष (बकाया धोखाधड़ी राशि 850 करोड़ रुपये) 6,979 जमाकर्ताओं को भुगतान की जानी थी। आरोपियों ने 11-22 प्रतिशत प्रति वर्ष रिटर्न का वादा किया था और जमा सीमा 25,000 रुपये से 9 लाख रुपये के बीच थी। परिपक्वता अवधि 45 से 180 दिन थी।

पुलिस उपायुक्त (ईओडब्ल्यू) के प्रसाद ने कहा, आरोपी कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड और इसकी संबद्ध संस्थाओं के तहत फाल्कन इनवॉइस डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से 850 करोड़ रुपये की बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल थे। 2021 से सक्रिय, आरोपियों ने लगातार नए जमाकर्ताओं की भर्ती की ताकि वे पहले के निवेशकों को रिटर्न दे सकें, जिससे एक पोंजी योजना बन गई। एकत्र किए गए धन को विभिन्न शेल कंपनियों में डायवर्ट किया गया। 15 जनवरी, 2025 तक, योजना ध्वस्त हो गई, वादा किए गए रिटर्न को रोक दिया गया और हैदराबाद में कार्यालय बंद कर दिया गया, जिससे जमाकर्ताओं ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बीएनएस और तेलंगाना राज्य वित्तीय प्रतिष्ठान जमाकर्ताओं के संरक्षण अधिनियम, 1999 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आगे कहा कि जमाकर्ताओं के धन का दुरुपयोग कई कंपनियों को खरीदने और स्थापित करने के लिए किया गया, जिसमें क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म, आईटी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, मल्टी-लेवल मार्केटिंग स्कीम, लग्जरी हॉस्पिटैलिटी, प्राइवेट चार्टर सेवाएं और रियल एस्टेट निवेश शामिल हैं।


18वीं पुण्यतिथि



स्व.श्री राधेश्यामजी अग्रवाल
(सुपुत्र : स्व. श्री मनोहरलालजी)
स्वर्गवास : 17 फरवरी 2007
हृदय की गहराईयों से आपको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं हम।
आपकी सरलता, सद्व्यवहार को कभी न भुला पायेंगे हम।।
: सन्निविष्टकर्ता :
मनोहरलाल राधेश्याम बाँसवाले
चेलापुरा, हैदराबाद. फोन : 9866940000
SHRI KRISHNA PLASTIC, Begum Bazar, Hyd.
SHRI KRISHNA AIRTECH (VINAY FAN), Kukatpally, Hyd.
KRISHNA ENTERPRISES, Hyderabad

प्रथम पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती जमुना देवी चोकड़ा
(धर्मपत्नी : गोकुलदास चोकड़ा)
देहावसान : शनिवार दि. 17-2-2024
मीठी मधुर स्मृतियाँ आपकी, कभी नहीं मिट पाएँगी...
आपका व्यवहार आपकी बातें, हमें सदैव याद आएँगी...
-: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :-
गोकुलदास (पति), राजगोपाल (देवर), लक्ष्मीकांत, उज्जवल, श्यामसुन्दर, नवनीत, रामकिशोर, आलोक, आशीष, जयकुमार, संदीप, विक्रांत (पुत्र), शुभ, निकुंज, साहिल (पौत्र), अनमोल मोदाणी (दोयता) एवं समस्त चोकड़ा परिवार
फर्म : राधाकिशन गोकुलदास चोकड़ा
14-11-1026, नई बस्ती, जिंसी चौराही, हैदराबाद
फोन : 9000997796, 9550767676

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रूप



स्व. श्री जनार्दन कौशिक
की पावन स्मृति में (फाल्गुन पंचमी दि. 17 फरवरी 2025) को 17वीं पुण्यतिथि पर
Firm Pavan Guru Foundation
Hyderabad
वितरण स्थल : मेट्रो पिल्लर नं. A-1285, पब्लिक गार्डन रोड
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
MAHESH AGARWAL 98490 98502

चतुर्थ पुण्यतिथि



स्व. श्री जगजीवन सिंह जी हजारी
(सुपुत्र स्व. श्री लखन सिंह जी हजारी)
स्वर्गवास: 17-2-2021
यादों में केवल आप हो,
नयनों में पावन स्वरूप...
श्रद्धा-सुमन समर्पित मन से,
शब्द नहीं अनुरूप...
चतुर्थ पुण्यतिथि पर
श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए...
अशोक सिंह, रंजीत सिंह (भाई),
एवं समस्त दुर्गा हजारी परिवार
फोन : 9391069998, 9849790478

दसवीं पुण्यतिथि



स्व. श्री जसवंत सिंह हजारी
(सुपुत्र : स्व. श्री लखन सिंह जी हजारी)
स्वर्गवास: 17-2-2015
आपने सबको दिया दुलार,
आपकी स्मृतियाँ है अब आधार।
आपके कर्म प्रेरणा हैं हमारी,
आपका व्यवहार हमारा सूत्रधार।
दसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए....
अशोक सिंह, रंजीत सिंह (भाई) तुलजाराम, उदय सिंह (पुत्र)
एवं समस्त दुर्गा हजारी परिवार
गाण्डी हनुमान, ऊपर धूलपेट, हैदराबाद
फोन: 7013340695


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.